विजयेश्वर पञ्चाङ्ग

कृष्णं वन्दे जगत्गुरुम्

वन्दे मातरम्

शारदा
गुरुमुखी
कन्नड़
ओड़िया
प्रणवे च दृढ़ा मतिः
सिन्धी
गुजराती
असमिया
स वै "हिन्दू"
मराठी
बांगला
तमिल
मलयालम्
तेलुगु


भगवती भवतु प्रसन्ना



विजयेश्वर पञ्चाङ्ग (रजि०)

885

पञ्चाङ्ग प्रवर्तक
ज्यो० आप्ताब शर्मा

संस्थापक
प्रेम नाथ शास्त्री

ई० सम्वत्
2001-2002

वि० पंचांग सम्वत्
317

सप्तर्षि सम्वत्
5077

काश्मीरी पण्डितों का
विस्थापन सम्वत्
11

विक्रमी सम्वत्
2058

विजयेश्वर पचांग कार्यालय के कार्यकर्ता :
ओंकार नाथ शास्त्री
भूषण लाल ज्योतिषी (एम.ए.)
अवतार कृष्ण ज्योतिषी
विमर्श ज्योतिषी, सुमन ज्योतिषी

Price 30.00

विषय सूची

दो शब्द	3	नारायण स्तुति	65	आरती	103	जातक मिलाप	167
जरा सुनिये	4	गुरु स्तुति	67	भवसर कुस तरि	104	आमदनी खर्च	180
शिव रात्रि	5	विष्णु प्रार्थना	68	पर्व और त्यौहार	106	वारह मासों का परिचय	184
ब्राह्मी विद्या	6	शिव चामर	69	मल मास	112	श्राद्ध कव	188
नित्य नियम विधि	7	गायत्री चालीसा	70	अनमोल वचन	113	ग्रहण विवर्ण	189
गौरी स्तुति	9	गणेश स्तुति	73	गृहस्थियों के नियम	114	निषेध समय	190
शिव स्तुति	14	शिवाय नमः	75	प्रश्नोत्तरी	115	गण्डान्त	190
शिव संकल्प	18	दुर्गा स्तोत्र	77	मांस खाना पाप	119	ग्रह संचार	191
कृष्णं वन्दे	21	शिवाष्टकं	79	तपर्ण	120	जयन्तियां यज्ञ	193
अष्टादश श्लोकी गीता	25	अच्युताष्टकं	83	गोत्र	121	मूल नक्षत्र चक्र	195
सप्तश्लोकी गीता	31	शिव स्तोत्र	84	काश्मीर के तीर्थ	121	आश्लेषा चक्र	196
सप्तश्लोकी दुर्गा	34	रुद्राष्टकं	86	सिद्ध महापुरुष	124	भविष्यवाणी	197
वन्दे महापुरुष	38	दुर्गा स्तुति	88	जगद्धर भट्ट	126	पञ्चांग	203
स्तोत्र	47	सरस्वती वन्दना	89	लल्ल वाक्य	129	मुहूर्त	229
देवी प्रार्थना	55	भज गोविन्दं	90	स्वामी परमानन्द	134	राशि के अनुसार मुहूर्त	261
शंकर प्रार्थना	58	गणेश स्तुति	94	गायत्री मंत्र का महत्व	137	राशिफल	271
लिंगाष्टक	61	आरती	95	धर्मशास्त्र	143	साढसती, ढय्या	304
शिवोहं	63	तेरे पूजन को	96	श्राद्ध संकल्प विधि	151	सारणी	307
विष्णु स्तुति	64	आरती गणेश	97	जन्म दिन पूजा	153	हमारे प्रकाशन	319
		शिव आरती	98	प्रेप्युन	160	हमारी पुस्तकें मिलेगी	320
		आरती लक्ष्मी जी	100	इन्द्राक्षी	165		
		आरती गंगा जी	102				

दो शब्द नये वर्ष का विजयेश्वर पंचांग आप के हाथों में हैं यह इस पंचांग का 317 वां वर्ष है अर्थात् यह 317 वर्षों से काश्मीरी पण्डितों की सेवा करता आ रहा है तथा काश्मीरी पण्डितों ने भी इस को यथायोग्य स्थान दिया यहां तक कि यह काश्मीरी पण्डित समाज का पथ प्रदर्शक बन गया, इस पंचांग ने भी इन 317 वर्षों में बहुत सा उत्थल पुत्थल वातावरण देखा परन्तु काश्मीरी पण्डितों के सहयोग के कारण ही यह आज अपनी चरम सीमा पर पहुंचा है विशेष तौर से स्व० पं० प्रेमनाथ शास्त्री के देहावसान के पश्चात् जिस प्रकार का सहयोग काश्मीरी पण्डितों ने दिया हम उन के आभारी है और आशा करते हैं कि आगे भविष्य में भी वह अपना सहयोग देते रहेंगे। ***"आप का सहयोग - हमारी सेवा"***

शास्त्री जी के कुछ अधूरे कार्यों को अमली रूप देने में हम पूरा प्रयत्न कर रहे हैं पिछले वर्ष हमने **महिम्नापार का हिन्दी रूपान्तरण** (2) **विजयेश्वर नित्य नियम विधि** अर्थात् रोज़ाना नियम पूर्वक पाठ करने की पुस्तक (3) **बहुरूप गर्भ** (मोटे टाईप में) हिन्दी - उर्दू में (4) **श्री शारदासहस्त्र नामावल्ली** (5) **दसवां दिन (दहिम-दोह)** प्रकाशित किया।

'विजयेश्वर पञ्चांग' जो 317 वर्षों से काश्मीरी पण्डित समाज की सेवा करता आया है में जो भी मुहूर्त, पर्व, त्यौहार इत्यादि लिखे गये हैं हर प्रकार से शास्त्रसम्मत, शुद्ध तथा सही हैं।

- ओमकार नाथ शास्त्री

— जरा सुनिये —

1. यदि आप को विजयेश्वर पंचांग के विषय में कुछ पूछना हो
2. यदि आप को ज्योतिष, धर्म शास्त्र, कर्मकाण्ड अथवा किसी प्रकार की कोई समस्या हो
3. यदि आप सम्पादक से मिलना चाहते हो
4. यदि आप शुद्ध तथा सही जन्मपत्री बनवाना चाहते हो

स्वरदूत-555607 पर सम्पर्क करें। (हम आपकी सेवा के लिये हर समय उपलब्ध हैं)

विजयेश्वर पंचांग कार्यालय (रजि०)

अजीत कॉलोनी (एक्स.)
गोल गुजराल, जम्मू

शिव रात्रि अथवा जन्माष्टमी

हर वर्ष एक ही होगी

काश्मीरी पण्डित जो सारस्वत ब्राह्मण हैं तथा जिन को 24 संस्कार किये जाते है एक ही त्यौहार को अलग-अलग मनाते है इस से बढ कर कोई पाप नहीं है परन्तु पाप उन अनाडियों को लगता है जिन को ज्योतिष, धर्मशास्त्र के साथ दूर का वास्ता भी नहीं है वह इन महान पर्वों पर समाचारपत्रों में लेख दे कर जनता को भ्रम में डालते हैं कई महानुभाव कुलरीति का तर्क देते हैं परन्तु कुलरीति तथा धर्म शास्त्र का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है, कई महानुभाव यह तर्क भी देते हैं कि छुट्टी जिस दिन होगी उसी दिन जन्माष्टमी या शिव रात्रि होगी जो कि बिल्कुल गलत है यदि किसी भी महानुभाव को इस विषय में किसी प्रकार का संशय हो तो वह हम से सम्पर्क करके अपने संशय को दूर कर सकता है यदि हम से सम्पर्क करने की हिम्मत नहीं है तो ज्योतिषयों की सभी बुलाकर वह अपने संशय को दूर कर सकता है उस के लिये भी हम हर समय उपलब्ध है।

शास्त्रों में दर्ज है "कि धर्म शास्त्र के विरुद्ध काम करने वाला तथा समाज को दो टुकडों में बांटने वाला अवश्य पाप का भागी होता हैं।"

प्रवन्धक

ब्राह्मी-विद्या

ॐ ॐ ॐ त्रिगुणपुरुष क्षेत्रचर, मोहं भिन्धि, रजस्तमसी भिन्धि, प्राकृत-पाशजालं-सावरणं परिहर, सत्वं ग्रहाण-पुरुषोत्तमोसि, सोम-सूर्यानल, प्रवर, परमधामन् ब्रह्म विष्णुमहेश्वरस्वरूप, सृष्टिस्थिति-संहारकारक, भ्रू-मध्य-निलय, तेजोसि-धामासि-अमृतात्मन् ॐ तत्सत् हँसः, शुचिषत्, वसुरन्त-रिक्षसत् होता वेदिषत्, अतिथि-दुरोणसत्, नृषत्-वरसत्-ऋतसत्- व्योमसत्, अब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं, परंब्रह्म-स्वरूप, सर्वगत सर्वशक्ते, सर्वेश्वर, सर्वेन्द्रिय-ग्रन्थि भेदं कुरु, परमं-पदं परामर्शय परमार्ग ब्रह्म-द्वारं सर, कुमार्ग-जहि-षट्-कोशिकं शरीरं-त्यज, शुद्धोसि बुद्धोसि विमलोसि क्षमस्व स्वपदम्-आस्वादय स्वाहा।

नित्य प्रार्थना विधिः

पूर्व दिशा की ओर मुख करके धूपदीप जला कर शुद्ध आसन पर पद्मासन से बैठकर आदिदेव-भगवान् गणेश का ध्यान करते हुये पढें:-

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतु-र्भुजम्, प्रसन्न वदनं ध्याये, सर्वविघ्नो-पशान्तये।
अभिप्रीतार्थ-सिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरैर्-अपि, सर्वविघ्नच्छिदे तस्मै, गणा-धिपतये नमः।
बिभ्रत्-दक्षिण-हस्तपद्म-युगले, दन्ताक्षसूत्रे शुभे,
वामे मोदक-पूर्णपात्र, परशु नागो-पवीती त्रिदृक्।
श्रीमान्-सिंहयुगासनः श्रुतियुगे, शंखौ वहन् मौलिमान्,
दिश्यात्-ईश्वरपुत्र-ईश भगवान्, लम्बोदरः-शर्म-नः।।
सिन्दूर-कुंकुम-हुताशन-विद्रुमार्क, रक्ताब्ज-दाडिम-निभाय-चतु-र्भुजाय।
हेरम्ब-भैरव गणेश्वर-नायकाय, सर्वार्थसिद्धि-फलदाय गणेश्वराय।।
मुख्यं द्वादश-नामानि गणेशस्य महात्मनः। यः पठेत्-तु शिवोक्तानि स लभेत्-सिद्धिम्-उत्तमाम्। प्रथमं वक्रतुण्डं तु, चैकदन्तं द्वितीयकम्, तृतीयं कृष्णपिंगं

तु, चतुर्थं च कपर्दिनम्, लम्बोदरं पंचमं तु, षष्ठं विकटम्-एवच, सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं, धूम्रवर्णं तथाष्टमं, नवमं भालचन्द्रं तु, दशमं तु विनायकम्, एकादशं गणपतिं, द्वादशं मन्त्र-नायकम्, पठते श्रृणुते यस्तु, गणेश-स्तवम्-उत्तमं, भार्यार्थी लभते भार्या, धनार्थी विपुलं धनम्, पुत्रार्थी लभते पुत्रम्, मोक्षार्थी परमं पदम्, इच्छाकामं तु कामार्थी, धर्मार्थी धर्मम्-अक्षयम्।। सुमुखैश्चैक-दन्तश्च, कपिलो गजकर्णकः, लम्बोदरश्च विकटो, विध्नराजो गणाधिपः। धूम्र-केतु-गणाध्यक्षो, भालचन्द्रो गजाननः, द्वादशै-स्तानि-नामानि, गणेशस्य महात्मनः, य पठेत्-श्रृणुयात्-वापि स लभेत् सिद्धिम्-उत्तमाम्। विद्यारम्भे विवाहे च, प्रवेशे निर्गमे तथा संग्रामे संकटे चैव, विघ्नस्तस्य न जायते।।

गीता प्रवचन

(अर्थ व्याख्या सहित काश्मीरी भाषा में)

प्रेम नाथ शास्त्री के जबान से

हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे - हरे
हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे - हरे

गौरीस्तुतिः

ॐ लीलारब्ध-स्थापित-लुप्ताखिल-लोकां, लोकातीतै-र्योगिभिर्-अन्तर्-हृदि-मृग्याम्।
बालादित्य-श्रेणि-समान-द्युति-पुञ्जां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—जो जगदम्बा विना किसी परिश्रम के सृष्टि को बनाती है पालन करती है और नाश करती है, योग के अन्तिम अवस्था पर पहुंचे हुये योगी जिस शक्ति रूपी मां को हृदय में ढूंढ़ते हैं, उदित होते हुये असंख्य सूर्यों जैसी प्रकाश वाली, कमल जैसे नेत्रों वाली माता गौरी (योगाग्नि से जलाये हुये शरीर के कारण गौर वर्ण वाली) की मैं स्तुति करता हूँ।

आशा-पाश-क्लेश-विनाशं विदधानां, पादाम्भोज-ध्यान-पराणां पुरुषाणाम्।
ईशीम्-ईशाङ् गार्ध हरां तां तनुमध्यां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—जो भक्त जन उस शक्ति रूपी माता के चरण कमलों के ध्यान में लगे हुए हैं, उन के आशा के

बन्धनों से पैदा हुए कष्टों को नाश करने वाली, शक्तिशाली, शंकर के आधे शरीर पर अधिकार वाली, सूक्ष्म कमर वाली, कमल जैसे नेत्रों वाली, माता गौरी की मैं स्तुति करता हूँ।

प्रत्याहार-ध्यान-समाधि-स्थितिभाजां, नित्यं चित्ते निर्वृत्तिकाष्ठां कलयन्तीम्।
सत्य-ज्ञाना-नन्दमयीं तां तडित्-आभां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—प्रत्याहार, ध्यान तथा समाधि के साधना में लगे हुये भक्तों के चित्त में आनन्द उत्पन्न करने वाली, सत्य ज्ञान तथा आनन्द स्वरूप वाली, बिजली की जैसी प्रकाशवाली, कमल जैसे नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूँ।

चन्द्रापीडा-नन्दितमन्द-स्मितवक्त्रां, चन्द्रापीडा-लंकृत-लोला-लकभाराम्।
इन्द्रोपेन्द्रा-द्यर्चित पादाम्बुजयुग्मां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—भगवान् शंकर को आनन्दित करने वाले मुस्कराहट से युक्त मुख वाली, भगवान् शंकर के निमित सजाये हुये घूंघट वाले बालों की भार वाली, इन्द्र तथा नारायण जिसके चरणों की पूजा करते हैं उस कमल जैसे नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूँ।

नाना कारैः शक्ति-कदम्बै-र्भुवनानि, व्याप्य स्वैरं क्रीडति यासौ स्वयमेका।
कलयाणीं तां कल्पलताम्-आनतिभाजां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—भिन्न-भिन्न शक्तियों से भूः, भुवः, स्वः लोकों में व्याप्त होकर जो मां अकेली स्वतंत्र रूप से खेलती

रहती है, जो कल्याण रूप से शरण में आये हुए के लिए कल्पलता है अर्थात् हर कामना को पूर्ण करने वाली है ऐसी ही कमल जैसी नेत्रों वाली मां की मैं स्तुति करता हूँ।

मूलाधारात्-उत्थित-वर्त्ती विधिरन्ध्रं, सौरं-चान्द्रं धाम विहाय ज्वलिताङ्गीम्।
स्थूलां सूक्ष्मां सूक्ष्मतरां ताम्-अभिवन्द्यां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—सूर्य लोक और चन्द्रमा लोक से गुज़र कर मूलाधार से उठी हुई ब्रह्म रन्ध्र तक पहुंची हुई प्रकाश रूप, स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण शरीर में व्याप्त, प्रणाम के योग्य, कमलों जैसी नेत्रों वाली माता गौरी की मैं स्तुति करता हूँ।

आदि-क्षान्ताम्-अक्षर मूर्त्या, विलसन्तीं, भूते भूते भूत-कदम्बं प्रसवित्रीम्।
शब्द-ब्रह्मा-नन्द-मयीं ताम्-अभिरामां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—'अ' से लेकर 'क्ष' तक अक्षर रूप में विलास करने वाली, युग-युग में प्राणियों को उत्पन्न करने वाली, शब्द ब्रह्मस्वरूप आनन्दमई उस सुन्दर मां का, जिस के नेत्र कमल के समान हैं मैं स्तुति करता हूँ।

टिप्पणी : पट्दलों में 'अ' से लेकर 'क्ष' तक अक्षर अंकित हैं जिन को मात्रिकायें कहते हैं, योगियों के मत से पट् दलों में अन्तिम मात्रा 'क्ष' है जो आज्ञाचक्र में अंकित है इसी कारण इस श्लोक में 'अ' से 'क्ष' तक का वर्णन है जबकि वर्णमाला में पहला अक्षर 'अ' है और अन्तिम अक्षर 'ह' है। **"शब्द ब्रह्म"** योगी की जब कुण्डलिनी जाग्रत होती है तो उससे **'स्फुट'** अर्थात् शब्द होता है, उसका पहला शब्द **'नाद'** कहलाता है

इसी प्रकार जीव सृष्टि में पहला उत्पन्न होने वाला शब्द 'ब्रह्म' कहलाता है।

यस्याः कुक्षौ लीनम्-अखण्ड़ं, जगत्-अण्डं, भूयो भूयः प्रादुर्-अभूत्-अक्षतमेव।
भर्त्रा सार्धं तां स्फटिकाद्रौ, विहरन्तीं, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—जिस जगदम्बा की गोद में यह सब सृष्टि लय हो जाती है फिर बार-बार किसी खण्डन के बिना फिर से उत्पन्न होती है प्रकाश के केन्द्र ब्रह्मरन्ध्र में सदाशिव के साथ विहार करती हुई अथवा बर्फ से ढ़क्के हुए सफेद हिमालय पर्वत पर विहार करने वाली कमल जैसे नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूं।

यस्याम्-एतत्प्रोतम्-अशेषं मणिमाला, सूत्रे यत्-वत् क्वापि चरं चाप्यचरं च।
ताम्-अध्यात्म-ज्ञानपदव्या-गमनीयां, गैरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—जिस शक्ति में यह सारी चराचर सृष्टि ऐसे पिरोई हुई है जैसे सूत्र में रत्न गुथे हुये होते हैं उसी शक्ति रूपी मां को जो आध्यात्मज्ञान से जानी जाती है जिस के नेत्र कमलों के समान हैं उसी मां की मैं स्तुति करता हूँ।

नित्यः सत्यो निष्कल एको जगदीशः साक्षी यस्याः सर्गविधौ सहंरणे च।
विश्वत्राण-क्रीडन शीलां शिवपत्नीं, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ :—जिस महामाया के सृष्टि बनाते समय अथवा संहार करते समय सदा शिव जो नित्य, सत्य, सजातीय इत्यादि तीन भेदों से रहित हैं जो आप के बनाने के काम में केवल साक्षी रूप में रहते हैं, जगत की रक्षा करना

जिन का एक खेल है उसी कमल जैसी नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूँ।

प्रातः काले भावविशुद्धिं विदधानो, भक्त्या नित्यं जल्पति गौरीदशकं यः।

वाचां सिद्धिं सम्पत्तिम्-उच्चैः शिवभक्तिं, तस्या-वश्यं पर्वत-पुत्री विदधाति।।

अर्थ :—जो प्रातः काल शुद्ध हृदय से युक्त और संकल्प विकल्प रहित होकर भक्ति से नित्य इन दस गौरी माता के श्लोकों का उच्चारण करता है उस भक्त को सिद्धि, ऐश्वर्य, भगवान् शंकर की भक्ति पार्वती माता अवश्य देती है।

सर्वमङ्गल-मङ्गल्ये, शिवे-सर्वार्थ-साधिके शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तु ते।।

सर्वमङ्गल = भक्त की सभी शुभकामनायें सिद्ध करने में, ***मङ्गला*** = सुन्दर अथवा कल्याण कारी, ***शिवे*** = (देवी पुराण में शिवा शब्द मुक्ति का वाचक है) हे मोक्ष देने वाली, ***सर्वार्थसाधिके*** = धर्म, अर्थ काम, मोक्ष देने वाली, ***शरण्ये*** = दुःखों से रक्षा करने वाली, ***त्र्यम्बके*** = अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा रूप तीन नेत्र वाली ***गौरि*** = दक्ष के यज्ञ में योग-अग्नि में भस्म बनी हुई, हे गौर वर्णवाली ***नारायणि*** = विष्णु की लक्ष्मी रूपा शक्ति वाली हे माता, ***नमः*** = नमस्कार ***अस्तु*** = हो, ***ते*** = तुम्हें।

अर्थ :—सभी शुभकामनाओं को सिद्ध करने से सुन्दर अथवा कल्याणकारी, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को देने वाली, दुःखों से रक्षा करने वाली अग्नि चन्द्रमा, सूर्य रूप तीन नेत्रों वाली, दक्ष प्रजापति के यज्ञ में योग अग्नि में भस्म बनी हुई अतः गौरवर्णवाली, विष्णु की लक्ष्मी रूपा शक्तिवाली माता तुम्हें नमस्कार हो।

अभिनवगुप्त कृत शिवस्तुतिः

इस स्तुति के बारे में जनश्रुति चलती आई है, "जब अभिनवगुप्त स्वेच्छा से अपना पंचभौतिक शरीर छोड़ने के लिये किसी रम्य एकान्त भूमि की तलाश में जन्मभूमि काश्मीर के घने जंगलों में घूम रहे थे, उस समय उनकी शिष्य मण्डली उन के साथ थी, उसी समय शैवशास्त्रों के रचयिता अभिनवगुप्त ने इस स्तुति की रचना की है शिष्यमण्डली के साथ इस शिवस्तुति के गूँज में ही मनोवाँछित स्थान पर पहुँच कर अभिनवगुप्त पञ्चभौतिक शरीर छोडकर ब्रह्मलीन हुये।

ॐ व्याप्त-चराचर-भाव-विशेषं, चिन्मयम्-एकम्-अनन्तम्-अनादिम्।
भैर-व-नाथम्-अनाथ-शरणयम्, तन्मय-चित्ततया-हृदि वन्दे।। 11

भावार्थः मैं अभिनवगुप्त मन की एकाग्रता से उस शंकर की हृदय में वन्दना करता हूँ, जो शंकर अखिल चराचर सृष्टि में ओत प्रोत है। जो ज्ञान रूप है, अनन्त है। भैरवों का स्वामी है और अनाथों को शरण देने वाला है।

त्वन्मयम्-एतत्-अशेषम्-इदानीं, भाति मम त्वत्-अनुग्रह शक्त्या
त्वं च महेश सदैव ममात्मा, स्वात्ममयं मम तेन समस्तम्।। 2 ।।

अर्थः यह चराचर सृष्टि आप का ही रूप है, ऐसा मुझे आप की अनुग्रहशक्ति से प्रतीत होता है, परन्तु हे शंकर मेरी आत्मा ही आप हैं, अतः यह सारा जगत् मेरा ही रूप है, ऐसा भी मैं अनुभव करता हूँ।

स्वात्मनि-विश्वगते त्वयि नाथे, तेन न संसृति-भीतेः कथास्ति
सत्-स्वपि दुर्धर-दुःख विमोह, त्रास-विधायिषु कर्म-गणेषु।। 3 ।।

अर्थः हे नाथ ! भयंकर दुःख मोह उत्पन्न करने वाले कर्मो के जाल में फंसे हुये, आप के भक्त इस भावना से कि विश्व आप का ही रूप है अतः वे संसार के क्षणिक दुःखों से डरते नहीं हैं, क्योंकि डर अथवा भय तब होता है जब दूसरा हो, जब आप के बिना कोई दूसरा है ही नहीं तो डर कहाँ "भयं द्वितीयात्"

अन्तक ! मां प्रति मा दृशम्-एनां, क्रोध-कराल-तमां विदधीहि
शंकर-सेवन-चिन्तन-धीरो, भीषण-भैरव-शक्ति-मयोस्मि ।। 4 ।।

अर्थः हे यमराज ! क्रोध से कराल भयंकर दृष्टि से मेरी ओर न देख, जबकि मैं हर समय शंकर सेवन

के चिन्तन में लगा रहता हूँ, जिस सेवा चिन्तन से मैं भैरवशक्ति का पुंज बना हूँ अतः आप की यह कराल क्रोधभरी दृष्टि मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकती है।

इत्थम्-उपोढ-भवन्मय-संवित्, दीधिति-दारित-भूरि-तमिस्रः
मृत्यु-यमान्तक कर्म-पिशाचै, र्नाथ ! नमोस्तु न जातु बिभेमि ।। 5 ।।

अर्थः हे शंकर सब कुछ आप का ही रूप है ऐसी संवित् के जागृत होने से मेरा अज्ञानरूपी अन्धकार नष्ट हो चुका है, अतः मैं यमराज के परिवारभूत पिशाच आदि से डरता नहीं हूँ, हे नाथ मेरा आप को बार-बार नमस्कार हो।

प्रोदित-सत्य-विबोध-मरीचि-प्रोक्षित-विश्व-पदार्थ-सतत्वः
भाव-परामृत-निर्भरपूर्णे, त्वय्यहम्-आत्मनि निर्वृतिम्-एमि ।। 6 ।।

अर्थः हे शंकर ! आप के सत्यज्ञानरूप किरणों से विश्व के पदार्थ तथा सभी तत्व सिंचित अथवा हरकत में है। ऐसे ही इस ज्ञान के प्रकट होने पर मैं श्रद्धा के अमृत से परिपूर्ण आप के ही स्वरूप भूत अपने ही आत्मा में परमानन्द का अनुभव करने लगता हूँ।

मानस-गोचरम्-एति, यदैव-क्लेश-तनु-ताप-विधात्री
नाथ ! तदैव मम-त्वत्-अभेद, स्तोत्र-परामृत-वृष्टिर्-उदेति ।। 7 ।।

अर्थः शरीर के ताप को उत्पन्न करने वाली कष्ट की दशा को जब मैं मन से महसूस करने लगता हूँ, उसी समय मेरे अन्दर आप के अनुग्रह से प्राप्त अभेद वृष्टि का उदय होता है, जिस के प्रभाव से मैं किसी प्रकार का कष्ट अनुभव नहीं करता हूँ।

शंकर ! सत्यम्-इदं व्रत, दान-स्नान-तपो-भव-ताप-विनाशि
तावक-शास्त्र-परामृत, चिन्ता-सिध्यति चेतसि-निर्वृति-धारा ।। 8 ।।

अर्थः हे शंकर ! यद्यपि व्रत-दान-तप से संसार के दुःखों का नाश होता है, शैवशास्त्र के चिन्तनमात्र से ही मन में अमृत की धारायें प्रवाहित होने लगती हैं।

नृत्यति गायति हृष्यति गाढं, संवित्-इयं मम भैरवनाथ।
त्वां प्रियं आप्य सुदर्शनम्-एकं, दुर्लभम्-अन्यजनैः समयज्ञम् ।। 9 ।।

अर्थः हे मेरे भैरवनाथ ! मेरी दृढ़ संवित् यज्ञादिकों से अप्राप्य आप के अलौकिक दर्शन प्राप्त करके कभी नाचती है कभी गायन करती है कभी हर्ष का अभिनय करती है।

वसु-रस-पौषे कृष्ण-दशम्यां, अभिनव-गुप्तः स्तवम्-इमम्-अकरोत्
येन विभु-भव-मरु-सन्तापं, शमयति झटिति जनस्य दयालुः ।। 10 ।।

भावार्थः भक्तों पर दयालु आध्यात्मिक बलवाले अभिनवगुप्त ने सम्वत् 68 पौषकृष्णदशमी को यह शंकरस्तुति की है जिस के उच्चारण श्रवण मनन से क्षणमात्र में दयालु शंकर संसार रूपी मरुस्थल के दुःखों का नाश करता है। प्रत्यभिज्ञाहृदय, स्पन्द सन्दोह, बोधविलास पराप्रवेशिका आदि शैवशास्त्रों के रचयिता आचार्य क्षेमराज के गुरु, अद्वैतसिद्धान्त के सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता "तन्त्रालोक" जैसे महान् शैवग्रन्थ के निर्माता **अभिनवगुप्त** की उपरिलिखित स्तुति संक्षिप्तभावार्थ सहित पाठको को अर्पित है, यह स्तुति विशेषतया हर एक काश्मीरी पण्डित को कण्ठस्थ करनी चाहिये ताकि हमारी आगामी सन्तति अपने आदरणीय पूर्वज काश्मीर के गौरवभूत आचार्य अभिनवगुप्त को भूल न जायें।

शिवसंकल्प (यजुर्वेद से)

यत्-जाग्रतो-दूरम्-उदेति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरं-गमं ज्योतिषां ज्योतिर्-एकं- तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।। 1 ।।

अर्थः जो मन जागते हुये मनुष्य का दूर चला जाता है, और सोते हुये का निकट आ जात है, जो परमात्मा के साक्षात्कार का एकमात्र साधन है, जो ज्ञानेन्द्रियों का प्रकाशक और प्रवर्तक है, मेरा वह मन शिव, (कल्याणकारी) संकल्प वाला हो।

येन कर्मा-ण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः।
यत्-अपूर्वं यक्षम्-अन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिव संकल्पम्-अस्तु।। 2 ।।

अर्थः कर्मयोगी विद्वान् जिस मन के द्वारा हर एक कर्म को यज्ञ के ढाँचे में डालते हैं, जो इन्द्रियों का अध्यक्ष है, जो समस्त प्रजा के हृदय में निवास करता है, वह मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

यत्-प्रज्ञानम्-उत चेतो धृतिश्च यत्-ज्योतिर्-अन्तर्-अमृतं प्रजासु।
यस्मात्-न ऋते किंचन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पम्-अस्तु।। 3 ।।

अर्थः-जो मन ज्ञान का करण है जो धैर्यरूप है, जो समस्त प्रजा के हृदय में रह कर उन की इन्द्रियों को प्रकाशित करता है, जो मृत्यु होने पर भी अमर रहता है, जिस के बिना कोई भी कर्म किया नहीं जाता है वह मेरा मन शिवसंकल्प वाला हो।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत् परिगृहीतम्-अमृतेन सर्वम्।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 4 ।।

जिस अमृतरूप मन के द्वारा भूत-भविष्य वर्तमान की सभी वस्तुयें जानी जाती हैं, जिस के द्वारा सात होता वाला शरीर रूपी यज्ञ सम्पन्न होता है मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो (सात होता:-पांच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि)

यस्मिन्-ऋचः साम यजूँषि, यस्मिन् प्रतिष्ठिता-रथनाभौ-इवाराः।
यस्मिन्-चितं सर्वम्-ओतं प्रजानां तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 5 ।।

अर्थः जिस मन में रथचक्र की नाभि में अरियों के समान वेद प्रतिष्ठित है, जिस में सब पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाला सम्पूर्ण ज्ञान ओत प्रोत है, मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो।

सुषा-रथिर्-अश्वान्-इव, यन्मनुष्यान् नेनीयते-अभीशुभिर्-वाजिनःइव।
हृत्प्रतिष्ठं यत्-अजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 6 ।।

अर्थः योग्य सारथि जैसे घोड़ों का संचालन करता है और लगाम के द्वारा घोडों का नियन्त्रण करता है, वैसे ही प्राणियों का संचालन तथा नियन्त्रण करने वाला हृदय में रहने वाला कभी बूढा-न होने वाला, अधिक तेज भागने वाला मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

"कृष्णं वन्देजगत्-गुरुम्"

भगवत् गीता के आरम्भ में भगवान् कृष्ण ने यद्यपि कोई मंगल श्लोक कहा नहीं है परन्तु निम्नलिखित 9 श्लोक किसी कृष्ण भक्त ने बनाए हैं। किसी-किसी भगवद्गीता में यह 9 श्लोक छपे हुए मिलते हैं परन्तु कश्मीरी पण्डित परम्परा से प्रायः यह श्लोक गीता के आरम्भ में पढ़ते हैं इसी कारण से इस वर्ष हमने यह श्लोक अर्थ सहित जन्त्री के पाठ प्रकरण में जोड़े हैं।

ॐ पार्थाय प्रतिबोधितां भगवता नारायणेन स्वयं
व्यासेन ग्रथितां पुराण-मुनिना मध्ये महाभारतम्।
अद्वैतामृत-वर्षिणीं भगवतीम्-अष्टादशा-ध्यायिनीम्
अम्बत्वाम्-अनुसन्दधामि भगवत्-गीते भव-द्वेषिणीम्।। 1।।

अर्थ—भगवान् कृष्ण से अर्जुन को समझाई गई, वेदव्यास से महाभारत में ग्रथित की गई, अद्वैत-अमृत की वर्षा करनेवाली, अठारह अध्याय वाली, ऐसी ही माता भगवद्गीते, तुम्हारा मैं मन से ध्यान करता हूं।

नमोस्तु ते व्यास विशालबुद्धे फुल्लारविंदा-यतपत्र-नेत्र।
येन त्वया भारत-तैल-पूर्णः प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः।। 2।।

अर्थ—हे विशाल बुद्धि वाले, हे प्रफुल्लित कमल नेत्र वाले वेदव्यास जी ! आप ने महाभारतरूप तैल से पूर्ण ज्ञानमय दीपक जलाया, ऐसे आपको नमस्कार हो।

प्रपन्न-पारिजाताय तोत्र-वेत्रैक-पाणये।

ज्ञानमुद्राय कृष्णाय गीतामृत-दुहे नमः।। 3।।

अर्थ—शरणागत के कल्पवृक्ष, हाथ में चाबुक लिए हुए, ज्ञान मुद्रा युक्त (ज्ञानरूप) गीता अमृत के दुहने वाले भगवान् कृष्ण को नमस्कार हो।

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।

पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।। 4।।

अर्थ—सभी उपनिषद् मानिए गौ हैं, इस उपनिषद रूपी गौवों को दुहने वाला गोपाल नन्दन भगवान् कृष्ण हैं, अर्जुन बछड़ा है, जो स्वयं दूध गाय के स्तनों से पीकर अपना पेट भरता है और दूसरों के लिए भी निकलवाता है, जिन गौओं से दूध निकलवाता है वही गीता अमृत है, जिस अमृत को पीने वाले बुद्धिमान पुरुष हैं।

वसुदेव सुतं देवं कंसचाणूर-मर्दनम्।

देवकी परमानन्दं कृष्णं वन्दे जगत्-गुरुम्।। 5।।

अर्थ—वसुदेव के पुत्र, कंस और चाणूर को मारने वाले, देवकी को परमानन्द देने वाले, जगत् गुरु भगवान् कृष्ण को मैं प्रणाम करता हूं।

भीष्मद्रोणतटा जयत्‌रथ-जला गान्धार-नीलोत्पला
शल्य-ग्राहवती कृपेण वहनी कर्णेन वेलाकुला।
अश्वत्थाम-विकर्ण-घोर-मकरा दुर्योधना-वर्तिनी
सोत्तीर्णा खलुपाण्डवैः रणनदी कैवर्तके केशवः।। 6।।

अर्थ—जिस युद्धरूपी नदी के भीष्म और द्रोण दोनों तट हैं, जिसमें जयत् रथ जल हैं, गान्धार नील कमल हैं, शल्य ग्रह (ग्रसने वाला) जलचर है, कृप प्रवाह है, कर्ण लहरे हैं, अश्वत्थामा और विकर्ण घोरमकर हैं, दुर्योधन भंवर है, ऐसी युद्धरूपी नदी निश्चय करके पाण्डवों से मल्लाह भगवान् कृष्ण द्वारा उत्तीर्ण की गई है।

पाराशर्यवचः सरोजं-अमलं, गीतार्थ-गन्धोत्कटं
नानाख्यानक-केशरं-हरिकथा, सम्बोधना बोधितम्।
लोके सज्जन-षट्पदैर्-अहर्-अहः पेपीयमानं मुदा
भूयात्-भारत-पंकजं, कलिमल-प्रध्वंसिनः श्रेयसे।। 7।।

अर्थ—पाराशर्य (वेदव्यास) के वचनरूपी सर में उत्पन्न हुए निर्मल गीता-अर्थ रूप उत्कट गन्धवाला, नाना प्रकार के प्रसंगरूप सुगन्धित फूलवाला, हरिकथा (ज्ञान की कथाओं) से जो प्रफुलित है, संसार में सत्पुरुषरूप भ्रमरों से आनन्दपूर्वक प्रतिदिन पिया जाने वाला, कलियुग के पापों का नाश करने वाला ऐसा यह महाभारत रूप कमल हमारा कल्याण करे।

मूकं करोति वाचालं पंङ्गुं लङ्घयते गिरिं।

यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्द-माधवम्।। 8।।

अर्थ—मैं उस परमानन्द लक्ष्मीपति को नमस्कार करता हूं, जिनकी कृपा गूंगे को वाचाल और लंगडे को पर्वत उलंघन करनेवाला बना देता है।

यं ब्रह्मा-वरुणेन्द्र-रुद्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै,

वेंदैः सांग, पद, क्रमो-पनिषदै-र्गायन्ति यं सामगाः।

ध्याना-वस्थित तत्-गतेन मनसा, पश्यन्ति यं योगिनो

यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः।। 9।।

अर्थ—ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र और वायु देवता जिस परमात्मा की दिव्य स्तोत्रों से स्तुति करते हैं, सामवेद के गाने वाले (उद्गाता) अङ्ग; पद, क्रम, उपनिषदों सहित वेदों से जिसको गाते हैं, योगी लोग ध्यान में स्थित तद्गत हुए मन से जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्त को नहीं जानते उन परमदेव भगवान् कृष्ण को मेरा नमस्कार हो।

अष्टादशश्लोकी गीता

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै-
वेंदैः साँगपद-क्रमोप-निषदै-र्गायन्ति यं सामगाः।
ध्यानावस्थित-तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरा-सुर-गणा देवाय तस्मै नमः।।

अर्थ-जिनका ब्रह्मा, वरुण, इन्द्र, और मरुद्गण दिव्य स्तोत्रों द्वारा स्तुति करते हैं, सामवेदके गानेवाले अंग, पद, क्रम और उपनिषदों के सहित वेदों द्वारा जिनका गान करते हैं, योगीजन ध्यान में स्थित तद्गत हुए मनसे जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्तको नहीं जानते, उन (परमपुरुष नारायण) देव के लिए मेरा नमस्कार है।

निमित्तानि च पश्यामि-विपरीतानि केशव
न च श्रेयो-नुपश्यामि हत्वा स्वजनम्-आहवे।। 1 ।।

अर्थ- अर्जुन भगवान् से कहता है, कि अब मुझे सब लक्षण उल्टे दिखाई देते हैं, ऐसे मुझे प्रतीत नहीं होता है कि अपने सम्बन्धियों को युद्ध में मारकर कुछ कल्याण हो सकेगा।अध्याय 1 श्लोक 31

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।
सिद्ध्य-सिद्ध-योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।। 2 ।।

अर्थ-फल की आशा छोड़ कर सिद्धि हो या न हो फिर भी अपने मन की वृत्ति समान रखनी चाहिये, इस प्रकार की चित्त की समवृत्ति को योग कहते हैं, इस योग से युक्त होकर मनुष्य अपने सब कर्म करे।

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इद्रियार्थान्-विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते।। 3 ।।

अर्थ-जो हठ से कर्मेन्द्रियों को रोकता है परन्तु अन्दर ही अन्दर मन से विषयों का चिन्तन करता है उस मूर्ख को मिथ्याचारी कहते हैं। अध्याय 3 श्लोक 6

श्रद्धावान्-लभते ज्ञानं तत्-परः संयतेन्द्रियः
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम्-अचिरेणाधिगच्छति।। 4 ।।

अर्थ-ईश्वर गुरु और धर्म शास्त्रों में श्रद्धा रखने वाला मनुष्य ज्ञान को प्राप्त करता है और ज्ञान होने

पर उसको शान्ति प्राप्त होती है। अध्याय 4 श्लोक 39

यतेन्द्रिय मनो बुद्धि-र्मुनि-मोक्ष-परायणः

विगतेच्छा-भय क्रोधो-यः सदा मुक्त एव सः।। 5 ।।

अर्थ-जो मनुष्य इन्द्रियों, मन और बुद्धि को वश में रखता है और केवल ब्रह्मशान्ति प्राप्त करने में लगा रहता है वह सदा मुक्त है। अध्याय 5 श्लोक 28

युक्ताहार-विहारस्य युक्त-चेष्टस्य कुर्मसु

युक्त-स्वप्ना-व बोधस्य योगो भवति दुःखहा।। 6 ।।

अर्थ- यथायोग्य आहार विहार करने वाला कर्मो को यथायोग्य ढंग से करने वाला यथायोग्य निद्रा करने और योग्य समय पर उठने वाले साधक का योग दुःख को दूर करने वाला होता है।

अध्याय 6श्लोक 17

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया,

मामेव ये प्रपद्यन्ते मायाम्-एतां-तरन्ति-ते।। 7 ।।

अर्थ-परमात्मा की सत्वरज तमोगुणमयी माया को पार करना कठिन है जो मुझ ईश्वर को प्राप्त करते

हैं वह इस माया से पार हो जाते हैं। अध्याय 7 श्लोक 14

अग्निर्-ज्योतिर्-अहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्
तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।। 8 ।।

अर्थ-उत्तरायण काल के छः मास के शुक्ल पक्ष में दिन के प्रकाश में प्रदीप्त अग्नि के समय जो ब्रह्मज्ञानी इस शरीर को छोड़कर चले जाते हैं वे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। अध्याय 8 श्लेक 24

अपि चेत्-सुदुराचारो भजते माम्-अनन्यभाक्
साधुर्-एव स मन्तव्यः सम्यक्-व्यव-सितोहि-सः।

अर्थ- बड़े से बड़ा दुराचारी यदि अनन्यभाव से मेरा भजन करेगा तो यह समझ लेना चाहिये कि वह साधु हो जायेगा। अध्याय 9 श्लोक 30

यो माम्-अजम्-अनादिम्-च वेत्ति-लोक-महेश्वरम्
असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते।।

अर्थ-जो मुझे जन्म रहित, आदि रहित सब लोकों का स्वामी समझता है वह संसार में अज्ञान से छूटकर यानी ज्ञानी बनकर सब पापों से मुक्त होता है। अध्याय 10 श्लोक 3

मत्कर्म कृत्-मत्परमो मत्-भक्तः संघ-वर्जितः
निर्वैरः, सर्व-भूतेषु यः स मामेति पाण्डव।।

अर्थ-हे अर्जुन जो मेरे लिये कर्म करता है, जो मुझे परमश्रेष्ठ मानता है जो भोगों का संग छोड़ता है और सब प्राणियों के विषय में वैर रहित होता है मेरा वही भक्त मुझे प्राप्त करता है।

अध्याय 11 श्लोक 55

श्रेयो हि ज्ञानम्-अभ्यासात्, ज्ञानात्-ध्यानं विशिष्यते,
ध्यानात्-कर्म-पलत्याग, स्त्यागात्-शान्तिर्-अनन्तरम्।।

अर्थ-अभ्यास योग से ज्ञान योग श्रेष्ठ है, ज्ञान योग से ध्यान योग की विशेषता अधिक है, ध्यान योग से कर्मफल का त्याग उत्तम है, कर्मफल का त्याग करने से शीघ्र ही शान्ति मिलती है।

अध्याय 12 श्लोक 12

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्व-क्षेत्रेषु भारत
क्षेत्र-क्षेत्र ज्ञयोर्ज्ञानं-तत्-यत्-ज्ञानं मतं मम।।

अर्थ-हे भारत! सब क्षेत्र में रहने वाले मुझे तू क्षेत्रज्ञ समझ जो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का ज्ञान है वही मेरा ज्ञान है।

अध्याय 13 श्लोक 2

मां च यो -व्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते,
स गुणान्-सम्-अतीत्य-तान्-ब्रह्म्-भूयाय कल्पते।।

अर्थ-जो एक निष्ठ भक्ति भाव से मेरी सेवा करता है वह इन गुणों को लांघ कर ब्रह्म के महत्व को प्राप्त करने योग्य बन जाता है।

अध्याय 14 श्लोक 26

निर्मान-मोहा जितसंग-दोषा अध्यात्म-नित्या विनि-वृत्तकामा:
द्वन्द्वै-र्विमुक्ता सुख दुःख संज्ञैर्गच्छन्त्य मूढा:पदम्-अव्ययं-तत्।।

अर्थ-जो अभिमान रहित, मोह रहित, अनासक्त आत्मनिष्ठ भोगवासना रहित, द्वन्द्वभाव से दूर और ज्ञानी है, वह उस अविनाशी परम पद को प्राप्त होते हैं।

अध्याय 15 श्लोक 5

यः शास्त्र-विधिम्-उत्सृज्य वर्तते काम-कारतः।
न स सिद्धिम्-अवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।

अर्थ- जो शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण करता है उसे न सिद्धि मिलती है न सुख मिलता है और न श्रेष्ठ गति ही प्राप्त होती है।

अध्याय 16 श्लोक 23

मनः प्रसादः सौम्यत्वं मौनम्-आत्म-विनिग्रहः।
भाव-संशुद्धिर्-इत्येतत्-तपो मानसम् उच्यते।।

अर्थ- मन को प्रसन्न रखना, शान्ति का अवलम्बन करना, मौन धारण करना, संयम करना और आत्मशुद्धि करना मानसिक तप है। अध्याय 17 श्लोक 16

सर्व-धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्व-पापेभ्यो मोक्ष-यिष्यामि मा-शुचः।।

अर्थ-सब धर्मों को छोड़कर मुझ अकेले (ईश्वर) की शरण आये मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त करूँगा, तू शोक मत कर। अध्याय 18 श्लोक 66

सप्तश्लोकी गीता

ॐ इत्येकाक्षंर ब्रह्म, व्याहरन्-माम्-अनुस्मरन्
यः प्रयाति त्यजन् देहं, स याति परमां गतिम्।.

अर्थ- योग धारण में स्थित ओंकार रूपी एकाक्षर ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और मेरा (परमेश्वर) का चिन्तन्र करता हुआ जो साधक देह त्यागता है वह नि:सनदेह श्रेष्ठगति को प्राप्त होता है।

अध्याय 8 श्लोक 13

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या। जगत्-प्रहृष्य-त्यनुरज्यते च।।

रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति। सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघा: 1. 2।।

अर्थ-हे हृषीकेश यह ठीक ही है आपका कीर्तन करने से जगत् प्रसन्न होता है और उसमें उसकी प्रीति होती है, राक्षस तुम से डर कर दिशाओं में भाग जाते हैं और सभी पुरुषों के समुदाय आपको प्रणाम करते हैं।

अध्याय 11 श्लोक 36

सर्वत: पाणिपादं तत्-सर्वतोक्षि-शिरोमुखम्।

सर्वत: श्रुतिमत्-लोके सर्वम्-आवृत्य-तिष्ठति।। 3 ।।

अर्थ-इस लोक में उसके सर्वत्र हाथ, पांव सब ओर आँख, सिर और मुख और सब ओर कान हैं वह सर्वत्र व्याप कर रह रहा है।

अध्याय 13 श्लोक 13

कविं पुराणम्-अनुशासितारम्। अणोरणीयांसम्-अनु-स्मरेत्-यः।।
सर्वस्य धातारम्-अचिन्त्यरूपम्। आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।। 4 ।।

अर्थ- जो अन्तकाल में सर्वज्ञ पुरातन नियन्ता अणु से भी सूक्ष्म, सब के धारण कर्ता अचिन्त्य स्वरूप अन्धकार से परे रहने वाले सूर्य के समान तेजस्वी ईश्वर का स्मरण करता है-वह उसी दिव्य परमात्मा को प्राप्त होता है। अध्याय 8 श्लोक 9

उर्ध्वमूलम्-अधः-शाखम्-अश्व-त्थं प्राहुर्-अव्ययम्।
छन्दांसि-यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्।। 5 ।।

अर्थ- संसार का वृक्ष अनादि अनन्त चारों ओर फैला है, इसके ज्ञान रूपी पत्ते सबको शीतल छाया देने वाले हैं, शाखायें ऊपर नीचे फैली है, इनमें सत्त्व-रज तम गुणों का रस भरपूर भरा है, शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयों के सुखदायी कोमल अंकुर लगे हैं और इनकी कर्मों से सम्बन्ध जोड़ने वाली जड़े चारों ओर फैली हुई है। अध्याय 15 श्लोक 1

सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो मत्तः स्मृतिर्-ज्ञानम्-अपोहनं च।
वेदैश्च सर्वैर्-अहमेव वेद्यो वेदान्त-कृत्-वेद विदेव-चाहम्।। 6।।

अर्थ- मैं ईश्वर सबके हृदयों में रहता हूँ, मुझसे ही सब को स्मरण, ज्ञान विस्मरण और अज्ञान होता है मैं ही सब वेदों के द्वारा जानने योग्य हूं और मैं ही वेदान्त शास्त्र का निर्माण करने वाला और वेद का ज्ञाता हूं।

अध्याय 15 श्लोक 15

मन्मना-भव-मत्-भक्तो मत्-याजी मां नमस्कुरु।
मामे-वैष्यसि युक्त्वैवम्-आत्मानं मत्-परायणः।। 7 ।।

अर्थ- मुझमें मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित्त भजन् कर, मुझे नमस्कार कर, इस तरह मुझमें परायण होकर मेरे साथ आत्मा का योग करने से तू मुझे प्राप्त कर लेगा।

अध्याय 9 श्लोक 34

सप्तश्लोकी दुर्गा

ज्ञानि-नाम्-अपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलात्-आकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।। 1 ।।

अर्थः भगवती माहमाया देवी ज्ञानियों के भी चित को बलपूर्वक खींच कर मोह में डाल देती है।।1।।

अध्याय 1 श्लोक 55

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेष-जन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि।
दारि-द्र्य-दुःख-भय-हारिणि का त्वत्-अन्या
सर्वोप-कार-करणाय दयार्द्र-चित्ता।। 2 ।।

अर्थः माँ दुर्गे! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती है, और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याण रूपी बुद्धि देती है, दुःख दरिद्रता हरनेवाली देवी आप के बिना कौन है जिस का चित्त सब का उपकार करने के लिये सदा ही दयार्द्र रहता है।।2।। अध्याय 4 श्लोक 17

सर्व-मंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थ-साधिके,
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।। 3 ।।

अर्थः हे माँ! तुम सब प्रकार का मंगल करने वाली मंगलमयी हो, कल्यांण करने वाली शिवा हो, सब पुरुषार्थो को सिद्ध करने वाली, शरणागत-वत्सला, तीन नेत्रों वाली तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी, तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 10

शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायणे
सर्वस्यार्ति-हरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।। 4 ।।

अर्थः शरण में आये हुये, दीनों एवं पीड़ितों की रक्षा में लगी रहने वाली, तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 12

सर्व-स्वरूपे सर्वेशे सर्व-शक्ति-समन्विते,
भयेभ्यस्त्राहि-नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते।। 5 ।।

अर्थः सर्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न, दिव्यरूपा दुर्गे सब भयों से हमारी रक्षा करो, तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 24

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा
रुष्टा-तु कामान् सकलान्-अभीष्टान्
त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणां
त्वाम्-आश्रिता ह्या श्रयतां प्रयान्ति।। 6 ।।

अर्थः हे देवी ! तुम प्रसन्न होने पर सब रोगों को नष्ट करने वाली, और कुपित होने पर मनोवांछित सभी कामनाओं का नाश कर देती हो। जो लोग तुम्हारी शरण में जा चुके हैं, उन पर विपत्ति आती ही नहीं है, तुम्हारी शरण में गये हुये मनुष्य दूसरों को शरण देने वाले हो जाते है।।6।।

अध्याय 11 श्लोक 29

सर्वा-बाधा-प्रशमनं त्रैलोक्य-स्याखिलेश्वरि
एवम्-एव त्वया कार्यम्-अस्मत्-वैरि-विनाशनम्।। 7 ।।

अर्थः हे सर्वेश्वरि ! जिस प्रकार तुम ने मधुकैटभ का नाश किया तुम उसी प्रकार तीनों लोकों की सभी बाधाओं को शान्त करो और हमारे शत्रुओं का नाश करती रहो। अध्याय 11 श्लोक 29

इति सप्तश्लोकी दुर्गा समाप्ता

* *

भगवान् कृष्ण कहते हैं

जो व्यक्ति श्रद्धा से गीता संवाद (गीता प्रवचन) सिर्फ सुनेगा ही, वह मुक्त होकर, पुण्यात्मा जहां पहुंचते हैं उन शुभलोकों को वह भी पावेगा।

अध्याय 18 श्लोक 71

वन्दे महापुरुष ते चरणारबिन्दम्

ध्येयं सदा परिभवघ्नं-अभीष्टदोहं
तीर्थास्पदं शिव-विरिञ्चि-नुतं शरण्यम्।
भृत्यार्तिहं प्रणतपाल ! भवाब्धिपोतं
वन्दे-महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।। 1।।

अन्वय-शब्दार्थ

महापुरुष = हे भगवान् कृष्ण, **प्रणतपाल !** = प्रणाम करने वालों की रक्षा करने वाले, **ते** = आपके, **चरणारबिन्दं** = चरण कमल को, **ध्येयं** = जो ध्यान करने के योग है, **सदा** = हर समय, **परिभवघ्नं** = अपमानादि दु:खों का नाश करने वाला, **अभीष्ट दोहं** = इछित पदार्थों का देने वाला, **तीर्थास्पदं** = तीर्थों का स्थान, **शिवविरिञ्चिनुतं** = शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते हैं, **शरण्यं** = रक्षा करने वाला, **भृत्यार्तिहं** = दासों अथवा भक्तों के दु:खों का नाश करने वाला, भवाब्धिपोतं= संसार सागर से पार करने वाला जहाज़।।

अर्थ :–हे महापुरुष-हे प्रणतपाल भगवान कृष्ण! मैं आपके उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो चरण कमल ध्यान करने योग्य हैं, जो दु:खों का नाश करने वाला है, जो इच्छित पदार्थों का देने वाला है, जिस में सभी तीर्थ टिके हुये हैं, शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते हैं, जो रक्षा करने वाला हैं, जो भक्तों के दु:खों का नाश करने वाला है, जो भवसागर से पार करने के लिए जहाज़ है।

त्यक्त्वा सुदुस्त्यज–सुरेप्सित–राज्यलक्ष्मीं
धर्मिष्ठ–आर्य–वचसा यत्–अगात्–अरण्यम्।
मायामृगं दयित–येप्सितं–अनुधावत्
वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।।2।।

धर्मिष्ट = धर्मात्मा, आर्य = श्रेष्ठ राजा दशरथ के कहने से, सुदुस्त्यज = जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन है, सुरेप्सित = देवता जिस को चाहते हैं, ऐसी राज्यलक्ष्मीं = राज्यपाठ को, त्यवत्वा = छोड कर, यत् = जो (चरणकमल) अरण्यं = जंगल को, अगात् = गया, मायामृगं = माया शरीरधारी, मृगं = हिरण को, दयितयेप्सितं = सीता से चाहा हुआ, अनुधावत् = पीछे दौड़ पड़ा।

अर्थ–धर्मात्मा राजा दशरथ के कहने से (ऐसी राज्य लक्ष्मी) ऐसा राजपाठ जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन

है, जिस को देवता चाहते हैं-ऐसे राज्यपाठ को छोडकर (ठुकराकर) जो चरणार-बिन्द जंगल में गया, सीता से चाहे हुये, माया शरीरधारी मृग के पीछे जो चरण कमल दौड पडा, ऐसे ही प्रशंसनीय कार्य रामावतार में जिस चरणकमल ने किया था उसको मैं नमस्कार करता हूँ।

श्रीमत्-सरोरुह-यवाँकुश-चक्रचाप
मत्स्या-ङ्कितं नव-विल्लोहित-पल्लवाभम्
लक्ष्म्यालयं परममंगलं-आत्मरूपं
वन्दे महापुरुष! ते-चरणारबिन्दम्।। 3।।

अन्वय-शब्दार्थ

श्रीमत् = *शोभायमान,* ***सरोरुह*** = *कमल,* ***यव*** = *जव,* ***अंकुश*** = *लोहे की वह छड़ी जिस से हाथी हाँका जाता है (काश्मीरी में टोंग)* ***चक्र*** = *गोलाकार चिह्न,* ***चाप***= *धनुष,* ***मत्स्य*** = *मछली (इन सामुद्रिक चिह्नों से)* ***अंकितं*** = *निशानवाला,* ***नव*** = *नये,* ***विल्लोहित*** = *लाल,* ***पल्लव*** = *बाल पत्र की,* ***आभम्*** = *शोभावाला,* ***लक्ष्म्यालयं*** = *लक्ष्मी का घर,* ***परमंगलं*** = *अधिक मंगलदायक,* ***आत्मरूपं*** = *परमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप,* ***ते*** = *आपके,* ***चरणारबिन्दं*** = *चरण कमल को,* ***वन्दे*** = *प्रणाम करता हूँ।*

अर्थ–मैं आप के उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो शोभायुक्त है, जो चरणारबिन्द कमल, जव, अंकुश, चक्र, धनु, मछली इन सामुद्रिक राज योग वाले चिह्नों से युक्त हैं जो लाल बालपत्र की जैसा शोभावाला है जो लक्ष्मी का घर है, जो परम-मंगलदायक है, जो परमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप है।

वृन्दावनान्तरं–अगात्–अनुगोकुलानां
संचार्य सर्वपशुभिः स्वविवृद्ध–कामी।
संचिन्तयत्–अगगुरो–र्मृगपक्षिणां यत्
वन्दे महापुरुष! ते चरणार बिन्दम्।। 4।।

अन्वय-शब्दार्थ

स्वविवृद्धकामी *= अपने गोकुल की वृद्धि का इच्छुक (भगवान् कृष्ण)* ***गोकुलानां–अनु*** *= गोकुल के पश्चात्,* ***वृन्दावनान्तरं*** *= वृन्दावन में,* ***अगात्*** *= गया,* ***सर्वपशुभिः*** *= सभी गोकुल के पशुओं के साथ,* ***संचार्य*** *= दौड़धूप करके अथवा (घूमघाम कर)* ***यत्*** *= जिस चरणकमल ने,* ***मृगपक्षिणां*** *= मृगपक्षी गोओं को,* ***अगगुरोः*** *= गोर्वधन पर्वत के नीचे,* ***संचिन्तयत्*** *= एकत्रित किया,* ***ते*** *= आप के,* ***तत् चरणारबिन्दं*** *= उस चरणकमल को* ***वन्दे*** *= मैं नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ—जो भगवान् कृष्ण अपने कुल की वृद्धि का इच्छुक था, गोकुल के सभी पशुओं के साथ दोड़धूप करके जो चरण कमल वृन्दावन में गया, जिस चरणारबिन्द ने सभी मृगपक्षी गोओं को गोवर्धन पर्वत के नीचे एकत्रित किया था, हे महापुरुष भगवान् आप के उसी चरणारबिन्द को मैं प्रणाम करता हूँ।

यत्-गोपिका-विरह-जाग्नि परीतदेहाः
तप्तस्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम्।
रासे तदीय कुच-कुँकुम-पङ्कलिप्तं
वन्दे महापुरुष! ते चरणार-बिन्दम्।।5।।

अन्वय शब्दार्थ

गोपिका = गोपिकाओं के, ***विरहजा*** = विरह से उत्पन्न हुये, ***अग्निपरीत*** = अग्नि से घेरे हुये, **देहाः** = शरीरवाली, **तपस्तनेषु** = जलन से पीडित स्तनों में, ***यत्*** = जिस चरणबिन्द को, ***परिरभ्य*** = स्पर्श करके, ***तापं*** = जलन, ***विजहुः*** = समाप्त हुई, ***रासे*** = रास लीला में, ***तदीय*** = उन गोपिकाओं के, ***कुच*** = स्तनों पर जो, ***कुँकुम*** = ***पङ्कलिप्तं*** = केसर का लेप था उस से लिप्त, ***ते-चरणार-बिन्दम्*** = आप के चरणाकमल को ***वन्दे*** = प्रणाम करता हूँ।।

अर्थ—रासलीला में गोपिकाओं के स्तनों के केसरलेप से लिप्त जिस चरणारबिन्द को (आलिंगन) स्पर्श करके, विरह

की अग्नि से घेरे हुये गोपिकाओं के जलन से पीडित स्तनों का ताप दूर हुआ था हे महा पुरुष कृष्ण! मैं उस चरणारबिन्द को प्रणाम करता हूँ।।

कालीय-मस्तक-विघटन-दक्षम्-अस्य
मोक्षेप्सुभि-र्विरहदीन-मुखाभिर्-आरात्।
तत्-पत्निभिः स्तुतम्-शेष-निकामरूपं
वन्दे महापुरुष! ते चरणार-बिन्दम्।।6।।

अन्वय शब्दार्थ

कालीय = *कालीनाग के,* ***मस्तक*** = *सिर के,* ***विघटन*** = *नष्ट करने में (फोडने में)* **दक्षं** = *निपुण, तत् -* ***पत्निभिः*** = *उस कालीनाग की पत्नियों ने,* ***मोक्षेप्सुभिः*** = *मोक्ष की इच्छावाली,* ***विरह-दीन-मुखाभिः*** = *कालीनाग के विरह से दीन मुखवाली,* ***आरात्*** = *समीप में बैठी हुई,* ***अशेष-निकाम-रूपं*** = *अत्यन्तश्रद्धासे,* ***स्तुतम्*** = *स्तुति किया हुआ,* ***ते*** = *आपके* ***चरणारबिन्दं*** = *चरण कमल को,* ***वन्दै*** = *नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ—पति के विरह से दुःखित, पति के मुक्ति की इच्छावाली, कालीनाग की स्त्रियों ने, कालीनाग के समीप बैठकर जिस चरणारबिन्द की-अनन्य भक्ति से स्तुति की थी, जो चरणारबिन्द कालीनाग के मस्तक फोडने में (नष्ट करने

में) निपुण था, हे महापुरुष, मैं आप के उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

ज्ञानालयं श्रुतिविमृग्यं-अनादिम्-अर्च्यम्
ब्रह्मादिभि र्हृदि-विचन्त्यं-अगाध-बोधैः।
संसार-कूप-पतितो-त्तरणाव-लम्बम्
वन्दे महापुरुष! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अन्वय-शब्दार्थ

ज्ञानालयं *= जो ज्ञान का घर है,* ***श्रुति-विमृग्यं*** *= वेद जिस को ढूँढते हैं,* ***अनादिम्*** *= जिस का आद्य नहीं है,* ***अर्च्यं*** *=जो पूजा के योग्य है,* ***ब्रह्मादिभिः*** *= ब्रह्मादि देवता,* ***हृदि*** *= हृदय में,* ***विचन्त्यम्*** *= जिस का चिन्तन करते हैं,* ***अगाध बोधैः*** *= अधिक ज्ञानी (ज्ञान के भण्डार)* ***संसार कूप*** *= संसार के कुयें में,* ***पतितं*** *= घिरे हुओं को,* ***उत्तरण*** *= पारलेने में,* ***अवलम्बं*** *= सहारा बने हुये।*

अर्थ—जो ज्ञान का घर है, वेद जिस को ढूँढते हैं, जो आद्यन्त रहित है, जो पूजा के योग्य है, जो ज्ञान का भण्डार है। ब्रह्मादि देवता हृदय में जिस का चिन्तन करते हैं, संसाररूपी कुएँ में गिरे हुओं को पार करने में जो सहारा बना है-हे महापुरुष कृष्ण मैं आपके उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

येनाङ्क-बालवपुषः स्तनपान-बुद्धेः
त्वत्-अँघ्रिणा-हृतमऽनो विपरीत चक्रम्।
विध्वस्त-भाण्डम्-अपतत् भुवि गोपमूर्तेः
वन्दे महापुरुष! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अन्वय-शब्दार्थ

*येन = जिस कृष्ण ने, **अङ्कबालवुपुषः** = गोद में उठाने योग्य छोटे शरीर वाले, **स्तन पानबुद्धेः** = दूध पीने की इच्छा वाले, **त्वत्** = आप के, **अँघ्रिणा** = पावों से, **हृतम्** = लात मारा हुआ, **विध्वस्तभाण्डम्** = तोडे हुये बर्तनों से युक्त, **विपरीतचक्रम्** = उल्टा दिया हुआ, **अनः** = छकडा, **गोपमूर्तेः भुवि** = नन्दगोप के अँगान में, **अपतत्** = जिस चरणारबिन्द से गिरा, उस, **ते** = आपके, **चरणारबिन्दं** = चरण कमल को, **वन्दे** = नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ–गोद में उठाने योग्य छोटे शरीरवाले, दूध पीने के इच्छुक श्रीकृष्ण के पाँवों से लात मारा हुआ, तोडे हुये दूध के बर्तनों से भरा हुआ उल्टा दिया हुआ छकडा नन्दगोप के आँगन में जिस चरणारबिन्द ने गिराया उस आपके चरण कमल को हे महापुरुष मैं नमस्कार करता हूँ।

इत्यष्टकं पठति यः परमस्य पुंसो
नारायणस्य निरयार्णव-तारणस्य
सर्वाप्तिमाशु-हृदये कुरुते मनुष्यः
संप्राप्य-देहविलयं लभते च मोक्षम्।।8।।

अन्वय-शब्दार्थ

नारायणस्य *= सृष्टि का बनाने वाला तथा लय करने वाला,* ***निरयार्णव*** *= कष्ठों से भरे सागर से-****तारणस्य*** *= पार करने वाले,* ***परमस्य पुंसः*** *= भगवान कृष्ण के,* ***इति*** *= ऐसे ही,* ***अष्टकं*** *= यह आठ श्लोक,* ***यः मनुष्यः*** *= जो मनुष्य,* ***आशु*** *= विना विलम्ब के,* ***हृदये*** *= हृदय में,* ***कुरुते*** *= धारण करता है,* ***सर्वाप्तिम्-संप्राप्य*** *= सभी सुख ऐश्वर्य प्राप्त करके,* ***देह विलयं लभते*** *= आवागवन से मुक्त हो जाता है*

अर्थ—सृष्टि के बनाने तथा लय करने वाले, कष्टों से भरे सागर से पार करने वाले, भगवान कृष्ण के यह आठ श्लोक जो मनुष्य हृदय में धारण करता है, भक्ति से पढता है, वह मनुष्य सभी ऐश्वर्य प्राप्त करके, आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाता है।

प्रातः स्मरण मंगलस्तोत्रम्

उत्तिष्ठो-त्तिष्ठ गोविन्द, उत्तिष्ठ गरुड़-ध्वज,
उत्तिष्ठ-कमलाकान्त, त्रैलोक्ये मंगलं कुरु।। 1 ।।
मंगलं भगवान् विष्णुः, मंगलं गरुड-ध्वजः,
मंगलं पुण्डरीकाक्षः मंगलायतनं हरिः।। 2 ।।
मूकं करोति वाचालं, पंगुं लंघयते गिरिम्
यत् कृपा तम्-अहं वन्दे, परमानन्द-माधवम्।। 3 ।।
नमो ब्रह्मण्य-देवाय, ग्रोब्रह्मण-हिताय च
जगत्-हिताय कृष्णाय, गोविन्दाय नमोनमः।। 4 ।।

कृष्णाय वासुदेवाय, देवकी-नन्दनाय च
नन्द-गोपकुमाराय, गोविन्दाय नमो नमः।। 5 ।।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वम्-एव,
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।। 6 ।।

एक-श्लोकी-नवग्रहस्तोत्रम्

ब्रह्मा-मुरारिः-त्रिपुरान्त-कारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च,
गुरुश्च शुक्रःशनि-राहु केतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

इस एकश्लोकी नवग्रह स्तोत्र के नित्यपाठ से नवग्रहों की शान्ति होती है।

एकश्लोकी रामायण

आदौ राम-तपोवनादि-गमनं, हत्वा मृगं कांचनं
वैदेही-हरणं जटायु-मरणं, सुग्रीव सम्भाषणम्।
वाली निर्दलनं समुद्र तरणं, लंकापुरी-दाहनं
पश्चात् रावण कुम्भकर्ण-हननं, चैतत्-हि-रामायणम्।। 1 ।।

श्रीरामस्तुतिः

श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि
सुग्रीवमित्रं परमं पवित्रं, सीताकलत्रं नवमेघ-गात्रम्।

कारुण्य-पात्रं शतपत्र-नेत्रं, श्रीराम-चन्द्रं सततं नमामि। 1 ।

अर्थः- सुग्रीव के मित्र, परमपावन, सीता के पति नवीन मेघ के समान शरीर वाले। करुणा के सिन्धु, कमल के समान नेत्रवाले श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

संसार-सारं निगम-प्रचारं-धर्मावतारं हृतभूमि-भारम्।
सदाविकारं सुखसिन्धु-सारं-श्रीराम-चन्द्रं सततंनमामि।। 2 ।।

अर्थः- असार संसार का सारवस्तु, वेदों का प्रचार करने वाले, धर्म के अवतार, भू-भार हरण करने वाले, सदा विकार रहित, आनन्द सिन्धु के सारभूत, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।।

लक्ष्मी-विलासं जगतां निवासं-लंकाविनाशं भुवन-प्रकाशम्।
भू-देव-वासं शरत्-इन्दुहासं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 3 ।।

अर्थः- लक्ष्मी से विलास करने वाला, जगत् का निवास, लंकानाश करने वाला, भुवनों को प्रकाशित करने वाला, ब्राह्मणों को शरण देने वाला, शरत् चन्द्र हास्यवाला, श्रीरामचन्द्र का मैं निरन्तर नमन करता हूँ।

मन्दार-मालं-वचने रसालं - गुणैर्विशालं हत-सप्त-तालम्
क्रव्याद-कालं सुर-लोकपालं- श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 4 ।।

अर्थः-मन्दारपुष्प माला वाले, रसीले वचन बोलने वाले, गुणों में महान्, साततााल वृक्ष भेदने वाले, राक्षसों के काल, देवलोक पालक, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।।

वेदान्त-गानं सकलैः समानं - हतारि-मानं-त्रिदश-प्रधानम्।
गजेन्द्र-यानं विगतावसानं - श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 5 ।।

अर्थः-वेदान्त द्वारा गेय, सबके साथ एक जैसा, शत्रुओं का नाम मर्दन करने वाला, देवताओं में गजेन्द्र सवारी करने वाले, अन्त-रहित-श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

श्यामाभि-रामं नयना-भिरामं, गुणाभिरामं, वचनाभिरामम्।
विश्व-प्रणामं कृतभक्तकामं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 6 ।।

अर्थः- श्याम सुन्दर, नेत्रों को आनन्द देने वाला, गुणों से मनोहर, मधुर वचन बोलने वाले विश्व वन्दनीय, भक्तजनों की कामनायें पूर्ण करने वाले, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

लीलाशरीरं रणरंगधीरं, विश्वैकसारं रघुवंश-हारम्।
गम्भीरनादं जितसर्व-वादं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 7 ।।

अर्थः- लीला के लिये शरीर धारण करने बाले रणस्थली में धीर, विश्व के सार, रघुवंश में श्रेष्ठ, गम्भीरवाणी बोलने वाले, समस्तवादों को जीतने वाले, श्रीरामचन्द्र को मैं प्रतिक्षण प्रणाम करता हूँ।

खले कृतान्तं स्वजने विनीतं - सामोपगीतं मनसाऽप्रीततम्।
रागेणगीतं वचनात्-अतीतं - श्रीराम चन्द्रं सततं नमामि।। 8 ।।

अर्थः- दुष्टों के लिये मृत्युरूप, अपने भक्तों के लिये नम्रभाव वाले, सामवेद के द्वारा स्तुत, मन के अगोचर प्रेम से गान करने वाले योग्य, वचनों से अग्राह्य, श्रीरामचन्द्र को मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ।

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।

।।कलिसन्तरणोपनिषद्''

नवग्रहपीडाहरस्तोत्रम्

सूर्य ग्रहाणाम्-आदिर्-आदित्यो-लोकरक्षण-कारकः
विषमस्थान-सम्भूतां-पीडां-हरतु-मे रविः। 1 ।

चन्द्र रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रः सुधाशनः
विषम-स्थान सम्भूतां पीडां हरतु मे विधुः। 2 ।

भौम भूमिपुत्रो महातेजो जगतां भयकृत् सदा
वृष्टिकृद्-वृष्टि-हर्ता च पीडां हरतु मे कुजः। 3 ।

बुध उत्पातरूपो जगतां चन्द्र पुत्रो महाद्युतिः
सूर्यप्रिय करो विद्वान्, पीडां हरतु मे बुधः। 4 ।

बृहस्पति	देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहिते रतः अनेक शिष्यसम्पूर्णः पीडां हरतु मे गुरुः। 5 ।
शुक्र	दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महामतिः प्रभुस्तारा ग्रहाणां च पीडां हरतु मे भृगुः। 6 ।
शनि	सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः मन्दाचारः प्रसन्नात्मा पीडां हरतु मे शनिः। 7 ।
राहु	महाशिरो महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः अतनुश्चोर्ध्वकेशश्च पीडां हरतु मे शिखी। 8 ।
केतु	अनेक-रूप-वर्णश्च शतशोथ सहस्त्रशः उत्पादरूपो जगतां पीडां हरतु मे तमः। 9 ।

नवग्रहों की उपासना

ग्रह	मन्त्र	समय	संख्या
सूर्य	"ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः"	प्रातः	7,000
चन्द्रमा	"ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः"	सन्ध्या	11,000
भौम	"ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः"	प्रातः	10,000
बुध	"ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः"	प्रातः	9,000
बृहस्पति	"ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः"	सन्ध्या	19,000
शुक्र	"ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः"	सूर्योदय	16,000
शनि	"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः"	सन्ध्या	23,000
राहु	"ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः"	रात्रौ	18,000
केतु	"ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः"	रात्रौ	17,000

देवी प्रार्थना

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेषजन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि।
दारिद्रय-दुःखभय-हारिणि का त्वत्-अन्या, सर्वोपकार-करणाय दयार्द्रचित्ता।।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद, प्रसीद मात-र्जगतोखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वारि पाहि विश्वं त्वं-ईश्वरी देवि चराचरस्य।
पृथिव्यां पुत्रास्ते जननि बहवः सन्ति सरलाः, परं तेषां मध्ये विरलतरलोहं तव सुतः।
मदीयोयं त्यागः समुचितम्-इदं नो तव शिवे, कुपुत्रो जायेत क्वचित्-अपि कुमाता न भवति।।
जगत्-मातर्-मातः तव चरणसेवा न रचिता, न वा दत्तं देवि द्रविणम्-अपि भूयस्तव मया।
तथापि त्वं स्नेहं मयि निर्-उपमं यत्-प्रकुरुषे, कुपुत्रो जायेत क्वचित्-अपि कुमाता न भवति।।
शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायाणे, सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।
या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तयै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्य-भिधीयते, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।

या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण, संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतिषु स्मृतिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।
या देवी सर्वभूतेषु भ्रांतिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।

आनन्दसुन्दर-पुरन्द्र-मुक्तमाल्यं, मौलौ हठेन निहितं महिषासुरस्य
पादाम्बुजं भवतु मे विजयाय मञ्जु, मञ्जीर-शञ्जित-मनोहरम्-अम्बिकायाः
उत्तप्त-हेमरुचिरे त्रिपुरे पुनीहि, चेत्तश्चि-रन्तनम्-अघौघवनं लुनीहि,

कारागृहे निगड-बन्धन-पीड़ितस्य, त्वत्संस्मृतौ झट्-इति मे निगडा-स्त्रुट्यन्तु माया कुण्डलिनी, क्रिया-मधुमती, कालीकला-मालिनी मातंगी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी शक्ति शंकर-वल्लभा त्रिनयना वाक्वादिनी भैरवी, ह्रींकारी त्रिपुरा परा परमयी माता-कुमारीत्यसि। महाबले महोत्साहे, महाभय-विनाशिनि। त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये, शत्रूणां भयवर्धिनि। सर्वमंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके, शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।

शंकर प्रार्थना

प्रणतोस्मि महादेव, प्रपन्नोस्मि सदाशिव, निवारय महामृत्युं, मृत्युंजय नमोस्तुते।
मृत्युंजय महादेव, पाहि मां शरणागतम्, जन्ममृत्यु-जरारोगैः, पीडितं भवबन्धनात्।

कर्पूर-गौरं करुणावतारं, संसार-सारं भुजगेन्द्र-हारम्।
सदा रमन्तं हृदयारबिन्दे, भवं भवानी सहितं नमामि।।

हर शम्भो महादेव, विश्वेशामरवल्लभ। शिव शंकर सर्वात्मन्, नीलकण्ठ नमोस्तुते।

तव तत्त्वं न जानामि, कीदृशोसि महेश्वर, यादृशोसि महादेव, तादृशाय नमो नमः।
आधीनाम्-अगदं दिव्यं व्याधीनां मूलकृन्तनम् उपद्रवाणां दलनं महादेवम्-उपास्महे।।
आत्मा त्वं गिरजा मतिः, परिजनाः प्राणाः शरीरं गृहं, पूजा ते विषयो-पभोगरचना,
निद्रा समाधिस्थितिः। संचारोऽपि परिक्रमः पशुपते, स्तोत्राणि सर्वा गिरो, यत्यत्
कर्म करोमि देव भगवन्, तत् तत् तवाराधनम्।

नागेन्द्र-हाराय त्रि-लोचनाय, भस्मांग-रागाय महेश्वराय।
देवाधि-देवाय दिगम्बराय, तस्मै नकाराय नमः शिवाय।।

मातंग-चरमाम्बर-भूषणाय, समस्त-गीर्वाण-गणा-र्चिताय,
त्रैलोक्य-नाथाय पुरान्तकाय, तस्मै मकाराय नमः शिवाय।

शिवा-मुखाम्भोज-विकासनाय, दक्षस्य यज्ञस्य विनाशकाय
चन्द्रार्क-वैश्वानर-लोचनाय, तस्मै-शिकाराय नमः शिवाय।।

वशिष्ठ-कुम्भोत्भव-गौतमादि, मुनीन्द्र-वन्द्याय गिरीश्वराय।

श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय, तस्मै वकाराय नमः शिवाय।।
यज्ञ-स्वरूपाय जटाधराय, पिनाक-हस्ताय सनातनाय,
नित्याय शुद्धाय निरंजनाय, तस्मै यकाराय नमः शिवाय।
वपुष्प्रादुर्भावात् अनुमितम्-इदं-जन्मनि पुरा।
पुरारे नैवाहं क्वचित्-अपि भवन्तं प्रणतवान्।।
नमन्मुक्तः सम्प्र-त्यतनुर्-अहम्-अग्रे प्यनतिमान्, महेश क्षन्तव्यं तत्-इदम्-अपराध-द्वयम्-अपि ।। करचरणकृतं वाक्-कायजं कर्मजं वा, श्रवण-नयनजं वा, मानसं वाऽ पराधम्।
विदितम्-अविदितं-वा, सर्वम्-एतत्-क्षमस्व, जय जय करुणाब्धे श्रीमहादेव शम्भो।।

लिंगाष्टकम्

ब्रह्मा मुरारिःसुरार्चित लिंगं, निर्मल-भासित-शोभित-लिंगम्।
जन्मज-दुःख-विनाशक-लिंगं, तत्प्रणमामि सदा शिव-लिंगम्।। 1 ।।

देव-मुनि-प्रवरा-र्चितलिंगं, कामदहं करुणाकर-लिंगम्।।
रावण-दर्प-विनाशित-लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिवलिंगम्।। 2 ।।

सर्व-सुगन्धि सुलेपित-लिंगं, बुद्धिविवर्धन-कारण-लिंगम्।।
सिद्ध-सुरासर-वंदित-लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिव-लिंगम्।। 3 ।।

कनक-महामणि-भूषित-लिंगं, फणिपति-वेष्टित-शोभित-लिंगम्।।
दक्ष-सुयज्ञ-विनाशक लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिव-लिंगम्।। 4 ।।

कुंकम-चंदन-लेपितलिंगं, पंकज-हार-सुशोभित-लिंगम्।।
संचित-पाप-विनाशन-लिंगं, तत्प्रणमामि-सदाशिव लिंगम्।। 5 ।।
देव-गणार्चित सेवित लिंगम्, भावेर्भक्तिभिरेव च लिंगम्।।
दिन-कर-कोटि-प्रभा-कर लिंगम् तत्प्रणमामि सदाशिव लिंगम्।। 6 ।।
अष्ट-दलोपरि वेष्टित-लिंगं, सर्व-समुद्-भव-कारण-लिंगम्।।
अष्ट-दरिद्र-विनाशित-लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिवलिंगम्।। 7 ।।
सुरगुरू-सुरवर-पूजित-लिंगम्, सुरवन-पुष्प-सदा-र्चित-लिंगम्।।
परात्परं-परमात्मक-लिंगम्, तत्प्रणमामि सदाशिव-लिंगम्।। 8 ।।
लिंगाष्टकमिदं पुण्यं यः पठेत्-शिव-सन्निधौ
शिवलोक मवाप्नोति शिवेन सह मोदते।

(इति लिंगाष्टकस्तोत्रं सम्पूर्णम्)

शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोऽहं

मनो बुद्ध्य-हंकार-चित्तानि नाहं, नच श्रोत्र-जिह्वे नच घ्राण-नेत्रे।
नच व्योम-भूमि-र्न तेजो न वायुः, चिदानन्द-रूपः शिवोऽहं शिवोऽहं। 1।
नच प्राण-संज्ञो न वे पंचवायुः, न-वा सप्त-धातु-र्न वा पंचकोशः
व वाक्-पाणिपादं न चोपस्थ-पायुः, चिदानन्द-रूपः शिवोहं शिवोहम्। 2 ।
नमे द्वेषरागौ न मे लोभ मोहौ, मदो नैव मे नैव मात्सर्य-भावः
न धर्मो न चार्थो न कामो न मोक्षः, चिदानन्द रूपः शिवोहं शिवोहम्। 3 ।
न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं, न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञः
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्। 4 ।
न मृत्यु-र्न शंका न मे जातिभेदः पिता नैव मे नैवा माता च जन्म।

न बन्धु-र्न मित्रं गुरु-नैव शिष्य: चिदानन्दरूप: शिवोऽहं शिवोऽहम् 5।
अहं निर्विकल्पी निराकाररूपो लघुत्वात्-च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम्
न चा संगतं नैव मुक्ति-र्न मेय: चिदानन्दरूप: शिवोऽहं शिवोऽहम्। 6 ।

इति-श्रीमत्-शंकराचार्य-विरिचितं निर्वाणषटकं सम्पूर्णम्

विष्णुस्तुति:

जय नारायण, जय पुरुषोत्तम, जय वामन कंसारे।
उद्धर मामसुरेशविनाशिन् पतितोहं संसारे।।
घोरं हर मम नरकरिपो, केशव कल्मषाभारं।
माम्-अनुकम्पय दीनम्-अनाथं, कुरु भव-सागरपारम्।। घोरं हर मम०।। 1।।
जय जय देव जया-सुरसूदन, जय केशव जय विष्णो।
जय लक्ष्मीमुख-कमल-मधुव्रत, जय दशकन्धर जिष्णो। घोरं हर मम०।। 2 ।।

यद्यपि सकलम्-अहं कलयामि हरे नहि किम्-अपि स सत्वम्।
तत्-अपि न मुञ्चति माम्-इदम्-अच्युत, पुत्रकलत्र-ममत्वं। घोरं हर मम०।। 3।।
पुनर्-अपि जननं पुनर्-अपि मरणं, पुनर्-अपि गर्भ-निवासम्।
सोढुम्-अलं-पुनर्-अस्मिन्-माधव, माम्-उद्धर निजदासम्। घोरं हर मम०।। 4 ।।
त्वं जननी जनकः प्रभुर्-अच्युत, त्वं सुहृत्-कुलमित्रम्।
त्वं शरणं शरणा-गतवत्सल, त्वं भव-जलधि-वहित्रं।। घोरं हर मम०।। 5 ।।
जनक-सुता-पति-चरण-परायण, शंकर-मुनिवर-गीतं।
धारय मनसि कृष्ण-पुरुषोतम, वारय संसृति-भीतिम्।। घोर हर मम०।। 6 ।।

नारायणस्तुतिः

अच्युतं केशवं रामनारायणं, कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम्।।
श्रीधरं माधवं गोपिकावल्लभं जानकीनायकं राम चन्द्रं भजे।।

सूरजं शैशवं सत्यभा-माधवं, श्रीधरं श्रीपतिं-राधिका-राधितम्।
इन्दिरा-मन्दिरम् चेतसा सुन्दरं, देवकीनन्दनं नन्दजं संभजे।।
अँगनाम्-अँगनाम्-अन्तरे माधवो, माधवं माधवं चान्तरे-णांगना।
सत्यभा-कल्पिते मण्डले मध्यगः, सञ्जगौ वेणुना देवकीनन्दनः।।
बालिका-बालिका बाललीला-लयः, संग-सन्दर्शित-भ्रू-लता-विभ्रमः।
गोपिका गीत-दत्ता-वदानः स्वयं, संजगौ वेणुना देवकी-नन्दनः।।
जयतु जयतु देवो देवकीनन्दनोयं, जयतु जयतु कृष्णो, वृष्णिवंश-प्रदीपः।
जयतु जयतु मेघ, श्यामलः कोमलांगो, जयतु जयतु पृथ्वी-भारनाशो मकुन्दः।।

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम्।।

गुरुस्तुतिः

वन्देहं सच्चिदानन्दं भेदातीतं जगद् गुरुम्
नित्यं पूर्णं निराकारं निर्गुणं सर्व-संस्थितम्। 1 ।
परात्परतरं ध्येयं नित्यम्-आनन्दकारणम्
हृदयाकाश-मध्यस्थं शुद्धस्फटिक-सन्निभम्। 2 ।
नमामि सद् गुरुं शान्तं प्रत्यक्षं शिवरूपिणम्
शिरसा योगपीठस्थं धर्मकार्मार्थ-सिद्धये। 3 ।
अखण्ड-मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुर-वे नमः। 4 ।
अज्ञानतिमरान्धस्य ज्ञानञ्जन-शलाकया
चक्षुर्-उन्मीलितं येन तस्मै श्री-गुरवे नमः। 5 ।

हरौ रुष्टे गुरु-स्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन
सर्वदेव-स्वरूपाय तस्मै श्री-गुर-वे नमः। 6 ।
चैतन्यं शाश्वतं शान्तं व्योमातीतं निरञ्जनम्
बिन्दु-नादकलातीतं तस्मै श्री-गुर-वे नमः। 7 ।
शिष्यानां मोक्षदानाय लीलया-देहधारिणे
सदेहेपि विदेहाय तस्मै श्री-गुर-वे नमः। 8 ।
ज्ञानिनां ज्ञानरूपाय प्रकाशाय प्रकाशिनाम्
विवेकिनां विवेकाय विमर्शाय विमर्शिनाम्। 9 ।
पुरस्तात्-पार्श्वयोः पृष्ठे नमस्कुर्याम्-उपर्यधः
सदामत्-चित्तिरूपेण विधेहि भवदासनम्। 10 ।

विष्णु प्रार्थना

शान्ताकारं भुजंगशयनं पद्मनाभं सुरेशं । विश्वाधारं गगनसदृश्यं मेघवर्ण शुभाङ्गम्। लक्ष्मी कान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यान गम्यं। वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम्। १ । यस्य हस्ते गदा चक्रं गुरुडो यस्य वाहनं। शंखः करतले यस्य स मे विष्णुः प्रसीदतु । २ । यद्बाल्ये यश्च कौमारे यद्यौवने कृतं मया। वयः परिणतौ यश्च यक्ष्च जन्मान्तरेषुच। कर्मणा मनसा वाचा यापापं समुपार्जितं तन्नारायण गोविन्द क्षमस्व गुरुडध्वज। ३ । त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखस्त्मेव त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्व ममदेव देव। ४ । तत्रैव गंगा यमुना चवेणी, गोदावरी सिंधु सरस्वती च सर्वाणि तीर्थानि वसंति तत्र, यत्राच्युतोदार कथा प्रसंगः। ५ । नमामि नारायण पादपंकजं करोमि नारायण पूजनं सदा। वदामि नारायण नाम निर्मलं, स्मरामि नारायण तत्वम व्ययम। ६ । गो कोटिदानं ग्रहणेषु, काशी, प्रयागं गंगाऽयुतकल्पवासः। यज्ञायतं मेरु सुवर्णदानं, गोविंदनाम्ना न कदापि तुल्यम्।। ध्येयः सदा सवितृमण्डल मध्यवर्ती नारायणः सरसिजासन- सन्निविष्ठः। केयूरवान-कनक- कुण्डलवान्-किरीटी हारी हिरण्य-वपुर्धृत शङ्खचक्रः। ८ । करार बिन्देन पदारबिन्दं मुखारबिन्दं विनिवेशययन्तं। अश्वत्थपत्रस्य पुटेयान, बालं मुकुन्दं मनसा स्मारामि। ९ । गोविन्द गोविन्द हरे मुरारे, गोविन्द गोविन्द रथांगपाणे। गोविन्द गोविन्द मुकुंद कृष्ण, गोविन्द गोविन्द नमो नमस्ते। १० ।

शिव-चामर-स्तुतिः

ॐ अतिभीषण कटुभाषण यमकिङ्कर पटली
कृत-ताडन-परिपीडन-मरणागम-समये।
उमया सह मम चेतसि यमशासन निवसन्
शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम्।। 1 ।।
अतिदुर्नय चटुलेन्द्रिय रिपु-सञ्चय दलिते
पविकर्कश कटुजल्पित खलगर्हण-चलिते।
शिवया सह ममचेतसि शशिशेखर निवसन्
शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर में हर दुरितम्।। 2 ।।
भव भञ्जन सुर-रञ्जन खलवञ्चन पुरहन्
दनुजान्तक मदनान्तक रतिजान्तक भगवन्।
गिरिजावर करुणाकर परमेश्वर भयहन्
शिवशङ्कर शिव शङ्कर हर में हर दुरितम्।। 3 ।।
शक्रशासन कृतशासन चतुराश्रम विषये
कलिविग्रह भवदुर्ग्रह रिपुदुर्बल समये।
द्विज-क्षत्रिय-वनिता शिशुदर कम्पित हृदये
शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर में हर दुरितम्।। 4 ।।
भवसम्भव विविधामय परिपी-डितवपुषं
दयितात्मज ममताभर-कलुषी-कृत-हृदयम्।
करु मां निजचरणार्चन निरतं भव सततं
शिव शंकर शिवशंकर हर में हर दुरितम्।। 5 ।।

गायत्री चालीसा

ॐ भूर्भवः स्वः ॐ युतजननी
गायत्री नितकलिमल दहनी।
अक्षर चौबीस परम पुनिता
इनमें बसे शास्त्र श्रुति गीता।
शाश्वत सतोगुणी सत् रूपा
सत्य सनातन सुधा अनूपा।
हंसारूढ सितम्बर धारी
स्वर्णकान्ति शुचि गगन बिहारी।
पुस्तक पुष्प कमण्डलु माला
शुभ्र वर्ण तनु नयन विशाला।
ध्यान धरत पुलकित हियहोई
सुख उपजत दुख दुरमति खोई।

कामधेनु तुम सुर तरु छाया
निराकर की अद्भुत माया।
तुम्हरी शरण गहै जो कोई
तरै सकल संकट सों सोई।
सरस्वती लक्ष्मी तुम काली
दिपै तुम्हारी ज्योति निराली।
तुम्हरी महिमा पार न पावै
जो शारद शत मुख गुन गावैं।
चार वेद की मातु पुनीता
तुम ब्रह्माणी गौरी सीता।
महा मन्त्र जितने जग माहीं
कोऊ गायत्री सम नाहीं।

सुमरत हिय में ज्ञान प्रकासै
आलस्य पाप अविद्या नासै।
सृष्टि बीज जग जननि भवानी
कालरात्रि वरदा कल्याणी।
ब्रह्मा विष्णु रुद्र सुर जेते
तुमसों पावें सुरता तेते।
तुम भक्तन की भक्त तुम्हारे
जननि हिं पुत्र प्राण ते प्यारे।
महिमा अपरम्पार तुम्हारी
जै जै जै त्रिपदा भय हारी।
पूरित सकल ज्ञान-विज्ञाना
तुम सम अधिक न जग में आना।
तुमहि जानि कछु रहे न शेषा
तुमहिं पाय कछू रहै न कलेषा।

जानत तुमहिं तुमहिं ह्वै जाई
पारस परसि कुधातु सुहाई।
तुम्हरी शक्ति दिपै सब ठाईं
माता तुम सब ठौर समाई।
ग्रह नक्षत्र ब्रह्माण्ड घनेरे
सब गतिवान् तुम्हारे प्रेरे।
सकल सृष्टि की प्राण विधाता
पालक पोषक नाशक त्राता।
मातेश्वरी दया व्रतधारी
तुम सम तरे पातकी भारी।
जा पर कृपा तुम्हारी होई
ता पर कृपा करे सब कोई।
मन्द बुद्धि ते बुद्धि बल पावें
रोगी रोग रहित ह्वै जावें।

दारिद्र मिटै कटै सब पीरा
नासै दुख हर भव भीरा।
गृह क्लेश चित चिन्ता भारी
नासै गायत्री भय हारी।
सन्तति हीन सुसन्तति पावें
सुख सम्पत्ति युत मोद मनावें।
भूत पिशाचं सबै भय खावें
यम के दूत निकट नहीं आवें।
जो सधवा सुमिरैं चितलाई
अछत सुहाग सदा सुखदाई।
घर बर सुख प्रबल हैं कुमारी
विधवा रहें सत्य व्रत धारी।
जयति जयति जगदम्ब भवानी
तुम सम और दयालु न दानी।
जो सद्गुरु से दीक्षा पावैं
सो साधन को सफल बनावें।

सुमिरन करै सुरुचि बडभागी
लहैं मनोरथ गृही विरागी।
अष्ट सिधि नव निधि की दाता
सब समर्थ गायत्री माता।
ऋषि मुनि तपस्वी योगी
आरत अर्थी चिन्तित भोगी।
जो जो शरण तुम्हारी आवैं
सो सो निज वांछित फल पावैं।
बल विद्या शील सुभाऊ
धन वैभव यश तेज उछाहू।
सकल बढ़ें सुख नाना
जो यह पाठ करै धर ध्याना।

यह चालीसा भक्तियुत, पाठ करै जो कोय
तापर कृपा प्रसन्नता, गायत्री की होय।

गणेश स्तुति:

आयसय शरण करतम क्षमा
ओं श्री गणेशाये नमः।
गणपत गणेश्वर हे प्रभो
कलिराज़ राजन हुन्द विभो
पज़ि लोलु पादन तल नमः।।ॐ
गुडनी च्यय छुय आधिकार
कलिकालकुय चय ताजदार
पज़ि लोलु पादन तल प्यमा।।ॐ
मूषक च़्य वाहन शूभवुन
त्रन लूकनय मंज़ फेरवुन
सहायक म्य रोज़तम हर दमः।।ॐ
यज्ञस ज़पस व्यवहारम्य

गुड़ छिय सुरान प्रथकारसय
कारस अनान छुःख चय जमः।।ॐ
सुन्दर लम्बोदर एक दन्त
स्मरन चाञ बतियन म्ये अन्द।
रति वेल, सुन्दर छुम समः।।ॐ
स्मरन यि चानी यिम करान
भवसागरस अपोर तरान
रट्अ सानि नावे चय नमा।।ॐ
रमरन यि चानी भक्ति ज़न
पूरण गछान तम्यसुन्द छु प्रन।
चरणोदकुक अमृत चमा।।ॐ
ज़गतुक महेश्वर चय पिता।

सीत रूप्र सित धर्मच सत्ता।
माता च्य गौरी श्री वुमा।।ॐ
बाह नाव सुन्दर शूभवज
स्वर्गस गछान तिम बोलवज
पूरण करुम पूरण तमा।।ॐ
आमुत भक्त च्यय छुय शरण
प्योमुत खोरन तल छुय परण।
वर दिथ कास्तम चथ गमा।ॐ
सुबह प्यठ भखत, छिय लारान
प्रेयम पोश ह्यथ छिय प्रारान।
छुयख च्यानि पूजि लागनुक तमा।ॐ
गणेशबल प्यठ आख चीलथअय
अंग-अंग संअीदरा मीलथय
गोअड़ बोअज म्यन प्रार्थना।।ॐ

शारदा पढ़िये

शारदा पढ़ कर अपनी सभ्यता तथा संस्कृति को जीवित रखें। हमारा कर्त्तव्य है कि हम शारदा लिपि की रक्षा करें क्योंकि यह हमारे बुजूर्गों का धरोहर है यदि आप शारदा पढ़ना चाहते हैं तो हमारे कार्यालय से शारदा प्राईमर मुफ्त ले सकते हैं।

संस्कृत पढ़िये

यदि आप कर्मकाण्ड को जीवित रखना चाहते हैं तो संस्कृत भाषा पढ़िये क्योंकि कर्मकाण्ड की सभी पुस्तकें संस्कृत भाषा में है मेरे ओर से सभी छोटी-वड़ी संस्थाओं से प्रार्थना है कि संस्कृत पढ़ने तथा पढ़ाने के लिये हर मौहल्ले में केन्द्र खोले तभी हम अपनी मर्यादा तथा कर्मकाण्ड को जीवित रख सकते हैं।

शिवाय नमः ओं नमः शिवाय

आधार ज़गतुक कुनुय छु मन्त्र शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
त्रिपंच नयनो ही आदि दीवो, जटा मुकट छुय गंडिथ च्य़ दीवो
चन्द्र-अर्द्ध शेखर, त्रिलोचनाय, शिवाय नमः ओं, नमः शिवाय।।
च्य़ नील कंठो जटन छय-गंगा, च मोक्षदायक गुसोञ्य नंगा
अलक्ष अगोचर छ्य़पन गुफाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाय।।
बिहिथ छय गौरी च्य सूत्य नालय, वलिथ छुय सर्पन हुंदुय दुशालै
सहस्त्र सूर्यि तीज़ च्य़ मंज़ जटाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाय।।
अथस च्य़ डाबर चू बीन वायान, कपाल-माल त्रिशूल धारान
भक्तयन अभय छुख दिवान यछ़ाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाय।।

रटिथ चू अंकुश खडगधारिथ, धनुर धनन मंज पिनाक चारथि
वुदनि बू डंड्वथ करय हा माये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाय।।
भवाय दीवो शर्वाय दीवो, भस्माय दीवो सुरान च्य़ ज़ीवो
च्य़ जीव पूज़ान छिय भावनाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाये।।
संसार सुदरस, म्य तार तारुम, अमर बनावुम शिव मार्ग हावुम
वोलुस कुकर्मव कुवासनाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाय।।
अनाथ बन्धो दयायि सागर, संसार की दुःख म्य यिम छि तिम च़ठ
ज़गतस दया कर च ह्यथ ओमाये, शिवाय नमः ओं नमः शिवाय।

हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे

दुर्गा सिद्ध मन्त्र स्तोत्र

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद, प्रसीद मातर् जगतोऽखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं, त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य।।

अर्थ:- शरणागत की पीड़ा को दूर करने वाली देवी! हम पर प्रसन्न होओ। पूरे विश्व की जननी! प्रसन्न होवो। हे विश्वेश्वरि! विश्व की रक्षा करो। हे देवी! तुम चराचर जगत् की अधीश्वरी (स्वामी) हो।

त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या, विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेतत, त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्ति हेतुः।।

अर्थ:- हे देवी! तुम अनन्त वलयुक्त वैष्णवी शक्ति हो, इस विश्व की बीजरूपा परा माया हो, आप ने इस पूरे विश्व को मोहित कर रखा है, आप ही प्रसन्न होने पर इस पृथ्वी पर मोक्ष की प्राप्ति कराती हो।

विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः, स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।
त्वयैकया पूरितम् अम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः।।

अर्थः- हे देवी! समस्त विद्यायें आप के ही अलग-अलग रूप हैं संसार में जितनी भी स्त्रियां हैं सब आप की ही मूर्तियां है, हे जगत् अम्बा! एक मात्र आपने इस पूरे विश्व को व्याप्त कर रखा है आप की स्तुति क्या हो सकती है आप स्तवन करने योग्य पदार्थों से परे हो।

विश्वेश्वरि त्वं परिपासि विश्वं, विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम्।
विश्वेशवन्ध्या भवती भवन्ति, विश्वाश्रया ये त्वयि भक्ति नम्राः।।

अर्थः- हे विश्वेश्वरि! आप विश्व का पालन करती हो, आप विश्व रूपा हो, इस कारण आप समस्त विश्व को धारण करती हो आप भगवान् विश्वनाथ की भी वन्दनीया हो, जो लोग भक्तिपूर्वक आप के सामने सिर झुकाते हैं वे सम्पूर्ण विश्व को आश्रय देने वाले होते हैं।

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।
द्रारिद्र्-दुःख भय-हारिणि का त्वदन्या, सर्वोप कारकरणाय सदार्द्रचित्ता।।

अर्थः- मां दुर्गे! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय दूर करती है और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती है। दुःख दरिद्रता और भय हरने वाली देवी! आप के सिवा दूसरी कौन है जिस का चित सबका उपकार करने के लिये हमेशा दयार्द्र रहता है।

सर्वमङ्गल-मङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।

अर्थः- सभी शुभकामनाओं को सिद्ध करने से सुन्दर अथवा कल्याणकारी धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को देने वाली दुःखों से रक्षा करने वाली, अग्नि, चन्द्रमा, सूर्य रूपी तीन नेत्रों वाली, दक्ष प्रजापत के यज्ञ में योग अग्नि में भस्म बनी हुई अतः गौर वर्ण वाली, विष्णु की लक्ष्मी रूपा शक्ति वाली माता तुम्हें नमस्कार हो।

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे। सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।।

अर्थः- शरण में आये हुये दीनों एवं पीडितों की रक्षा में संलग्न रहने वाली तथा सब की पीडा दूर करने वाली नारायणी देवी! आप को नमस्कार है।

शिवाष्टकम्

शीतांशु-शुभ्र कलया कलितो-त्तमाङ्गं, ध्यान स्थितं धरणिभृत्तनयार्चितं तम्।
काला-नलोप-महला हल-कृष्ण कण्ठं, श्री शंकरं कलिमलापहरं नमामि।।

अर्थः- सुन्दर चन्द्रमा की शुभ्रकला से आप का शिरो भाग शोभित है, पर्वतराज हिमालय की कन्या पार्वती जी स्वयं ही आप की पूजा अर्चा करती है, संसार को जलन से बचाने के लिये कालानल के समान महा भीषण हलाल पी जाने से आप का कण्ठ काला हो गया है, इस कलिकाल का मल दूर करने में आप अपना सानी नहीं रखते, ऐसे ध्यान में मग्न आप शंकर को मेरा प्रणाम।

गायन्ति यस्य चरितानि महात्-भुतानि, पद्मोद्-भवोद्-भवमुखाः सततं मुनीन्द्राः ध्यायन्ति यं यमितम्-इन्दु-कलावतं सं, सन्तः समाधि-निरतास्तम् अहं नमामि।।

अर्थः- आप के अत्यन्त अद्भुत चरितों का गान ऐसे-वैसे नहीं, नारदादि बड़े-बड़े महामुनि तक किया करते हैं, साधु शिरोमणि योगीश्वर भी समाधि लगा कर आप ही का ध्यान करते रहते हैं ऐसे आप शंकर को पुनरपि मेरा प्रणाम।

त्रैलोक्यम्-एतत्-अखिलं ससुरासुरञ्च, भस्मीभवेत्-यदि न यो दययार्द्र देहः।
पीत्वाऽहरद्गरलम्-आशु भयं तदुत्थं, विश्वा-वनैक-निरताय-नमोस्तु-तस्मै।।

अर्थः- हे शंकर! आप बड़े ही दयालु हैं, आप की दया सीमा रहित है, जब समुद्र मन्थन से हलाहल निकलने पर उस की आग असह्य हो गई, तब उस कालकूट का पान स्वयं करके तीनों लोकों को जल जाने से बचा लिया, संसार की रक्षा का इतना ख्याल रखने वाले आप के चरणों में मैं अपना सिर रखता हूँ।

नो शक्यम्-उग्र तपसापि युगान्तरेण, प्राप्तुं यद्-अन्य सुर पुङ्गवतस्त देव।
भक्तया सकृत्प्रणम्-अनेन-सदा-ददाति, यो नौमि नम्रशिरसा च तमाशुतोषम्।।

अर्थः- युग-युगान्त-पर्यन्त तपस्या करने पर भी जो फल प्राप्ति भक्तों को अन्य सुर पुङ्गवों से भी नहीं हो सकती, वही आप को भक्ति भावपर्वूक प्रणाम मात्र करने से आप के सच्चे भक्तों को सुलभ

हो जाती है, क्योंकि आप आशुतोष हैं (अर्थात् थोड़ी सेवा से प्रसन्न होने वाले) मैं आप के सामने अपना सिर झुकाता हूँ।

भूति प्रियोऽपि वितरत्यनिशं विभूतिं, भक्ताय यः फणिगणानपि धारयन् सन्।
हन्ति प्रचण्ड भव भीम भुजङ्ग भीतिं, तस्मै नमोस्तु सततं मम शंकराय।।

अर्थः- आप स्वयं ही विभूति-प्रिय हैं, वह प्यारी वस्तु विभूति अपने भक्तों को रोज़ ही लुटाया करते है, स्वयं आप महा भंयकर नागों के कण्ठे और मालायें आदि धारण करते है उधर आप ही जन्म-मरण रूपी भीम भुजङ्ग के भय से अपने सेवकों की रक्षा करते हैं हे मेरे शंकर ! आप को मेरा नमस्कार।

येषां भयेन विबुधा रजनी चराणां, नो तत्यजुर्हिम-महीध्र-गुहा गृहाणि।
हत्वा ददौ गिरिश तानपि शै़व धाम, त्वत्तः परोऽस्ति परमेश्वर को दयालुः।।

अर्थः- हे शंकर! जरा उन राक्षसों का स्मरण कर जो इतने पराक्रमी हो गये थे कि वह देवों का तरह-तरह से उत्पीड़न करने लगे थे यहां तक कि देवता उन के भय से हिमालय की गुफाओं में छिपे रहते थे। ऐसे अत्याचारी और पापी राक्षसों को भी मार कर आप ने पुण्य लोक भेज दिया, क्या आप से कोई अधिक दयालु देवता कही हैं ? आप यथार्थ में परमेश्वर हैं।

पाप प्रसाधनरता दितिजा अपीन्द्रं, सद्यो विजित्य सुरधाम-धराधिपत्यम्।
यस्य प्रसादलवलेश-वशादवाप्ताः, तस्मै ममास्तु विनतिः परमेश्वराय।।

अर्थः- लङ्केश्वरादि राक्षस पुण्यात्मा नहीं थे वे महा उत्पातकारी और पापिष्ठ थे परन्तु आप का सच्चा सेवक होने के कारण महीन्द्र को जीतकर देव लोक के अधीश्वर बन बैठे, आप से बढकर मुझे कोई परमेश्वर्यशाली और कोई देवता दिख नहीं पड़ता, मेरी विनती स्वीकार करो।

अर्चा कृता न तव नाम हर स्मृतन्न, नो भक्तवत्सल कृतं तव किञ्चिदन्यत्।
वीक्ष्य स्वपादकमलोपनतं तथापि, माम् पाहि कारुणिक-मौलिमणे महेश।।

अर्थः- मैं पापी आप से किस मुंह से कुछ याचना करूं, मैंने कभी भूल कर भी आप की अर्चना नहीं की है, कभी भूल से भी आप का नाम नहीं लिया है, कभी भूल कर भी आप की कोई सेवा नहीं की है, फिर भी यह देख कर कि यह आप के चरणों पर पड़ा है और नाक रगड़ रहा है आशा है आप मुझ पर भी कृपा करेंगे, क्योंकि आप आशुतोष होकर परम भक्त वत्सल भी हैं।

गीता पढ़िये या सुनिये

अच्युताष्टकम्

अच्युतं केशवं रामनारायणं, कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम्।
श्रीधरं माधवं गोपिका वल्लभं, जानकी नायकं रामचन्द्रं भजे।।
अच्युतं केशवं सत्य-भा-माधवं, माधवं, श्रीधरं राधिकाऽऽराधितम्।
इन्दिरा मन्दिरं चेतसा सुन्दरं, देवकी नन्दनं नन्दनं सन्दधे।।
विष्णवे जिष्णवे शंखिने चक्रिणे, रुक्मिणी रागिणे जानकी जानये।
वल्लवी-वल्लभा-याऽर्चिता-ऽऽत्मने, कंस-विध्वंसिने-वंशिने-ते-नमः।।
कृष्ण गोविन्द हे राम नारायण, श्रीपते वासुदेवाजित श्रीनिधे।
अच्युतानन्त हे माधवाधोक्षज, द्वारका नायक द्रौपदी रक्षक।।
राक्षस-क्षोभितः-सीतया-शोभितो, दण्डकारण्य-भू-पुण्यता-कारणः।
लक्ष्मणेनाऽन्वितो-वानरैः-सेवितो-गस्त्य-सम्पूजितो-राघवः-पातु-माम्।।
धेनुकारिष्टको-ऽनिष्टकृत्-द्वेषिणां, केशिहा-कंसहृत्-वंशिका-वादिकः।
पूतना कोपकः सूरजा खेलनो, बाल गोपालकः पातु मां सर्वदा।।

विद्युत-द्योतवान्-प्रस्फुरत्-वाससं, प्रावृडम्-भोदवत्-प्रोल्लसत्-विग्रहम्।
वन्यया मालया शोभितोरः स्थल, लोहितांघ्रिद्वयं वारिजाक्ष भजे।।
कुञ्चितैः-कुन्तलैः-भ्राजमा-नानं, रत्न-मौलिं-लसत्-कुण्डले-गण्डयो।
हारकेयूरकं-कंकण-प्रोज्जवलं, किंकिर्णी-अंजुलं-श्यामलं-तं-भजे।।
अच्युतस्या-षृकं-यः-पठेत्-इष्टदं, प्रेमतः-प्रत्यहं-पूरुषः-सस्पृहम्।
वृत्ततः सुन्दरं कर्तृ विश्वम्भरं तस्य वश्यो हरिर्जायते सत्त्वरम्।।

शिवपञ्चाक्षरस्तोत्रम्

नागेन्द्र हाराय त्रिलोचनाय, भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय, तस्मै नकाराय नमः शिवाय।।
मन्दाकिनी-सलिल-चन्दन-चर्चिताय, नन्दीश्वर-प्रमथनाथि-महेश्वराय।
मन्दारपुष्प-बहुपुष्प-सुपूजिताय तस्मै मकाराय नमः शिवाय।।
शिवाय-गौरी-वन्दनाब्ज-वृन्द, सूर्याय-दक्षाऽध्वर-नाशकाय।

श्रीनीकलण्ठाय वृषध्वजाय, तस्मै शिकाराय नमः शिवाय।।
वसिष्ठ-कुम्भोद्भव-गौतमार्य, मुनीन्द्र-देवाऽर्चित-शेखराय।
चन्द्रार्क-वैश्वानर-लोचनाय, तस्मै वकाराय नमः शिवाय।।
यक्षस्वरूपाय जटाधराय, पिनाकहस्ताय समातनाय।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय, तस्मै यकाराय नमः शिवाय।।
पंचाक्षरम्-इदिं पुण्यं यः पठेत्-शिव-सन्निधौ।
शिवलोकम्-अवाप्नोति-शिवेन-सह-मोदते।।

शिवषडक्षरस्तोत्रम्

ॐकारं विन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः।।
तमन्ति ऋषयो देवा, नमन्ति-अप्सरसां गणाः।
नरा नमन्ति देवेश नकाराय नमो नमः।।

महादेवं महात्मानं महाध्यानं परायणम्।
महापापहरं देवं मकाराय नमो नमः।।
शिवं-शान्तं-जगन्नाथं, लोका-नुग्रह-कारकम्।
शिवमेकपदं नित्यं शिकाराय नमो नमः।।
वाहनं वृषभो यस्य वासुकिः कण्ठभूषणम्।
वामे शक्तिधरं देवं यकाराय नमो नमः।।
यत्र यत्र स्थितो देवः सर्वव्यापी महेश्वरः।
यो गुरुः सर्वदेवानां यकाराय नमो नमः।।
षड्-अक्षरं-इदं-स्तोत्रं-यः-पठेत्-शिव-सन्निधौ।
शिव-लोकं-अवाप्नोति, शिवेन-सह-मोदते।।

श्री रुद्राष्टकम्

नमामि-ईशं-ईशान-निर्वाण-रूपं, विभुं-व्यापकं-ब्रह्म-वेद-स्वरूपम्।
अजं-निर्गुणं-निर्विकल्पं-निरीहं, चिदा-कारम्-आकाशवासं-भजेऽहम्।।

निराकारं-ओंकार-मूलं-तुरीयं, गिरा-ज्ञान-गोतीतं-ईशं-गिरीशम्।
करालं-महाकाल-कालं-कृपालं, गुणा-गार-संसार-पारं-नतोऽहम्।।
तुषाराद्रि-सङ्काश-गोरं-गभीरं, मनो-भूत-कोटि-प्रभासी-शरीरम्।
स्फुरन्-मौलिकल्लोलिनी-चारु-गङ्गा, लसत्-भाल-बालेन्दु-कण्ठे-भुजङ्गा।।
चलत्-कुण्डलं-शुभ्रनेत्रं-विशालं-प्रसन्नाननं-नीलकण्ठं-दयालुम्।
मृगाधीश-चर्माम्बर-मुण्डमालं, प्रियं-शङ्करं-सर्वनाथं-भजामि।।
प्रचण्डं-प्रकृष्टं-प्रगल्भं-परेशं, अखण्डं-भजे-भानु-कोटि-प्रकाशम्।
त्रयी-शूल-निर्मूलनं-शूल-पाणिं, भजेऽहं-भवानीपतिं-भाव-गम्यम्।।
कलातीत-कल्याण-कल्पान्त-कारी, सदा-सज्जना-नन्ददाता-पुरारिः।
चिदानन्द-वन्दोह-मोहाप-हारी, प्रसीद-प्रसीद-प्रभो-मन्मथारिः।।
न-यावत्-उमानाथ-पादार-विन्दं, भजन्तीह-लोके-परे-वा-नराणाम्।
न-तावत्-सुखं-शान्ति-सन्ताप-नाशं, प्रसीद-प्रभो-सर्व-भूताधिवासं।।
न जानामि-योगं-जयं-नैव-पूजां, नतोऽहं-सदा-सर्वदा-देव-तुभ्यम्।
जरा-जन्म दुखौघता-तप्यमानं, प्रभो-पाहि-शापात्-नमामीश-शम्भो।।

रुष्द्राष्टकं-इदं प्रोक्तं, विप्रेण हर तुष्टये।
ये पठन्ति नरा-भक्त्या, तेषां शम्भुः प्रसीदति।।

दुर्गास्तुति

नमस्ते शरण्ये शिवे सानुकम्पे, नमस्ते जगद्व्यापिके विश्वरूपे।
नमस्ते जगद्वन्द्य-पादारविन्दे, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
नमस्ते जगच्चिन्त्यमानस्वरूपे, नमस्ते महायोगिनि ज्ञानरूपे।
नमस्ते नमस्ते सदानन्दरूपे, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अनाथस्य दीनस्य तृष्णातुरस्य, भयार्तस्य भीतस्य बद्धस्य जन्तोः।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारकर्त्री, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अरण्ये रणे दारुणे शत्रुमध्ये, ऽनले सागरे प्रान्तरे राजगेहे।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारनौका, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अपारे महादुस्तरेऽत्यन्तघोरे, विपत्सागरे मज्जतां देहभाजाम्।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारहेतुः, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।

नमश्चण्डिके चण्डदुर्दण्डलीला, समुत्खण्डिताखण्डिताशेषशत्रो।
त्वमेका गतिर्देव निस्तारबीजं, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
त्वमेवाघभावाधृतासत्यवादीर्न, जाताजितक्रोधनात् क्रोधनिष्ठा।
इडा पिङ्गला त्वं सुषुम्णा च नाडी, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
नमो देवि दुर्गे शिवे भीमनादे, सरस्वत्यरुन्धत्यमोघस्वरूपे।
विभूतिः शची कालरात्रिः सतिः त्वं, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।

सरस्वती वंदना

श्वेत-पद्मासना देवी श्वेत-पुष्पोप-शोभिता।
श्वेताम्बर-धरा नित्या श्वेत-गन्धानु लेपना।।
श्वेताक्षी शुक्ल वस्त्रा च श्वेत-चन्दन-चर्चिता।
वरदा सिन्धु-गन्धर्वैः ऋषिभिः स्तूयते सदा।।
स्तोत्रेणाऽनेन तां देवीं जगद्धात्रीं सरस्वतीम्।
ये स्तुवन्ति त्रिकालेषु सर्वविद्या लभन्ति ते।।

या देवी स्तूयते नित्यं ब्रह्मेन्द्र-सुर-किन्नरैः।
सा ममैवाऽस्तु जिह्वाग्रे पद्महस्ता सरस्वती।।

भज गोविन्दं भज गोविन्दं

दिनमपि रजनी सायं प्रातः शिशिरवसन्तौ पुनर् आयातः।
कालः क्रीडति गच्छति-आयु-तदपि न मुञ्चति-आशावायुः।।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

प्राप्ते सन्निहिते मरणे नहि नहि रक्षति डुकृञ-करणे।
अग्रे वह्निः पृष्ठे भानू रात्रौ चिबुक-समर्पित जानुः
करतल भिक्षा तरु तल वासः, तदपि न मुञ्चति-आशा-पाशः।।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

यावत्-वित्तोपार्जन-सक्तः तावत् निज-परिवारो रक्तः।
पश्चात्-धावति-जर्जर-देहे वार्ता पृच्छति कोऽपि न जेहे।

भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।

जटिलो मुण्डी लुञ्चित-केशः, काषायाम्बर-बहु कृत वेषः।
पश्यन्नपि च न पश्यति मूढ, उदर-निमितं-बहु कृत वेषः।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।

भगवत्-गीता-किञ्चित्-अधीता, गङ्गा-जल-लव-कणिका पीता।
सकृदपि यस्य मुरारि-समर्चा, तस्य यमः किं कुरुते चर्चा।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।

अङ्गं गलितं पलितं मुण्ड़ं, दशनविहिनं-जातं-तुण्डम्।
वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं, तदपि न मुञ्चति-आशा-पिण्डम्।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।

बालः-तावत्-क्रीडा-सक्तः, तरुणःतावत्-तरुणी-रक्तः।
वृद्धः-तावत्-चिन्ता-मग्नः, परमे-ब्रह्मणि-कोऽपि-न-लग्नः।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, मूढमते।

पुनरपि-जननं-पुनरपि-मरणं, पुनरपि-जननी-जठरे-शयनम्।
इह संसारे-खलु-दुस्तारे, कृपयाऽ पारे-पाहि-मुरारे।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

पुनरपि-रजनी-पुनरपि-दिवसः, पुनरपि-पक्षः-पुनरपि-मासः।
पुनरपि-अयनं-पुनरपि-वर्ष, तदपि-न-मुञ्चति-आशा-मर्षम्।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

वयसि-गते-कः-कामविकारः, शुष्के-नीरे-कः-कासारः।
नष्टे-द्रव्ये-कः-परिवारो, ज्ञाते-तत्वे-कः-संसारः।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

नारीस्तन भर-नाभि निवेशं, मिथ्या-माया-मोहा-वेशम्।
एतत्-मांस-वसादि-विकारं, मनसि-विचारय-बारम्-बारम्।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

कः-त्वं-कोऽहं-कुत-आयातः, का-मे-जननी-को-मे-तातः।
इति-परि-भावय-सर्वम्-असारं, विश्वं-त्यक्त्वा-स्वप्न-विचारम्।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

गेयं-गीता-नाम-सहस्त्रं, ध्येयं-श्री-पति-रूपं-अजस्त्रम्।
नेयं-सज्जन-सङ्गे-चितं, देयं-दीन-जनाय-च-वित्तम्।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

यावत्-जीवो-निवसति-देहे, कुशलं-तावत्-पृच्छति-गेहे।
गत-वति-वायौ-देहापाये, भार्या-बिभ्यति-तस्मिन्-काये।
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

सुखतः-क्रियंते-रामा-भोगः, पश्चात्-हन्त-शरीरे-रोगः।
यद्यपि-लोके-मरणं-शरणं, तदपि-न-मुञ्चति-पापा-चरणम्
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

कुरुते-गङ्गा-सागर-गगनं, व्रत-परि-पालनम्-अथवा-दानम्।
ज्ञान-विहीनः-सर्व मतेन, मुक्तिः-न-भवति-जन्मशतेन
भज गोविन्दं भज गोविन्दं, भज गोविन्दं मूढमते।

गणेश स्तुति

हेमजा सुतं भजे गणेशं ईश नन्दनम्।, एकदन्त वक्र तुण्ड नाग यज्ञ सूत्रकम्।।
रक्त गात्र धूम्र नेत्र शुक्ल वस्त्र मण्डितम्।, कल्पवृक्ष भक्त रक्ष नमोस्तुते गजाननम्।।
पाशपाणि चक्रपाणि मूषकाधि रोहिणम्।, अग्निकोटि सूर्य ज्योति वज्रकोटि पर्वतम्।।
चित्रमाल भक्तिजाल भालचन्द्र शोभितम्।, कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।
विश्ववीर्य विश्वसूर्य विश्वकर्म निर्मलम्।, विश्वहर्ता विश्वकर्ता यत्र तत्र पूजितम्।।
चतुर्मुखं चतुर्भुजं सेवितं चतुर्युगम्।, कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।
भूत भव्य हव्य कव्य भर्गो भार्गव वन्दितम्।, देव वह्नि काल जाल लोकपाल वन्दितम्।।

पूर्ण ब्रह्म सूर्यवर्ण पुरुषं पुरान्तकम्।, कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।
ऋद्धि बुद्धि अष्टसिद्धि नव निधान दायकम्।, यज्ञकर्म सर्वधर्म सर्व वर्ण अर्चितम्।।
भूतधूत दुष्ट मुष्ट दान्वै सर्दार्चितम्।, कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।
हर्ष रूप वर्ष रूप पुरुष रूप वन्दितम्।, शोर्प कर्ण रक्त वर्ण रक्त चन्दन लेपितम्।।
योग इष्ट योग सृष्ट योग दृष्टि दायकम्।, कल्पवृक्ष भक्तरक्ष नमोस्तुतेगजाननम्।।

आरती

दुर्गति-नाशिनि दुर्गा जय-जय, काल-विनाशिनि काली जय-जय।
उमा-रमा-ब्रह्माणी जय-जय, राधा-सीता-रुक्मिणि जय-जय।।
साम्ब सदाशिव, साम्ब सदाशिव, साम्ब सदाशिव जय शंकर।
हर-हर शंकर दुःखहर सुख कर, अघ-तम-हर हर हर शंकर।।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे हरे।।

जय-जय दुर्गा, जय मा तारा, जय गणेश जय शुभ-आगारा।
जयति शिवाशिव जानकि राम, गौरी शंकर सीताराम।।
जय रघुनन्दन जय सियाराम, व्रज-गोपी-प्रिय राधे श्याम।
रघुपति राघव राजा राम, पतितपावन सीताराम।।

तेरे पूजन को भगवान्

तेरे पूजन को भगवान, बना मन मन्दिर आलीशान।
किसने जानी तेरी माया, किसने भेद तुम्हारा पाया।।
हारे ऋषि-मुनि कर ध्यान, बना मन मन्दिर आलीशान।
तू ही जल में तू ही थल में, तू ही मन में तू ही वन में।
तेरा रूप अनूप महान, बना मन मन्दिर आलीशान।
तू हर गुल में, तु बुलबुल में, तू हर डाल के पातन में।

तू हर दिल में है मुर्तिमान, बना मन मन्दिर आलीशान।
तूने राजा रंक बनाये, तूने भिक्षुक राज बिठाये।।
तेरी लीला ऐसी महान, बना मन मन्दिर आलीशान।
झूठे जग की झूठी माया, मूर्ख इस में क्यों भरमाया।।
कर कुछ जीवन का कल्याण, बना मन मन्दिर आलीशान।।

आरती गणेश जी

जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।
एक दंत दयावंत, चार भुजा धारी। मस्तक पर सन्दूर सोहे, मूसे की सवारी।।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।
अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया। बांझन को पुत्र देत निर्धन को माया।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।
हार चढ़े, फूल चढ़े और चढ़े मेवा। लड्डुअन का भोग लगे, संत करे सेवा।।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा। माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।

शिवजी की आरती

शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं
सर्व विश्व का जो परमात्मा है,
सभी प्राणियों की वही आत्मा है।
वही आत्मा सच्चिदानन्द मैं हूँ,
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं
जिसे शस्त्र काटे न अग्नि जलावे
न पानी गलावे न मृत्यु मिटावे।
वही आत्मा सच्चिादानन्द मैं हूँ
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं।।
अजर और अमर जिस को वेदों ने गाया
यही ज्ञान अर्जुन को हरि ने सुनाया।
अमर आत्मा है मरण शील काया
सभी प्राणियों के जो घट में समाया।
वही आत्मा सच्चिदानन्द मैं हूँ
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं
है तारी से तारों में प्रकाश जिस का
है चन्द्र व सूर्य में है वास जिस का
वही आत्मा सच्चिदानन्द मैं हूँ
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं
शिवोहं शिवोहं शिवोहं शिवोहं

आरती शंकर जी

जय शिव ओंकारा, भज जय शिव ओंकारा।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, अर्द्धंगी धारा, ओ३म् हर हर महादेव।।

एकानन चतुरानन पंचानन राजे, स्वामी पंचानन राजे।
हंसानन गरुड़ासन वृषवाहन साजे, ओ३म् हर हर महादेव।।

दो भुज चारु चतुर्भुज दश भुज अति सोहे, स्वामी दस भुज अति सोहे।
तीनों रूप निखरत, त्रिभुवन-जन मोहे, ओ३म् हर हर महादेव।।

अक्षमाला वनमाला मुण्डमाला धारी, स्वामी मुण्डमाला धारी।
त्रिपुरारी कंसारी करमाला धारी, ओ३म् हर हर महादेव।।

श्वेताम्बर पिताम्बर बाघाम्बर अंगे, स्वामी बाघाम्बर अंगे।
सनकादिक गरूड़ादिक भूतादिक संगे, ओ३म् हर हर महादेव।।

कर मध्ये सुकमण्डलु चक्र त्रिशूल धारी, स्वामी चक्र त्रिशूल धारी।
सुखकारी दुखहारी जग-पालन कारी, ओ३म् हर हर महादेव।।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका, स्वामी जानत अविवेका।
प्रणवाक्षर में शोभित ये तीनों एका, ओ३म् हर हर महादेव।।
त्रिगुण स्वामी की आरती जो कोई नर गावे, स्वामी जो कोई नर गावे।
कहत शिवानन्द स्वामी मनवांछित फल पावे, ओ३म् हर हर महादेव।।

आरती लक्ष्मी जी

ओ३म् जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशदिन सेवत, हर विष्णु दाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तु ही जग माता, मैया तु ही जग माता।
सूर्य-चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

दुर्गा रूप निरंजनि, सुख-सम्पति दाता। मैया तु ही सुख-सम्पति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

तुम पाताल-निवासिनि, तुम ही शुभदाता, मैया तु ही शुभदाता।
कर्म-प्रभाव-प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

जिस घर में तुम रहती, सब सद्‌गुण आता, मैया सब सद्‌गुण आता।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न हो पाता, मैया वस्त्र न हो पाता।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

शुभ-गुण मंदिर सुन्दर, क्षीरोदधि-जाता, मैया क्षीरोदधि-जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाला, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता, मैया जो कोई जन गाता।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

गंगा माँ

ओ३म् जय गंगे माता, मैया जय गंगे माता।
जो नर तुमको ध्याता, मनवांछित फल पाता, ओ३म् जय गंगे माता।
चन्द्र सी ज्योति तुम्हारी, जल निर्मल आता, मैया जल निर्मल आता।
शरण पड़े जो तेरी, सो नर तर जाता, ओ३म् जय गंगे माता।
पुत्र सागर के तारे, सब जग को ज्ञाता, मैया सब जग को ज्ञाता।
कृपा दृष्टि हो तुम्हारी, त्रिभुवन सुख दाता, ओ३म् जय गंगे माता।
एक बार जो प्राणी, शरण तेरी आता, मैया शरण जो तेरी आता।
यम की त्रास मिटाकर, परमगति पाता, ओ३म् जय गंगे माता।
आरती मातु तुम्हारी, जो नर नित गाता, मैया जो नर नित गाता।
सेवक वही सहज में, मुक्ति को पाता, ओ३म् जय गंगे माता।

आरती

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे।
भक्तजनों के संकट क्षण में दूर करे, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
जो ध्यावे फल पावे दुःखविनशे मन का, स्वामी दुःखविनशे मन का।
सुख सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तन का, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
मात-पिता तुम मेरे शरण पड़ूँ मैं किसकी, स्वामी शरण पड़ूँ मैं किसकी।
तुम बिन और ना दूजा आस करूँ मैं जिसकी, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
तुम-पूरण-परमात्म तुम अन्तर्यामी, स्वामी तुम अन्तर्यामी।
पारब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
तुम-करुणा के सागर तुम पालन कर्त्ता, स्वामी तुम पालन कर्त्ता।
मैं सेवक तुम स्वामी कृपा करो भर्त्ता, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
तुम हो एक अगोचर सबके प्राणपति, स्वामी तुम सबके प्राणपति।
किस विधि मिलों दयामय तुमको मैं कुमति, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

दीन बन्धु दुःख हर्ता रक्षक तुम मेरे, स्वामी रक्षक तुम मेरे।
अपने चरण लगावो द्वार पड़ा में तेरे, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा, स्वामी पाप हरो देवा।
श्रद्धा भक्ति बढ़ाओ सन्तन की सेवा, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

भवसर कुस तरि

आदि प्रभातन युस दय नाव स्वरि।, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
भावनाइ सान सुस तस पूजा करि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
सुलि प्रभातन श्रान ध्यान करि, गरि गरि हर हर परि लो लो।।
द्वख त संकट तस पान भगवान् हरि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
गृहस्थ आश्रम कुय युस व्रत दरि, लूक सीवाई प्यठ मरि लो लो।।
निष्काम कर्मन लोला युस बरि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
सन्तोष व्रच प्यठ मन युस थ्यर करि, हर सात सुय व्रत दरि लो लो।

सुख त शान्ती हुंद युस हलमा बरि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।
श्वास आश्वासस दय नाव युस स्वरि, दय सुन्द ध्याना दरि लो लो।
लय रोजि तथ मंज कारूबारा करि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
पऽछय सीवाय प्यठ पान अर्पण करि, बेलूस बऽग रावि घरि लो लो।
ड्यक मुचरिथ युस दान धर्मा करि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
हु त ब्ह मशरावि सारिनीय लोल भरि, लोलुक सोदा करि लो लो।
जीव जाचन सूत लो लुच माय बरि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
काम क्रूध लूभ मोह अहंकार यस खरि, सत-असत वार सर करि लो लो।
अपज़िस दुय करि पजरस लोल बरि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
तरवुन करनोव आलव दिवान तरि, कंसि मा छु तरुन घर लो लो।
आलुस त्राविथ उद्यूग युस करि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।
प्रथ शायि मंज़ जानुन कुस वास करि, सोरुय कस मंज! स्वरि लो लो।
बेबस जानिथ देह अद त्याग करि, सुय हा यमि भवसर तरि लो लो।।

व्रत

पर्व और त्यौहार

पिछले वर्ष मैं ने 'व्रत' के विषय में थोड़ा बहुत लिखा था इस वर्ष पर्व तथा त्यौहार के विषय में लिख रहा हूँ सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर यह तीनों विषय आपस में ओत प्रोत हैं प्रत्येक में एक-एक गुण प्रधान है और शेष आंशिक रूप से मिश्रित हैं

पर्वः- व्रत का बडा भाई है, 'व्रती' व्रत को स्वाधीन रूप में अकेला या जन समुदाय के साथ कर सकता है परन्तु पर्व में अगणित लोग होने पर तथा तीर्थ स्थानादि में जाने आदि के कारण से उस का स्वरूप बदल जाता है इस प्रकार के पर्वोत्सवों से केवल स्थानीय जनता को ही नही, देश देशान्तरों के अगणित मनुष्यों को अनेक प्रकार का लाभ होता है, पर्व में सवार्धिक मनुष्य एकत्रित होते है, पर्व तीर्थादि पर या मन्दिरों में भी सम्पन्न होते हैं जैसे रक्षावन्धन, जन्माष्टमी, कुम्भ पर्व इत्यादि

त्यौहारः- पहले कहा गया है कि व्रत, पर्व और त्यौहार किसी अंश में एक ही हैं केवल उपासना के न्यूनाधिक और साधान के भेद से उन के स्वरूप सूक्ष्म, दीर्ध और महतम हो जाते हैं, त्यौहार में यथा योग्य मनुष्य एकत्रित होते है, त्यौहार घर, बाहिर, हर जगह सम्पन्न होते हैं त्यौहारों में अलग अलग प्रकार के भोजन-पदार्थ बनाये जाते है कोई भी त्यौहार हो उस में चाहे किसी भी देवता की पूजा हो कुछ न कुछ मिष्ठान्न अवश्य बनता है जैसे दशहरा, होली, दीपावली, इत्यादि।

हमारे कुछ पर्वः- गत वर्ष भी मैं ने कुछ पवों के विषय में लिखा था हो सकता उनके विषय में थोडी बहुत

जानकारी आप को मिली होगी इस वर्ष भी कुछ पर्वों के विषय में लिख रहा हूँ। हमारा जो भी कोई पर्व है उस के पीछे कुछ न कुछ पृष्ठ भूमि रही है।

जंग त्रयः- *(गन गौर व्रत या गौरी तृतीया)* यह दिन चैत्र नवरात्रों का तीसरा दिन है यह दिन स्त्री समाज में एक पर्व के रूप में मनाया जाता है हम काश्मीरी पण्डित इस पर्व को '**जंग त्रय**' के रूप मे तथा शेष सभी इस को गन गौर *(अथवा गौरी तृतीया)* के रूप में मनाते है शास्त्रों में दर्ज है कि आज के दिन भगवान् शंकर ने पार्वती को तथा पार्वती जीने समस्त स्त्री समाज को सुहागिन रहने का वरदान दिया था। यह व्रत विवहिता लड़कियाँ के लिये पति का अनुराग उत्पन्न करने वाला व्रत है इसी कारण हमारी लड़कियां, बहनें, मातायें अपने मायके जाकर अपने माता-पिता से सुहागिन रहने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं क्योंकि माता पिता से बढ़कर कोई भी इस संसार में नहीं है।

दुर्गाष्टमीः- यह पर्व चैत्र शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है इस को अशोक व्रत भी कहते हैं कूर्म पुराण के अनुसार इस दिन 'अशोक' वृक्ष की पूजा करने की प्रथा भी है ऐसा करने से व्रती सदैव शोक रहित रहता है। भविष्य पुराण के अनुसार इस दिन भवानी का प्रार्दुभाव हुआ था, नवरात्रों के पश्चात् इसी दिन दुर्गा का विसर्जन किया जाता है इस लिये इस को '**दुर्गाष्टमी**' भी कहते है।

रामनवमीः- यह व्रत चैत्र शुक्ल नवमी को मनाया जाता है इस दिन पुनर्वसु, नक्षत्र तथा कर्क लग्न पर कौशल्या की कोख से भगवान् राम का जन्म हुआ है, भारतीय संस्कृति में यह दिन पुण्य का पर्व माना जाता है, महाकवि तुलसीदास ने भी इसी दिन से '**रामचरित्र मानस**' की रचना आरम्भ की थी, इस व्रत से हमें मर्यादा पुरुषोत्तम

के चरित्र, आदर्शों, गुरुसेवा, शरणागत की रक्षा, भ्रातृ प्रेम, मातृ-पितृ भक्ति, एक पतिव्रता इत्यादि चरित्रों के अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

अछिन त्रयः- *(अक्षिया तृतीया)* यह पर्व वैशाख शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है शास्त्रानुसार इस दिन का किया हुआ तप, दान अक्षयफलदायक होता है इसी लिये इस को अक्षया तृतीया कहते हैं। इसी दिन परशुराम जयन्ती भी मनाई जाती है, ज्योतिष में भी इस दिन का बडा महत्व है यह पांच स्वयं सिद्ध मुहूर्तों में से एक मुहूर्त है अर्थात् मुहूर्त न होने पर भी आप इस दिन कोई भी शुभ काम कर सकते हैं।

संकट चतुर्थीः- यह व्रत प्रत्येक महीने की कृष्णपक्ष चतुर्थी को किया जाता है भविष्य पुराण के अनुसार यदि किसी प्राणी को निकट भविष्य में किसी अनिष्ट की आशंका हो या पहले से ही वह संकटों व मुसीबतों से घिरा हो तो उसे छुटकारा पाने के लिये **'संकट चतुर्थी'** का व्रत रखा जाता है।

नवरात्र नवरात्रों का शाब्दिक अर्थ है नौ रातें, भगवती दुर्गा इन नौ रातों में नव रूप धारण करती है (1) *शैल पुत्री* (2) *ब्रह्मचारिणी* (3) *चन्द्रघण्टा* (4) *कूष्माण्डा* (5) *स्कन्धमाता* (6) *कत्यायनी* (7) *कालरात्रि* (8) *महागौरी* (9) *सिद्धिदात्री*। नव रात्र वर्ष में दो बार आते हैं एक चैत्र में दूसरा आश्विन में। काश्मीरी पण्डितों का नवरेह भी चैत्र के नवरात्र पर होता है और नये सम्वत्सर का आरम्भ भी चैत्र नवरात्र से होता है ऐसा क्यों? ब्रह्म पुराण में लिखा है :-

चैत्रे मासे जगद् ब्रह्मा ससर्जा प्रथमेऽहनि, शुक्ल पक्षे समग्रं तु तदा सूर्योदये सति।।

अर्थात् ब्रह्मा ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के सूर्योदय पर इस सृष्टि की रचना की है इसी कारण सम्वत्सर का आरम्भ भी आज के दिन से ही होता है। **विजयेश्वर पंचांग** का आरम्भ भी इसी दिन से होता है।

नवरात्र चैत्र और अश्विन में ही क्यों होते है?

ऋतु विज्ञान के अनुसार यह दोनों मास सर्दी, गर्मी की सन्धि के महत्व पूर्ण मास हैं। ऋतुयें 6 मानी जाती हैं परन्तु वस्तुतः वे दो ही हैं शीत और ऊष्ण *(सर्दी और गर्मी)* शीत का पदार्पण आश्विन में आरम्भ होता है और गर्मी का चैत्र से। एक ऋतु का पदापर्ण होने से पूरे संसार में हलचल आरम्भ हो जाता है, वृक्ष, लता, जल, आकाश और वायुमण्डल सभी में परिवर्तन होने लगता है यह हमारे स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव डालता है, शास्त्र कारों ने भी इन्ही मासों *(चैत्र तथा आश्विन)* में शरीर को पूर्ण स्वस्थ रखने के लिये नव दिनों का विशेष विधान किया है भगवती महामाया की आराधना के लिये जौ बोये जाते हैं वर्ष का पहला अन्न जौ होने से सब अन्नों में प्रधान अन्न है भगवान् कृष्ण ने भी श्रीमद् भागवत् में कहा है **"औषधीनामहं यवः"** अर्थात् औषधियों में मैं जौ के रूप में हूँ, शास्त्रों में भी आता है **'यवोऽसि धान्य राजोऽसि'** अर्थात् तुम जौ हो आप धान्यों के राजा हो। उन नव दिनों में नित्य ब्राह्मी मुर्हूत में उठ कर नियम पूर्वक व्रत रख कर भगवती की आराधना की जाती है 9 दिनों तक एक वक्त फलाहार करते हुये, भूमिशयी बन कर ब्रह्मचर्य का पालन किया जाता हैं **"स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु"** के अनुसार सम्पूर्ण स्त्रियों को जगदम्बा का ही रूप माना जाता है।

नवरात्रों में कन्या पूजन क्यों? नवरात्रों के अन्त पर अष्टमी या नवमी के दिन छोटी-छोटी कन्याओं

का पूजन करते हैं शास्त्रों में दर्ज है **"स्त्रियः समस्तास्तव देवि! भेदाः"** अर्थात् समस्त नारी महामाया का ही रूप है उन में भी नग्निका (जिन को स्त्री पुंभिदा का ज्ञान न हो तथा अपने अंग ढांपने का भी बोध न हो) निर्विकार होने के कारण दुर्गा रूप में पूजने योग्य हैं। हमारे प्रत्येक धार्मिक त्योहार में सामाजिक बन्धन भी अवश्य होता है जैसे कि कुमारिका पूजन का पहला नियम है पूजक को ज्ञान प्राप्ति के लिये ब्राह्मण कन्या का, बल प्राप्ति के लिये क्षत्रिय कन्या का, धन प्राप्ति के लिये वैश्य कन्या का और शत्रु विजय के लिये शद्र कन्या का पूजन करना चाहिये इसे चारों वर्गों में आपस में आदान प्रदान होता हैं और समाजिक संघठन भी दृढ़ होता है जिस की ज़रूरत पूरे देश को है।

शिव रात्रि (हेरथ) काश्मीरी पण्डितों का विशेष तथा महत्वपूर्ण 'व्रत' है, महाशिवरात्रि का पर्व पूरे भारत में मनाया जाता है परन्तु मनाने का डंग अलग अलग है हम काश्मीरी पण्डित फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदि (हुरि अकदोह) से ही इस व्रत की तयारी में लग जाते है यह पर्व हम पूरे 15 दिन तक मनाते है, कश्मीरी पण्डित जहाँ भी है शिवरात्रि को अवश्य मनाता है इस शुभ अवसर पर अलग अलग प्रकार के पकवान बनाये जाते है, पूजा करने के लिये पूजाघर को सज़ाया जाता है तथा परिवार के सभी सदस्य इकट्ठे होकर रात देर तक पूजा में लीन होते है तत्पश्चात् भोजन करते है इस को प्रदोष व्रत भी कहते है प्रदोष व्रत प्रत्येक मास के कृष्ण तथा शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी को किया जाता है इस दिन भगवान् शिवजी की पूजा की जाती है **'भैरव याग'** में लिखा है कि फाल्गुन कृष्णपक्ष त्रयोदशी को शंकर की दृष्टि से घडे में से ज्योति रूप वटुक भैरव आधी रात्रि में प्रकट हुये है।

प्रदोष किस को कहते है? प्रदोष का वास्तविक अर्थ है सूर्यास्त या सायं काल या रात्रि का आरम्भ। **"प्रदोषोऽस्तमयादूर्ध्वं घटिका द्वयमिष्यते"** अर्थात् सूर्यास्त से दो घड़ी रात बीतने तक का समय प्रदोष कहलाता है। हम *'शिव रात्रि'* कभी **द्वादशी** को कभी **'त्रयोदशी'** को मनाते हैं ***ऐसा क्यों***?

इस विषय मे हमारे धर्म शास्त्र, निर्णय सिन्धु, इत्यादि ग्रन्थों में विस्तार पूर्वक लिखा है परन्तु यह किसी भी शास्त्र में नही लिखा है कि एक ही सम्प्रदाय के लोग एक ही व्रत को कई लोग एक दिन तथा कई लोग दूसरे दिन मनाये। हम हभी कश्मीरी पण्डित सारस्वत ब्राह्मण है इस में किसी प्रकार का सन्देह किसी को नही है यदि एसी बात है तो एक ही व्रत को दो भागों में बाटना कहाँ का विधान है।

शिवरात्रि कब मनानी चाहिये शास्त्रों के अनुसार :-

(1) यदि फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वादशी तथा त्रयोदशी को दोनों दिन त्रयोदशी प्रदोष में हो ऐसा होने पर जिस दिन अर्ध रात्रि में त्रयोदशी हो उसी दिन **"शिव रात्रि"** मनानी चाहिये।

(2) जब दोनों दिन द्वादशी तथा त्रयोदशी को अर्ध रात्रि में त्रयोदशी होगी तो ऐसा होने पर जिस दिन प्रदोष में त्रयोदशी हो उसी दिन **"शिव रात्रि"** मनानी चाहिये।

(3) जब द्वादशी या त्रयोदशी को दोनों दिन प्रदोष में त्रयोदशी न हो ऐसा होने पर जिस दिन अर्ध रात्रि में त्रयोदशी हो उसी दिन **"शिव रात्रि"** मनानी चाहिये।

(4) जब द्वादशी तथा त्रयोदशी दोनों अर्ध रात्रि में हूँ तो प्रदोष तथा अर्ध रात्रि वाली त्रयोदशी के दिन **"शिव रात्रि"** मनानी चाहिये।

इस वर्ष 10 मार्च 2002 को द्वादशी रात के 12 बज कर 20 मिन्ट तक है तथा त्रयोदशी 11 मार्च को रात के 2 बज कर 37 मिन्ट तक है अर्थात् इस दिन 11 मार्च को त्रयोदशी प्रदोष तथा अर्धरात्रि को है इस कारण **11 मार्च 2002 को शिव रात्रि है।**

जन्माष्टमी:- भगवान् कृष्ण का जन्म भाद्रकृष्ण पक्ष अष्टमी बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में अर्ध रात्रि के समय वृष राशि के चन्द्रमा में हुआ है जन्माष्टमी कब मनाई जाये शास्त्रों में दर्ज है कि जिस दिन अर्ध रात्रि में अष्टमी हो उसी दिन जन्माष्टमी मनानी चाहिये इस वर्ष 11 अगस्त को सप्तमी रात के 1 बजे 10 मिनट तक है और 12 अगस्त को अष्टमी रात के 1 बजे 25 मिनट तक है अर्थात् 12 अगस्त को अर्ध रात्रि में अष्टमी है इस कारण **'जन्माष्टमी'** का व्रत 12 अगस्त को ही है।

नोट:- यदि किसी भी महानुभाव को विजयेश्वर पंचांग के किसी भी विषय में कुछ संशय हो तो दूरभाष 555607 पर सम्पर्क करके अपने संशय को दूर कर सकता है।

अधिमास मलमास पुरुषोत्तम मास

सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना संक्रान्ति कहलाता है, जिस चान्द्र मास में संक्रान्ति नही होती है तो उस को अधिमास, मलमास अथवा पुरुषोतम मास कहते हैं। यह सामान्य 32 मास 16 दिन 4 घड़ी बीतने के पश्चात आता है। *शास्त्रों में दर्ज है :-* **"संक्रान्ति रहित : सितादिश्चान्द्रो मलमासः",**

"असंक्रान्ति मासोधिमासः स्पटः स्यात्"।

मलमास में कर्तव्याकर्तव्य का ज्ञान (शास्त्रानुसार)

(1) यदि वार्षिक श्राद्ध से पहले मलमास हो तो तेराह मास का वर्ष होता है अर्थात् 13 मासों के पश्चात् वार्षिक श्राद्ध आता है।

(2) यदि मलमास में ही किसी का मृत्यु हो तो उस के बारह मास के पश्चात ही वार्षिक श्राद्ध होता है।

(3) मलमास में कोई भी शुभ कार्य नही किया जाता है।

इस वर्ष अधिमास (मलमास) 17 सिप्तम्बर को 3 बजे 57 मि॰ से आरम्भ होकर 16 अक्टूबर रात को 4 बज कर 53 मि॰ पर समाप्त होता है इस कारण 17 सिप्तम्बर से 16 अक्टूबर तक कोई शुभ काम नही करना चाहियें। इस विषय में यदि किसी को कोई संशय होगा तो 555607 पर सम्पर्क करके अपने संशाय को दूर कर सकता है।

महापुरूषों के अनमोल वचन

(1) चिन्ताओं का रास्ता हमारे अपने विचारों के कारण ही खुलता है।

(2) तनाव ग्रस्त रहने से स्वास्थ्य विगडता है और आयु कम होती है।

(3) अपने आप पर संयम रखने वाले ही सुख की नींद सोते है।

(4) जो कुछ आप के पास है उसी पर सन्तोष करो।

(5) कुछ नही करोगे तो कुछ नही बनोगे।

(6) जो कत्तर्व्य से बचता है लाभ से वंचित रहता है

(7) आत्मविश्वास का अभाव ही सब अंधविश्वास का जड है।

(8) यदि आप भला चाहते हैं तो किसी का बुरा न करो।

(9) यदि आप सुख चाहते हैं तो किसी को दुखी न करो।

(10) यदि आप शन्ति चाहते हैं तो क्रोध और लोभ छोड दो।
(11) यदि आप विद्या चाहते हो तो विद्या का दान करो।
(12) यदि आप मेवा चाहते हो तो बडों की सेवा करो।
(13) डर और शक के विचार जिन्दगी में ज़हर गोल देते हैं।
(14) सतसंग से अन्धे को आंख और मुरदे को जीवन मिलता हैं।
(15) सत संग दुखों से छुटकारा दिलाता है और मन को शान्ति देता है।
(16) प्रेम करना पाप नही है पर प्रेम को लेकर पागल् हो जाना अनुचित है।
(17) प्रेम की कसौटी त्याग है।
(18) मन, वाणी और शरीर का पूरे समयम में रहना ही ब्रह्मचर्य है।
(19) अज्ञान जैसा दूसरा शत्रु नही है।
(20) टूट जाओ पर अन्याय के आगे मत झुको।

गृहस्थों के लिये साधारण नियम

(1) प्रातः काल सूर्योदय से पहले उठो।
(2) उठते ही भगवान् का स्मरण करो।
(3) शौच-स्नानादि से निवृत्त होकर भगवान् की उपासना, तपर्ण आदि करो।
(4) समय पर सात्विक भोजन करो।
(5) रोज प्रातः काल माता, पिता, गुरू आदि वड़ों को प्रणाम करो।
(6) इन्द्रियों के वश न होकर, उन को वश में करके उन से यथायोग्य काम लो।
(7) धन कमाने में छल, कपट, चोरी, असत्य और वेईमानी का त्याग करो।
(8) पूरे परिवार का पालन प्रेम से करो।
(9) अपनी हैसियत के अनुसार दान करो
(10) अतिथि का सच्चे मन से सत्कार करो।
(11) सब कामों को वडी सुन्दरता, सफाई और नेक नियती से करो।

(12) किसी का अपमान तिरस्कार और अहित न करो।
(13) मन, वचन और शरीर से पवित्र और परोपकारी बनो।
(14) विलासिता से बचे रहो - अपने लिये खर्च कम करो।
(15) स्वावलम्भी बन कर रहो - दूसरे पर अपने जीवन का भार न डालो।
(16) निकम्मे कभी मत रहो।
(17) अन्याया का पैसा तथा दूसरे के हक का पैसा घर में न आने दो।
(18) सब काम भगवान् की सेवा के भाव से - निष्काम भाव से करने की चेष्टा करो।
(19) जीवन का लक्ष्य भगवत्प्रप्ति है, भोग नही - सारे काम इसी लक्ष्य की साधना के लिये करो।

प्रश्नोत्तरी

प्र॰: *पुण्य किसे कहते है?*
उ॰: परोपकार ही पुण्य है, वेद विहित कर्म ही पुण्य है।
प्र॰: *पाप किसे कहते है?*
उ॰: दूसरों को पीडा पहुचाना ही पाप है, वेद निषिद्ध हेय कर्म ही पाप है
प्र॰: *शुचि किसे कहते है?*
उ॰: धार्मिक दृष्टि से पवित्र वस्तु को शुचि कहते हैं।
प्र॰: *व्रत कितने समय का होता है?*
उ॰: आप ने जो भी व्रत रखना हो वह दूसरे दिन सूर्योदय तक होता है जैसा कि आप रात के बारह बजे तक मानते है वह शास्त्र के विरूद्ध है। व्रती को चाहिये कि वह दूसरे दिन सूर्योदय तक व्रत रखें।
प्र॰ : *जप के कितने भेद हैं?*
उ॰ : शास्त्रों में जप के तीन भेद है :-
वाचिक - उपांशु - मानसिक
(1) जप करते समय मन्त्र यदि दूसरा सुन सके तो वह '**वाचिक**' जप कहलाता है।
(2) जप करते समय मन्त्र यदि अपने आप को ही

सुनाई दे तो वह '**उपांशु**' जप कहलाता है।

(3) जप करते समय यदि जीभ वह होंठ न हिलें तथा मन ही मन ध्यान करते जप किया जाये तो '**मानसिक**' जप कहलाता है।

प्र० : *जप माला किस चीज़ की बनी हुई होनी चाहिये तथा उस में कितने मणके होनें चाहिये?*

उ० : निम्नलिखित पदार्थों में माला बनाई जा सकती है परन्तु एक ही माला में दो पदार्थों का मिश्रण नही होना चाहिये। (1) *रूद्राक्ष* (2) *शंख* (3) *कमल गट्ठे* (4) *मोती* (5) *स्पटिक* (6) *मणि* (7) *रत्न* (8) *स्वर्ण* (9) *मूंगा* (10) चान्दी (11) *कुशमूल*। समस्त कामना सिध्दि के लिये 108 मणियों की माला का प्रयोग करना चाहिये।

प्र० : ***यज्ञोपवीत क्या है?***

उ० : यज्ञोपवीत शब्द 'यज्ञ' और '**उपवीत**' इन दो शब्दों के संयोग से बना है जिस का अर्थ है यज्ञ को प्राप्त करने वाला वेद में लिखा है:- '**यज्ञो वै विष्णुः**' अर्थात् परमात्मा को प्राप्त कराने वाला 'यज्ञ के लिये धारण किये जाने वाला उपवीत (सूत्र) '**यज्ञेन संस्कृतमुपवीतम्**' अर्थात् यज्ञ से पवित्र किया हुआ सूत्र। कुछ व्याख्या कारों का मत है '**यज्ञार्थ-उपवीतां-यज्ञोपवीतम्**' यज्ञ के लिये जो सूत्र धारण किया जाये अथवा जिस के धारण करने पर मनुष्य को यज्ञ करने का अधिकार प्राप्त हो उसे '**यज्ञोपवीत**' कहा जाता है।

यज्ञोपवीत को ब्रह्म सूत्र भी कहते हैं क्यों?

जब ब्रह्मचारी गुरुकुल में होता था तो वह स्वयं अपने हाथ से कपास का सूत्र कातता था, सूत्र कातते समय वह ब्रह्मचारी लगातार "ॐ" शब्द, का उच्चारण करता था "ॐ" चूंकि ब्रह्म का नाम है इस लिये यज्ञोपवीत को

'**ब्रह्म सूत्र**' भी कहते हैं।

जातकर्म (काह नेथर) क्या है?

जातकर्म संस्कार का तात्पर्य उस के नाम से ही स्पष्ट है जातकर्म का वास्तविक अर्थ है वे क्रियाये जो बच्चे को उत्पन्न होने पर की जाती है 10 दिन तक अशौच होने के कारण जातकर्म तथा नाम काण संस्कार ग्यारहवें अथवा बारहवें दिन में करने का विधान है इस दिन बच्चे को औषधियों से स्नान इत्यादि करके सब सम्बन्धियों के सामने यज्ञ में वेद मन्त्रों से आहुतियां दी जाती है जैसे :- **"अश्मा भव, परशुर्भव-हिरण्यमश्रुतं भव-सजीव शरदः शतम्।"**

अर्थः- हे बालक ! तू पत्थर की भान्ति द्रढ तथा कुल्हाडे की भान्ति शत्रु विनाशक बन, स्वर्ण के समान स्वच्छ तथा तेजस्वी बन, तू सौ वर्ष तक जी, इत्यादि इस प्रकार की पावन वेद ऋचाये बालक के निर्मल हृदय पर दृढता, पराक्रम, तेज आदि शुभ गुणों की छाप छोडती है जो कि बच्चे के भविष्य के लिये ज़रूरी है। यदि ग्यारहवें अथवा बारहवें दिन बच्चे का जातकर्म नही किया जायेगा तो एक वर्ष तक मुर्हूत अनुसार आप जातकर्म कर सकते हैं।

नाम करण क्या है?

जात कर्म के दिन ही बच्चे का नाम भी रखा जाता है परन्तु नाम करण संस्कार का अपना अलग ही महत्व है क्योंकि किसी के गुण अवगुण जानने के लिये '**नाम**' को एक प्रमुख स्थान मिला है, सभी विद्वान, व्यक्ति, लेखक, कवि, वैज्ञानिक इत्यादि अपनी वस्तु का नाम बहुत सोच समझ कर रखते हैं प्राचीन काल में भी '**यथा नाम तथा गुणः**' जैसा नाम वैसा गुण के सिद्धान्त पर बहुत बल दिया जाता था, नाम का प्रभाव विजली से भी

अधिक चमत्कारी है मनु महाराज ने कहा है :- ***"आयुर्वचोऽभिवृद्धिश्च सिद्धिर्व्यवहृतेस्तथा"***

अर्थः- नाम करण के दो प्रयोजन है बच्चे के तेज तथा आयु की वृद्धि इन दोनो प्रयोजनों के लिये यह एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है इस में अपने सभी सम्बन्धी गुरूजन एवं मित्र सम्मिलित होते है और वैदिक मन्त्रों से अग्नि में आहुतियां डाली जाती है तथा बच्चे के दीर्घायुः के लिये प्रार्थना की जाती है।

शंख फूंकने (बजाने) से क्या लाभ है?

शंख अर्थात् बडा समुद्रीय घोंघा, जो विशेषतया देवतादि के सामने बजाया जाता है और पवित्र माना जाता है और प्रायः प्रत्येक धार्मिक पर्व पर बजाया जाता है। शंख के विषय में *अर्थववेद* में लिखा है :- **"शंखेन हत्वा रक्षांसि"** अर्थात् शंख बजाने से राक्षस मर जाते हैं। *यजुर्वेद* में लिखा है:- **"अवरस्पराय शंखध्वम्"** अर्थात् शत्रुओं का हृदय दहलाने के लिये शंख बजाया जाता है।

शास्त्रों में लिखा है:- ***यस्तु शंखध्वनि कुर्यात्पूजा काले विशेषतः।***
विमुक्तः सर्वपापेन विष्णुना सह मोदते।।

अर्थात्ः- जो पुरुष विशेषता से पूजा के समय शंख बजाता है उस के सव पाप नष्ट हो जाते हैं और विष्णु भगवान् के साथ आन्नद करता है। भारत के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक **जगदीशचन्द्र बसु** ने अपने यन्त्रों द्वारा दिखाया है कि एक बार शंख फूंकने (बजाने) पर जहां तक उस की ध्वनि जाति है वहां तक अनेक बीमारियों के कीटाणु नष्ट हो जाते हैं, रोज शंख फूंकने से वायुमण्डल कीटाणुओं से रिक्त होता है। जो महानुभाव नित्य शंख बजाता है उस को फेफड़े का रोग कभी भी नही होगा।

मांस खाना पाप (शास्त्रों के आधार पर)

स्वामांसं परमांसेन यो वर्धयितुम् इच्छति, नारदः प्राह धर्मात्मा नियतं सोवसीदति।।

अर्थः- जो दूसरे के मांस से अपना मांस बढाना चाहता है वह निश्चय से दुःख उठाता है।

आहर्ता चानुमन्ता च विशस्ता क्रयविक्रयी, संस्कर्ता चोप भोक्ता च खादकाः सर्व एव ते।।

अर्थः- जो हत्या के लिय पशु पालता है, जो उसे मारने की अनुमति देता है, जो उस का वध करता है, जो खरीदता है, बेचता है, पकाता है, खाता है वे सब के सब खाने वाले ही माने जाते हैं तथा सब पाप के भागी होते हैं।

ये भक्षयन्ति मांसानि भूतानां जीवितैषिणाम्, भक्ष्यन्ते तेऽपि भूतैस्तैरिति मे नास्ति संशयः।।

अर्थः- जो जीवित रहने की इच्छा वाले प्राणियों के मांस को खाते है वे दूसरे जन्म में उन्ही प्राणियों द्वारा भक्षण किये जाते हैं इस में किसी प्रकार का संशय नही है।

मां स भक्षयते यस्मात् भक्षयिष्ये तमप्यहम्।

अर्थः- आज मुझे वह खाता है तो कभी मैं भी उसे खाओं गा।

यत्र प्राणि-वधो धर्म : अधर्मस्तत्र कीदृशः, ब्राह्मणो यत्र मांसाशी चांडालस्तत्र कीदृशः।

अर्थः- जहां प्राणिहत्या धर्म माना जाता है अधर्म के विषय में वहां क्या कहा जाये, जहां ब्राह्मण ही मांस खाता हो वहां चण्डाल कैसा होगा। --

देव यज्ञे पितृश्राद्धे तथा मागंल्य कर्मणि, तस्यैव नरके वासो यो कुर्यात् जीवघातनम्।
अर्थः- देव यज्ञ पर पितृश्राद्ध पर किसी अच्छे पर्व पर जो मांस का प्रयोग करता है उसे अवश्य नरक मिलता है।

"मा हिंस्यात्सर्वा भूतानि" *(वेद)* ***अर्थः***- किसी भी प्राणि का वध न करो।

तर्पण क्या देवता, ऋषि तथा पितरों को किया हुआ जल *तर्पण* मिलता है?

इस प्रकार के प्रश्न पिंडदान-अन्नदान तर्पणादि के बारे में किये जाते हैं। यह बात सही है कि नदी के तट पर अथवा घर में या जहां कहीं भी हम तर्पण, पिंडदान इत्यादि करते है वह वहां ही पडा रहता है जहां हम करते है वह कंही जाता नहीं है परन्तु यह तर्पणदि अपने पूर्वजों को याद करने का एक निमित बनता है प्रातः उठ कर स्नानादि करके पितरों (अपने माता-पिता) को याद करना अथवा उन के निमित कुछ देना हमारा सौभाग्य है उन पितरों को याद करते ही हमारे मन की सूक्ष्म लहरें उन पितरों को वे जहां भी हूं, जिस योनि में हूं अवश्य पहुंच जाती हैं आज के वैज्ञानिक कहते हैं कि रोशनी से अधिक तेज़ रफतार वाली कोई पदार्थ संसार में नही है परन्तु **यजुवेर्द** कहता है **"यत् जाग्रतो दूरं-उदैति"** अर्थात् मन से अधिक तेज़ रफतार का कोई पदार्थ न ही है तर्पण करते हुये अथवा पिण्ड दान करते हुये श्रद्धा से तपर्ण करने वाला स्वयं साक्षी है तर्पण या पिण्डदान करने वालो को अवश्य मानसिक शन्ति मिलती है यदि हमारे अन्ताकरण को शान्ति मिलती है तो इस से वड कर और क्या प्रमाण होना चाहिये, हमारे स्मरण किये हुये पितरों को भी शान्ति अवश्य मिली होगी। तर्पण के लिये गोत्र की आवश्यकता होती है।

गोत्र क्या है? यह बात सुप्रसिद्ध है कि हमारे पूर्वज ऋषि या मुनि थे जैसा कि स्वामी विवेकानन्द ने भी कहा है:- हमारे वंश का चलाने वाला अथवा जन्म देने वाला जो ऋषि या मुनि हुआ है उसी ऋषि के नाम से वंश चल पडता है परन्तु काश्मीर में पठान शासन के पश्चात हम़ काश्मीरी गोत्र, शाखादि के महत्व को भूल गये और हमारे गोत्रों के साथ बहुत निरर्थक शब्द जुड गये जिस कारण हम यह समझने में द्विविधा में पडते हैं कि हमारे वंश का चलाने वाला कौन ऋषि है, कुछ गोत्र ऐसे स्पष्ट हैं जिन के समझने में कोई उलझन नही होती है जैसे दत्तात्रेय, वासिष्ठ, कौशिक, आत्रेय इत्यादि इसी प्रकार कुछ उपपद वाले गोत्र दरभारद्वाज़ इत्यादि भारद्वाज़ व्याकरण से शुद्ध है परन्तु इस के साथ जुड़ा हुआ दर शब्द निर्थक है यदि आप का गोत्र ढांवा ढोल स्थिति का है अर्थात् आप को अपने गोत्र के विषय में कुछ मालूम नहीं है तो धर्म शास्त्र में उस का समाधान है कि उस का गोत्र **"काश्यप"** है अर्थात् कश्यप की सन्तति, अतः उन काश्मीरी पण्डितों को जिन को गोत्रपति के बारे में संशय हो तो वे अपना गोत्र **'काश्यप'** माने।

काश्मीर के दक्षिण प्रान्त के तीर्थ

पिछले वर्ष भी विजयेश्वर पंचांग में कुछ प्राचीन तीर्थों के विषय में लोगों की जानकारी के लिये लिखा था इस वर्ष भी और कुछ तीर्थों के विषय में लिख रहा हूँ :-

गोसांई गुण्ड : यह तीर्थ स्थान अनन्तनाग से वेरीनाग जाते हुये रास्ते में लारखी पोरा गांव से 2 किलोमीटर की दूरी पर है यह दर्शनीय स्थान **स्वामी आत्माराम जी** की तपोभूमी रही है यहां पर अनेक माहत्माओं ने

साधना करके मोक्ष प्राप्त किया है यहां का शान्त वातावरण प्रत्येक मनुष्य को मोहित करता है।

नागडंडी : यह तीर्थ अनन्तनाग से कोई 8 किलोमीटर की दूरी पर है यहां पर प्रति वर्ष श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी को एक महायज्ञ होता है, विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के तत्वावधान में श्री राम कृष्ण महासम्मेलन आश्रम द्वारा संचालित यह तीर्थ आकर्षण का केन्द्र बना है।

मार्तण्ड : यह तीर्थ स्थान अनन्तनाग से 5 किलोमीटर की दूरी पर है इस तीर्थ स्थल को **सूर्य तीर्थ-मटटन**-तथा **भवन** नाम से भी जाना जाता है ऐतिहासिक दृष्टि से इस का नाम मार्तण्ड है '**मार्तण्ड**' का वास्तविक अर्थ है सूर्य। यहां पर ललिता दित्य ने एक विशाल मन्दिर का निर्माण किया था जिस का अवशेष आज भी अतीत की याद ताजा कराता है, यहां पर एक सुन्दर तथा स्वच्छ जल का एक कुण्ड है इस कुण्ड की थोडी दूरी पर एक छोटी सी नदी बहती है जिस को '**चाका**' कहते हैं यहां पर विजया सप्तमी के दिन तथा अधिकमास में पितरों का श्राद्ध करने के लिये हज़ारों की सख्या में लोग पूरे भारत वर्ष से आते हैं इस के अतिरिक्त माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी को भी यहां पर यात्रा लगती है।

डुमटबल : यह रमणीक स्थान अनन्तनाग से कुकर नाग जाते हुये रास्ते मे सागाम गाओं से 4 किलोमीटर की दूरी पर पहाडों के बीच में है यहां पर स्वच्छ पानी का एक छोटा सा कुण्ड तथा एक मन्दिर भी है यह स्थान नारद जी की तपो भूमी रहा है यहां पर वैशाख शुक्लपक्ष एकादशी (नारद एकादशी) को यात्रा लगती है जिस में हज़ारों भक्त जन सम्मिलित होते है। यह स्थान '**नोर**' नाम से भी प्रसिद्ध है।

अकिनगामा :- यह दिव्य स्थान अनन्तनाग से 9 किलोमीटर की दूरी पर अच्छाबल के नजदीक स्थित है यहां

'शिवाभगवति' की स्थापना है यहां पर हर वर्ष चैत्र शुक्लपक्ष तथा आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी को एक यात्रा लगती है जिस में हज़ारों श्रद्धालु दूरदराज़ इलाकों से आकर शिवा भगवति की पूजा अर्चना करते हैं।

अनन्तनाग :- यह तीर्थ स्थान अपने नाम से ही जाना जाता है इस का वास्तविक अर्थ है अनन्नत=ज्यादा, नाग=चश्मे जहां पर ज्यादा चशमे हैं यह काश्मीर के दक्षिण में बहुत बडा तथा सुन्दर ज़िला है यहां पर स्वच्छ चश्मों के अतिरिक्त गन्धक पानी के चश्मे भी हैं जिन में नहाने से बहुत प्रकार के चमडी रोग दूर हो जाते हैं यहां पर एक बहुत पुराना शिव मन्दिर भी है यहां पर प्रतिवर्ष भाद्र शुक्लपक्ष चतुर्दशी (अनन्त चतुर्दशी) को यात्रा लगती है जिस में हज़ारों श्रद्धालु भाग लेते हैं इस के साथ ही थोडी दूरी पर अनन्तनाग का **'देवी बल'** आता है इस तीर्थस्थान पर मां दुर्गा का एक बहुत प्राचीन मन्दिर तथा एक छोटा सा कुण्ड है इस कुण्ड में हमेशा पानी होता है परन्तु जब यह कुण्ड पानी से भर जाता है तो वह किसी अनिष्ट का सूचक भी माना जाता है

कपालमोचन :- यह तीर्थस्थान अनन्तनाग से 30 किलोमीटर की दूरी पर शोपियान के साथ ही है यहां पर प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल पक्ष द्वादशी को यात्रा लगती है यहां पर कम आयु वाले वच्चों का श्राद्ध किया जाता है।

विष्णुपाद :- यह रम्य तीर्थस्थान अनन्तनाग ज़िले में शोपियान से अहरबल जाते हुये 14,000 फुट की ऊँचाई पर स्थित है इतिहास के अनुसार भगवान् विष्णु ने अपना पांव यहां पर रखा है इस कारण इस को **विष्णु पाद** कहते है इस झील की आकृती भी पाद (पैर) जैसी ही है।

(शेष अगले वर्ष के पंचांग में)

कर्मकाण्ड को यदि जीवित रखना है तो संस्कृत पढ़ो।

कश्मीर के सिद्ध महापुरुष

शैवाचार्य स्वामी श्री राम जी महाराजः- स्वामी जी का जन्म पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी 1855 ईस्वी को काज़ीयार हवाकदल श्रीनगर काश्मीर में हुआ, उन के पिता जी का नाम शुकदेव जी था, स्वामी जी ने अपनी शिक्षा इत्यादि श्री मनसाराम मोंगा जी से प्राप्त की, वह एक ग्रहस्थी साधु थे, वह एक सिद्ध तथा सच्चे शिव उपासक थे, *स्वामी महताब काक, स्वामी विद्याधर* तथा *स्वामी गोविंद कौल जलाली* इत्यादि इन के प्रधान भक्तजन थे, स्वामी जी *शैव दर्शन* के कर्मठ गुरू थे इन का *श्री रामशैव (त्रिक)* आश्रम आज भी फातेहकदल श्रीनगर तथा त्रिलोकपुरा गोल गुजराल जम्मू में चल रहा है

ज्योतिषाचार्य श्री केशव भट्टजी :- प्रातः स्मरणीय दिव्य महापुरुष ज्योतिषी केशवभट्ट जी का जन्म विक्रमी 1830 में हुआ था वे वेदमाता महागायत्री के उपासक थे, वे संस्कृत, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, धर्म शास्त्र के प्रकाण्ड पण्डित थे, उन्होंने काश्मीरी पण्डितों की परंपरा को बचाने लिये कर्मकाण्ड सम्बन्धित सभी पुस्तक प्रकाशित किये यदि इस समय भी काश्मीरी पण्डितो के पास कर्म काण्ड सम्बन्धित कोई पुस्तक उपलब्ध है तो वह ज्योतिषी केशव भट्ट के परिश्रम का ही फल है पूरा काश्मीरी पण्डित समाज उनका ऋणी है।

श्री काक जी :- इस पुण्यात्मा का जन्म पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 1744 ईर्स्वी को गांव हांगलगुण्ड में हुआ था जो अनन्तनाग से 20 किलोमीटर दूरी पर है वे बाल्यावस्था से ही समाधी निष्ठ हो जाते थे उन का बाल्यकाल गांव अच्छन पुलवामा में गुजरा है क्योंकि उस को अपनी मासी ने दत्तक लिया था बाल्यकाल में उन पर देवस्थान

जगन्नाथ की कृपा दृष्टि रही वह पूरा समय उसी देवस्थान पर बिताते थे, मासी के देहावसान के पश्चात वह फिर ने हांगलगुण्ड आये तथा दरियां के किनारे वैठ कर समाधि लगाते थे आज कल उसी स्थान पर उनकी समाधी भी बनी हुई है उन्हों ने बहुत प्रकार के वाक कहे हैं जो बहुत ही लोक प्रिय है, स्वामी जी का निर्वाण दिवस **ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया** को नगरोटा में मनाया जाता है जहां पर उन की समाधि भी बनाई गई है।

स्वामी कृष्ण जू राज़दान:- स्वामी जी का जन्म भाद्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी तदनुसार 19 अगस्त 1850 ईस्वीं को वनपुह गांव में हुआ, वनपुह जम्मू काश्मीर राजमार्ग पर स्थित है, स्वामी जी भगवान् शंकर के अनन्य भक्त ही नही अपि तु वह एक कवि भी थे वह अपनी कवितओं द्वारा भगवान् शिव की आराधना करते थे, उन का वनाया हुआ **'शिव लग्न'** एक काव्य संग्रह बहुत ही लोक प्रिय है उन के गुरू श्री मुकुन्द राम शास्त्री एक प्रकाण्ड पण्डित थे, स्वामी जी मार्ग शुक्ल पक्ष अष्टमी तदनुसार 13 दिसम्बर 1926 ईस्वी को ब्रह्मलीन हुये।

(शेष अगले वर्ष के पंचांग में)

मानसिक शान्ति देने वाला मन्त्र

ॐ नमः शम्भवाय च मयो भवाय च
नमः शंकराय च मयस्कराय च
नमः शिवाय च शिवतराय च।

जगद्धर भट्ट के विलाप

(भगवान् शंकर के सामने)

गत वर्ष के पंचांग में मैंने तीन श्लोकों का हिन्दी रूपान्तरण प्रस्तुत किया था इस वर्ष और तीन श्लोकों का रूपान्तरण प्रस्तुत कर रहा हूँ, जिन श्लोकों की व्याख्या पं॰ प्रेमनाथ शास्त्री जी ने काश्मीरी भाषा में कैसट् के रूप में की है जो कि बाजार में उपलब्ध है।

श्री जगद्धर भट्ट भगवान् शंकर के सामने विलाप करते हुये अपनी वाणी को दिलासा देते हुये कहता है।

एषा निसर्गकुटिला यदि चन्द्रलेखा, स्वर्गापगा च यदि नित्य तरङ्गितेयम्।
देवी दयार्द्रहृदया तु नगेन्द्र कन्या, धन्या करिष्यति न ते निबडामऽवज्ञा।।

इस श्लोक में जगद्धर भट्ट अपनी वाणी माता को समझाता है कि आप भगवान् शंकर की स्तुति करने में किसी प्रकार की ढील न बरतें, मैं जानता हूँ कि आप की सिफारिश करने वाले तीनों स्त्रियां ही हैं परन्तु सब स्त्रियों का स्वभाव एक जैसा नहीं होता है जिस के विषय में लल्लेश्वरी ने कहा है **“क्यंह छयह अदल तू बदल”** भगवान् शंकर के साथ रहने वाली तीनों स्त्रियां अलग-अलग स्वभाव की हैं, पहले आप चन्द्रमकला को देखें इस का नाम अपने गुणों के अनुसार ही है **‘कुटिला’**

अर्थात् टेडी अर्थात् अन्दर से कुछ बाहर से कुछ, मनुष्य का प्रधान गुण **"आर्जव"** माना जाता है अर्थात् अन्दर बाहर एक जैसा अर्थात् **'खुली किताब'** परन्तु यह चन्द्रकला उस के उलट है इस कारण उस पर कोई विश्वास नहीं है, दूसरी गंगा माता है, यह बहुत चंचल है यह एक सैकण्ड भी टिक नहीं सकती है, और इस में क्षण-क्षण, अलग-अलग प्रकार की लहरें उठती रहती हैं इस पर भी कोई विश्वास नहीं है यदि अब आशा की कुछ किरण है वह है पार्वती पर विश्वास, क्योंकि वह हिमालय की बेटी है, हिमालय का अर्थ है बर्फ पर घर जैसे बर्फ थोड़ी-सी गर्मी लगने से ही पिगल जाता है इसी प्रकार पार्वती का मन भी किसी का दुःख देखने से पिगल जाता है, हिमालय की लड़की होने के कारण पार्वती बहुत शीतल है क्योंकि माता-पिता का कोई गुण या अवगुण बच्चे में भी होता है, मुझे पूरा विश्वास है कि पार्वती माता मेरी वाणी की सिफारिश करेगी जिसके कारण जगद्धर भट्ट की वाणी से की हुई स्तुति भगवान् शंकर अवश्य स्वीकार करेगा, इस कारण हे वाणी देवी! आप लगातार स्तुति करते जाये।

पापः खलोहमिति नार्हसि मां विहातुं, किं रक्षया कृतमतेर्-अकतोभयस्य।
यस्मादसाधुर्-अधमोहमऽ पुण्य कर्मा, तस्मात् तवास्मि सुतराम्-अनुकम्पनीयः।।

जगद्धर भट्ट शंकर से कहता हैः- हे शंकर! मैं पापी हूँ, मैं दुष्ट हूँ मैं दीन हूँ, संसार सागर में डूबा हुआ हूँ इस प्रकार का पापी समझकर आप मेरा तिरस्कार करते है परन्तु आप ने उस रावण का

उद्धार किया जो बहुत पापी था, जो ब्रह्म घाती, परस्त्री परायण था जो देवताओं को पीड़ा देने वाला था परन्तु मैं जगद्धर भट्ट जिस को आप की अर्थात् श्रद्धा है मैं केवल आप की स्तुति ही नहीं करता हूँ अपितृ स्तुति करते-करते मैं ज़ार ज़ार रोता भी हूँ यदि आप मुझ जैसे पापी का अनुग्रह नहीं करेगे तो क्या उस पुण्यात्मा अथवा मुक्तात्मा समाधि निष्ठ योगी का जिस को आप के अनुग्रह की आवश्यकता ही नहीं है, आप की आवश्यकता मुझ जैसे पापी को ही है। हे शंकर! आप को मुझ जैसा पापी पात्र कहां मिलेगा जिस का आप अनुग्रह करोगे, मैं आप के अनुग्रह का पात्र हूँ ऐसा समय हाथ से मत जाने दो, मेरा उद्धार करो।

स्वैरव यद्यपि गतोहमधः कुकृत्यैः, तत्रापि नाथ! न तवास्म्य-वलेपमात्रम्।
दृप्तः पशुः पतति यः स्वयमन्ध कूपे, नोपेक्षते तमपि कारुणिको हि लोकः।।

हे शंकर! यदि आप मुझ से कहेंगे कि आप ने पूर्व जन्म में इसी प्रकार के कुकर्म किये हैं तो उन कुकर्मों का फल भोगो अब मेरे सामने विलाप करने अथवा जोर-जोर रोने अथवा चिल्लाने से क्या होगा? क्योंकि **"अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्"** अर्थात् मनुष्य जिस प्रकार के शुभाशुभ कर्म करता है उस प्रकार शुभाशुभ फल भी वह अवश्य प्राप्त करता है। परन्तु मैंने पुराणों में पढ़ा है कि आप ने तारकासुर जैसे क्रूर पापी राक्षस का उद्धार किया है क्या मैं उस राक्षस से भी गया गुजरा हूँ, आप जैसे महान देवता के दरबार में इस प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिये,

आप के विषय में वेद कहते हैं:- "**तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्**" आप को वेदों ने सर्वश्रेष्ठ देवता माना है क्या मैं आप के दरबार से खाली हाथ जाऊं? यदि कोई दीन या हीन मनुष्य किसी साधारण मनुष्य के शरण जाता है वह भी उस का उद्धार अवश्य करता है। यदि कोई विचार रहित पशु अचानक किसी कुँए में गिर जाता है तो दयालु मनुष्य अपनी जान की बाजी लगा कर उस पशु को कुँए से बाहर निकालता है, हे शंकर! आप मुझे विचारहीन नर पशु मानिये, उद्धार अथवा अनुग्रह करना आप का स्वाभाविक गुण है, हो सकता है मुझे स्तुति करनी आती नहीं है। एक शंकर भक्त ने कहा है कि स्तुति करने से शंकर को खुश करना एक सस्ता ढंग है परन्तु आंसुओं से भगवान् शंकर को रिझाना महत्वपूर्ण तथा अमूल्य ढंग है, हे शंकर! क्या आप देखते नहीं कि मैं स्तुति करते-करते जोर जोर से रोता हूँ परन्तु ऐसा करने पर भी आप मुझ पर अनुग्रह नहीं करते हैं मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि अन्तर्यामी होने के कारण आप मेरे खास तीन अवगुणों को जानते हुये आप मुझे ठुकराते हैं। वे तीन अवगुण कौन से है पढ़िये अगले वर्ष के पंचांग में।

लल्ल-वाख (लल्ल-वाक्य)

गत वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मैं तीन लल्ल वाक्यों का हिन्दी रूपान्तरण प्रस्तुत कर रहा हूँ, जिन की व्याख्या पं० प्रेम नाथ शास्त्री ने काश्मीरी भाषा में की है जो विजयेश्वर कैसटों के माध्यम से

बाजार में उपलब्ध हैं।

*द्रब्याय यलि छावनस द्रब्य कनि प्यठूय, सज़ तूह साबन मछूनम यचूय।
सूच्य यलि फिरनसू हनि-हनि कचूय, अदूह लल्य म्यह प्रवूम परमूह गथ।।*

संस्कृत पद्यानुवादः- पूर्वं फेनिल मेलनेन रजको मां प्रस्तरेऽपोथयत्
पश्चात् सौचिक कर्तरी कृतसिता गात्रेष्वहं समभवम्
एवं साधन शोधिता तनुरभूत् योग्या प्रियस्यार्पणे
धन्याहं निजजीवने दुर्लभां प्राप्ता तु परमां गतिम्।।

अर्थ व्याख्याः- कपड़ा बनने के पश्चात् इस कपड़े को धोने के लिये धोबी के पास भेजा जाता है, धोबी धोने से पहले कपड़े को सोडा तथा साबुन से ज़ोर-ज़ोर से रगड़ता है, इस दुःख रूपी रगड़ को भी कपड़ा सहन करता है यह कपास के फूल की **पांचवी भूमिका** है। जब धोबी फटाक-फटाक कर इस कपड़े को बार-बार पत्थर पर मारता है परन्तु कपड़े ने हिम्मत नहीं हारी आगे बढ़ता गया, फिर इस कपड़े पर धोबी ने गर्म अस्त्री आदि भी फेरी परन्तु कपड़े ने धोबी से दिये गये कष्टों को सहन किया। अब कपड़ा बिल्कुल साफ-सुथरे रूप में तैयार है यह है कपड़े की **छटी भूमिका**। अब इस कपड़े को दर्ज़ी कांट छांट करके सूई से छलनी करके सिलाई करता है और यह पहनने के लिये अमूल्य कपड़ा बन जाता है यह है कपड़े की **सातवीं भूमिका**।

क्वश पोश तेलदीप ज़ल ना गच्छे, सद्भाव ग्वरूह कथ युस मनि ह्यये।
शम्भुहस स्वरि नित्य पनन्ये यच्छे, सय दपिजि सहजूह अक्रिय मा ज्यदे।।

अर्थः- जो साधक श्रद्धा से गुरु मन्त्र को मन में रखेगा तथा नित्य अनन्य भक्ति से परमशिव की अराधना करता होगा इस प्रकार का साधक सहज अवस्था को प्राप्त करता है यह अवस्था प्राप्त करने पर साधक (भक्त) को और कुछ करने को कहता नही है, तथा आवागमन के बन्धन से छुटकारा प्राप्त करता है इस के अतिरिक्त भगवान् शिव को दर्भ, तिल, दीप इत्यादि अर्पण की भी आवश्यकता नहीं है इस की पुष्टि अध्यात्म रामायण का निम्नलिखित श्लोक भी करता है:-

यावत् शरीरादिषु माययात्मधीः, तावत् विधेयो विधिवाद कर्मणाम्।
नेतेति वाक्यैरखिलं निषध्य तत्, ज्ञात्वा परात्मानमथ त्येजेत क्रिया।।

अर्थः- जब तक साधक (भक्त) सहज आनन्द अवस्था को प्राप्त नहीं करेगा तब तक शास्त्र विधि अनुसार यज्ञ-अनुष्ठादि करना चाहिये फिर अनुष्ठादि के बन्धन में फंसे रहना नहीं चाहिये जैसे एक छोटा पौधा लगाने पर हम उस की रक्षा के लिये उसके चारों ओर लकड़ी का एक जंगला जैसा रखते है परन्तु जब यह छोटा पौधा एक बड़े वृक्ष का रूप लेता है उस समय वह जंगल उसके लिये रूकावट का कारण बनता है लल्लीश्वरी इस वाक्य में यही कहती है कि जब साधक सहज अवस्था प्राप्त करता है फिर उस को यज्ञ-अनुष्ठानादि की कोई आवश्यकता नहीं होता है परन्तु इस अवस्था

को प्राप्त करने के लिये शास्त्र विधि अनुसार अनुष्ठानादि का करना जरूरी है लल्लीश्वरी ने कई वाक्यों में '**सहज**' शब्द का प्रयोग किया है यह शब्द शैव दर्शन के साथ सम्बन्धित है "**सहज़**" का अर्थ है "**ज्ञातस्य ज्ञानम्**" अर्थात् जाने हुये का जानना, जीवात्मा खुद ही शिव है, वह पहचान होनी ही सहज पहचान है। जीवात्मा परमात्मा का अंश है, शैव शास्त्र के अनुसार जीवात्मा शकित का केन्द्र होने पर भी पांच प्रमुख शक्तियों से युक्त है वह शक़्तियां हैं, **चित्त, आनन्द, इच्छा, ज्ञान, क्रिया** परन्तु शक्ति का केन्द्र होने पर भी यह जीव अपने आप को हीन दीन, मानता है जिन आवरणों के कारण मनुष्य की यह दशा होती है वेदान्त के अनुसार वे तीन हैं **मल, विक्षेप, आवरण** और शैव दर्शन के अनुसार उन को **आणवमल, मायीय मल, कार्म मल** कहते हैं। जिस आवरण से जीवात्मा शक्तिशाली होने पर भी अपने आप को दीन हीन मानता है उस को "**आणव मल**" कहते हैं। जब तीवात्मा अपने आप को दूसरे प्राणियों अथवा वस्तुओं से भिन्न मानता है तथा जिस अविद्या या माया से जीव में यह भेदभाव उत्पन्न होता है उस को '**मायीय मल**' कहते हैं। पुण्य पाप रूप कर्म वासना जो मनुष्य के आवागवन का कारण बनता है, वह वासना जिसे उत्पन्न होती है उस को "**कार्म मल**" कहते हैं।

गगन चूय भूतल चूय, चूय द्यन पवन तूह राथ।
अर्घ चन्दन पोश पोन्य चूय, चूय छुक सोरुय लाग्य ज़ि क्याह।।

आकाशो भूर्वायुरापोनिलश्च, रात्रिश्चाह श्वेति सर्व त्वमेव।
तत्कीयत्वात पुण्पमर्धादि चत्वं, त्वतपूजार्थं नैव किचिल्लभेहम्।

अर्थः- हे शंकर! आप ही आकाश हैं आप ही पृथ्वी हैं आप ही जल, अग्नि हैं आप ही रात और दिन हैं आप ही अर्घ, चन्दन, फूल, जलादि सामग्री है जब आप ही सब कुछ हैं तो आप को आप का वस्तु क्या भेंट करूँ।

पंचस्तवी कार भी इस लल्ल वाक्य की पुष्टि इस श्लोक से करता हैंः-

त्वं चन्द्रिका शशिनि तिग्मरुचौ रुचिस्त्वं, त्वं चेतनासि पुरुषे पवने बलं त्वम्।
त्वं स्वादुतासि सलिले शिखिनि त्वमुष्मा, निःसारमेव निखिलं त्वत् ऋते यदि स्यात्।।

अर्थः- हे माता! आप चन्द्रमा में चान्दनी के रूप में है, आप सूर्य में प्रकाश के रूप में हैं आप प्राणियों में चेतना के रूप में हैं आप वायु में बल के रूप में है, आप जल में मिठास के रूप में हैं, आप अग्नि में गर्मी के रूप में हैं, आप के बिना सारा विश्व सार रहित है लल्लीश्वरी कहती है यदि शिव हर जगह हर वस्तु में व्याप्त है तो फिर कौन सी वस्तु शिव को भेंट करूँ।

ईशावास्योपनिषद् इस की पुष्टि करते हुये कहता हैः-

"ईशावास्यमिदं सर्व यत् किं च जगत्यां जगत्"

अर्थः- जो कुछ भी जड़ चेतन रूप दिखाई देता है वह सब सर्वशक्तिमान परमात्मा ने घेरा है जिधर देखता हूँ उधर तू ही तू हैं।

(शेष अगले वर्ष के पंचांग में)

स्वामी परमानन्द

(जमींदारी की लीला वेदान्त के ढांचे में)

पिछले वर्ष भी मैं ने स्वामी परमानन्द की लीला का हिन्दी रूपान्तरण दिया था जिसकी व्याख्या पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री ने काश्मीरी भाषा में कैसट के माध्यम से की है जो, कि बाजार में उपलब्ध है इस वर्ष भी दो श्लोकों का हिन्दी रूपान्तरण प्रस्तुत कर रहा हूँः-

लोल के आल फाल तुलनविथ, वैरूचि यट्फुरि-दत फुटरविथ।
वहरुक स्नेह युथ न रोज्यस तल, सन्तोष व्यालि भुवि आनन्द फल।।

अर्थः- किसान प्रेमपूर्वक अपने हल से जमीन जोतता है फिर मिट्टी के वड़े टोडो का 'यटफुरि' से तोड़ता है, फिर कुछ दिनों के लिये धूप के लिये छोड़ता है जिस के कारण वर्ष भर का गीलापन दूर हो जाता है, यदि इसी प्रकार किसान प्रेमपूर्वक जमीन को खेती के लिये तैयार करेगा फिर उस को सन्तोषजनक धान्य की पैदावार होगी और वह सन्तोष रूपी बीज का आनन्द फल प्राप्त करे। यही पद्य वेदान्त के ढांचे मेंः- इस पद्य में "**लोल के आल फाल**" भक्ति का इशारा है। नारद सूत्र में "**ईश्वरानुरक्ति भक्तिः**" अर्थात् ईश्वर को प्रेम करना भक्ति कहलाती है भक्ति में मैं (अहम) को मिटाना पडता है वहां केवल भगवान् ही रहता है, साधक या भक्त को यही विश्वास

रहता है कि जो कुछ भी मैं करता हूँ मुझे भगवान् ही करवाता है, यही विश्वास भक्ति कहलाता है इसी भक्ति रूपी हल से काम, क्रोध, मोह, लोभ व द्वेष अभिमानादि शत्रु रूपी टोडों का नाश करके सन्तोष रूपी बीज का आनन्द अनुभव करता है।

विचार बठ्य त बेर लदिथ क्यथ, श्रुच यन द्यन शुचरविथ वथ।
समदृष्टि पातजन अद फेरि जल, सन्तोष ब्यालि बुवि आनन्द फल।।

अर्थः- हे किसान! खेती में अच्छी प्रकार से पानी चलने के लिये आप को विशेष रूप से तीन चीजों का ध्यान रखना है पहला है खेत के किनारे की अच्छी प्रकार से देखभाल करनी, कहीं ऊपर से पानी निकल न जाये। 2. वह नाली जिस से खेती में पानी जाता हो उस को साफ-सुथरा रखना, ताकि पानी चलने में किसी प्रकार की रूकावट ना हो। 3. पातज अर्थात् जिस स्थान से एक खेत से दूसरे खेत को पानी जाता हो उसको **'पोतज'** कहते है उस स्थान का भी ख्याल रखना कही वहां पानी अटक न जाये, जब किसान इन तीन चीजों का ध्यान अच्छी प्रकार से रखेगा तो सन्तोषजनक धान की पैदावार होगी और आप को आनन्द फल का अनुभव होगा।

यही पद्य वेदान्त के ढांचे में:- स्वामी परमानन्द कहते हैं जब पूरे ज़मीन में अलग-अलग खेत होने पर भी समान रूप से पानी की रफतार एक जैसी होगी अर्थात् पूरा विश्व अलग-अलग होने पर भी साधक को भगवत् रूप ही प्रतीत होता है जो कि साधना की अन्तिम भूमिका है राम गीता

भी इस की पुष्टि करती है।

यावत् न पश्येदखिलं मदात्मकं, तावन्मदाराधन तत्परो भवेत्।

अर्थः- हे लक्ष्मण। जब तक आप को पूरा विश्व राम रूप ही देखेगा नहीं मानिये तब तक आपकी साधना पूरी नहीं हुई है जब आप को यह अनुभव होगा कि इस भिन्न-भिन्न नाम रूपात्मक सृष्टि का आधार वही परम शिव है तो जानिये आप की साधना पूरी हुई है। दृष्टान्त के रूप में आप एक फरशी चादर लीजिये उस पर अलग-अलग प्रकार की तस्वीरें होती है परन्तु जिस पर वह तस्वीरें हैं वह खद्दर की एक ही चादर है इसी विषय में शैव के प्रकाण्ड पण्डित उत्पल देव कहता है।

"यद्यथास्थित पदार्थ दर्शनं, युण्मदर्चन महोत्सव च यः"

अर्थः- हे शंकर। आप की भक्ति का लक्ष्य है सब भिन्न-भिन्न पदार्थों में आप चित रूप शिव का अभिन्न दर्शन"। **"सम दृष्टि पातजन अद फेरि जलुक"** अर्थात् हर ओर से शिव ही शिव का होना। हे साधक फिर ही आप को आनन्द फल का अनुभव होगा।

(शेष अगले वर्ष के पंचांग में)

अपने बच्चों को कश्मीरी भाषा सिखाकर अपनी सभ्यता की रक्षा करे।

गायत्री मन्त्र का महत्व

गायत्री की महिमा सभी वेदों तथा पुराणशास्त्रों में सविस्तार दर्ज है- अथर्व-वेद में स्वयं वेदभगवान् का कहना है-"**स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्, आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्**" **अर्थः**-मेरे द्वारा स्तुति की गई द्विजों को पवित्र करने वाली वेदमाता गायत्री आयु प्राण सन्तति पशु कीर्ति धन बह्मतेज देने वाली है।

"गायत्री मन्त्र"

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर् वरेण्यं, भर्गो-देवस्य धीमहि, धियो यो-नः प्रचोदयात्

अर्थः- में उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ जो शक्ति **ॐ** ब्रह्मरूप हैं, **भूर्भुवः स्वः** जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, **तत्**-जिस को वेदों ने तत् नाम से पुकारा है **सविता**-जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है, नाश करती है, "**वरेण्यम्**" जो वरण करने के योग्य है, **भर्गः**- जो तेजो रूप है, **देवः** जो द्योतनशील है, अथवा ऐश्वर्यवाली है, ऐसी उस महान् शक्ति का **धीमहि**- चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति '**धियः**' मेरी बुद्धि को, **प्रचोदयात्**- सत् कर्मो में प्रेरित करे।

मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ, जो ब्रह्मरूप हैं, जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, जिस को वेद "तत्" नाम से पुकारते हैं, जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती, पालन तथा संहार करती है, जो वरण करने (अपनाने) के योग्य है, जो तेजोरूप है, जो ऐश्वर्य देने वाली है ऐसी ही उस महान् शक्ति का मैं चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति मेरी बुद्धि को सत्कर्मों में लगाये।

गायत्री मन्त्र का महत्व क्यों ?

शब्दनित्य है (शब्द ब्रह्म) वर्तमान विज्ञान भी यही मानता है, आज जो बातें हम करते हैं, अथवा हमारे मन की लहरें आकाश में अथवा सृष्टि के अन्तराल में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है, सृष्टि के आरम्भ से ही ऋषि मुनि साधक गायत्री मन्त्र के अनुष्ठान करते आये हैं, उन ऋषियों मुनियों साधकों की साधनायें भावनायें तपश्चर्यायें इस छोटे से गायत्री मन्त्र के पीछे तेजोपुंज के रूप में एकत्रित है, जो व्यक्ति इस गायत्री मन्त्र का उच्चारण अथवा जप करता है उस साधक की सफलता में वह तेजोपुंज अवश्य सहायक बनता है, साधक ज्यों ही इस मन्त्रराज का जप अथवा उच्चारण करने लगता है तो उसी क्षण में इस मंत्र के प्रभाव का अनुभव करने लगता है, यही है इस गायत्री मन्त्र के महत्व का रहस्य।

गायत्री जपविधिः-

शुद्ध आसन पर पद्मासन पर पूर्व की ओर मुख कर के पानी का एक लौटा और एक थाली तर्पण

के लिये रख कर नमस्कार करते हुये पढ़े (यदि नदी के तट पर करना हो तो थाली की आवश्यकता नहीं):-
प्रणवस्य ऋषि ब्रह्मा गायत्रं छन्द एवच, देवोग्नि-र्व्याहृतिषु च विनियोगः प्रकीर्तितः, प्रजापते-र्व्याहृतयः पूर्वस्य परमेष्ठिनः। व्यस्ताश्चैव समस्ताश्च ब्राह्मम्-अक्षरम्-ओम्-इति। व्याहृतीनां समस्तानां दैवतं तु प्रजापतिः, व्यस्तानाम्-अयम्-अग्निश्च वायुः सूर्यश्च-देवताः। छन्दश्च व्यहृतीनाम्-एकाक्षराणम्-उक्ताख्यम्-द्व्यक्षराणाम्-अत्युक्-ताख्यम्। विश्वामित्र-ऋषि-श्छन्दो, गायत्रं सविता तथा, देवतो-पनये जप्ये गायत्र्या योग उच्यते आवाहयामि गायत्रीं, सर्व-पाप-प्रणाशि-नीम्। न गायत्र्याः परं जप्यं, नव्याहृति-समं हुतम्, आगच्छ बरदे देवि, जप्ये मे सन्निधौ भव। गायन्तं त्रायसे यस्मात्-गायत्री त्वं ततः स्मृता, अग्नि-र्वायुश्च सूर्यश्च, बृहस्पत्याप-एव-च, इन्द्रश्च-विश्वे-देवाश्च देवताः सम्-उदाहृताः। एवम्-आर्ष-छन्दो दैवतं विनियोगं चानुस्मृत्य। गायत्र्या शिखाम्-अबद्ध्य गायत्र्यैव समन्ततः, आत्मन-श्चापः परिक्षिप्य, प्राणायामं कुर्यात्, ओजोसीति गायत्रीम्-आवह्य देवानाम्-आर्षम् (अपने आप को छिडकें अंजलि धारण करते हुये पढ़ें:-ओजोसि सहोसि बलम्-असि भ्राजोसि देवानां धाम नामासि, विश्वम्-असि-विश्वायुः, सर्वम्-असि-सर्वायुः, अभि-भूः-अंगन्यास-कीजिये-दोनों हाथों की ऊँगलियों से स्पर्श करते हुये पढ़ें: "अ" नाभौ (नाभिको) "उ" हृदि (हृदय को) "म" शिरसि (सिरको)।। ॐ"भूः"-अंगुष्ठाभ्यां नमः (दोनों अंगूठों को) "भुवः तर्जनीभ्यां नमः (अंगूठे के साथ वाली ऊँगलियों को), "स्वः" मध्यमाभ्यां नमः (बीचवाली ऊँगलियों को) "महः" अनामिकाभ्यां नमः, (सब से छोटी अंगुली की साथ वाली ऊँगलियों को "जनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः

(छोटी ऊँगलियों को "तपः सत्यं " करतल पृष्ठाभ्यां नमः (दोनो हाथ के तलवों को आपस में स्पर्श करें। "भू." पादयोः (पावों को) "भुवः" जान्वोः (गुठनों को) "स्वः" गुह्ये (गुह्यस्थान को) "महःनाभौ (नाभि को) "जनः" हृदि (हृदय को) "तपः" कण्ठे (गले को) "सत्यं" शिरसि (सिर को), ॐ "भूः" हृदयाय नमः "भुवः" शिरसि स्वाहा, "स्वः" शिखायै वौषट् (चोटी को) महःकवचाय हुँ, (वस्त्रों को) जनः नेत्राभ्यां वौषट् (नेत्रों को) "तपः सत्यम्-अस्त्राय फट्" चुटकी मारे।। "तत्-सवितुर्" अंगुष्ठाभ्यां नमः, "वरेण्यं" तर्जनीभ्यां नमः, "भर्गो-देवस्य मध्यमाभ्यां नमः, "धीमहि" अनामिकाभ्यां नमः, "धियो योनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः, "प्रचोदयात्" करतल करपृष्ठाभ्यां नमः तत् "पादयोः सवितुर्" जान्वोः (गुठनों को) "वरेण्यं" कट्यां कमर को, भर्गो नाभौ "देवस्य" हृदये "धीमहि" कण्ठे "धियोः,"नासिकायां "यो" चक्षुषोः (नेत्रों को) "नः ललाटे (माथे को) "प्रचोदयात्" शिरसि,।। "तत् सवितुर्" हृदयाय नमः "वरेण्यं " शिर-से स्वाहा, "भर्गो देवः" शिखायै.वौषट् 'धीमहि' कवचाय हुँ (वस्त्रों को "धियो योनः "नेत्राभ्यां वौषट् 'प्रचोदयात् अस्त्रायाय फट् (चुटकी मारिये) "आपः" स्तनयोः (स्तनों को) "ज्योतिः" नेत्रयोः, "रसो" मुखे "अमृतं" ललाटे "ब्रह्म-भूभुर्वः स्वरों" (शिसि) प्राणायाम करके तर्पण कीजियेः-

ॐ अस्य गायत्री शापविमोचन-मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि गायत्री च्छन्दः वरुणो देवता ब्रह्मशाप-विमोचने विनियोगः। (तर्पण करते रहिये)

शापविमोचन

ओ३म्-यत्-ब्रह्मेति ब्रह्मविदो विदुः-त्वां पश्यन्ति धीराः।
सुमनसो-वा गायत्री त्वं ब्रह्मशापात्-विमुक्ता भव ।। 1 ।।
ओ३म्-अर्क-ज्योतिर् अहं ब्रह्मा ब्रह्म ज्योतिर्-अहं शिवः
शिव-ज्योतिर्-अहं विष्णुः शिव-ज्योतिः शिवः परम्।। 2 ।।
गायत्री त्वं वशिष्ठ शापात्-विमुक्ता भव।
ॐ अहो देवि महादेवि दिव्ये सन्ध्ये सरस्वति।
अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोनि नमोस्तुते।
गायत्रि त्वं विश्वामित्र-शपात्-विमुक्ता भव।। 3 ।।

गायत्री का ध्यान करते हुये पढ़ेः-

मुक्ता-विद्रुम-हेम-नील-धवल, छायै-र्मुखैः-त्रीक्षणैः

युक्ताम्-इन्दु-निबद्ध-रत्न-मुकटां, तत्त्वात्म-वर्णात्मिकाम्
गायत्रीं वरदा-भया-ड्.कुश-करां शूलं कपालं गुणं
शंखं चक्रम्-अथार-बिन्दु-युगलं हस्तै-र्वहन्तीं भजे।। 1 ।।
आगच्छ वरदे देवि त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनि।
गायत्रि छन्दसां-मात-र्ब्रह्म-योने नमोस्तुते।। 2।।

यह मन्त्र तीन बार पढ़ कर-गायत्री मन्त्र का जप करें

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्-वेरण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ

यदि माला से जप करना है तो जप समाप्त करके माला सिर पर रख कर प्राणायाम करके तर्पण करते हुये पढ़े:- **देवा-गातु-श्रोत्रिया: देवा गातुविदो, गातुं वित्वा-गातु-मित मनसस्-पत-इमं देवयज्ञं स्वाहा, वाचे स्वाहा वातेधाः** नमो धर्मनिधानाय नमः सुकृत-साक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः

जप करने का स्थान:- घर के उस कमरे में जप करें जहां आप की एकाग्रता में किसी प्रकार का विघ्न न पड़े, नदी के तट पर जप करना अधिक लाभदायक रहता है। जप की विधि आसन प्राणायाम आदि की जानकारी इसी जन्त्री के जपप्रकरण में देखिये।

क्या महिलाओं को गायत्री साधना जप अनुष्ठान आदि करने का अधिकार है ?

वेदों शास्त्रों पुराणों के स्वाध्याय से यह स्पष्ट होता है कि पुरुष हो या स्त्री दोनों गायत्री उपासना के अधिकारी हैं, प्राचीनकाल में गार्गी, मैत्रेयी देवयानी, लोपामुद्रा आदि महिलाओं ने गायत्री शक्ति की उपासना से ही आत्मा को समुन्नत बनाया था सावित्री ने एक वर्ष तक गायत्री की साधना की थी जिस साधना से ही वह अपने पति को यमराज से लौटा सकी। स्त्री और पुरुष दोनों ही गायत्री माता की सन्तान है, स्त्री सधवा हो या विधवा अपने जीवन को सफल बनाने के लिये गायत्री मन्त्र का जप किया करें।

धर्मशास्त्र

धार्मिक रीति रिवाज भी संस्कृति के ही अंग माने जाते हैं, पंरतु जब वे रीति रिवाज धर्मशास्त्र के आधार पर हूँ, कहीं कहीं धर्मशास्त्रों में मतभेद पाया जाता है, ऐसी दशा में देशाचार की भी प्रामाण्यता होती है- इन बातों को ध्यान में रखकर ही धर्मशास्त्र की चन्दबाते समय समय पर काम आने वाली निम्नलिखित हैं।

सगोत्रः- जिन का आपस में एक ही गोत्र हो सगोत्री कहलाते हैं- सगोत्रियों का आपस में विवाह

करना निषेध हैं, मातृपक्ष से पांच पीढी तक पितृपक्ष से सात पीढी तक विवाह नहीं कर सकते हैं।

दत्तकः- (मंगत लाना) अपने खानदान से दत्तक लाना धर्मशास्त्र के अनुसार उत्तम माना जाता है, दूसरे वंश का भी दत्तक लाया जा सकता है, साला (पत्नी का भाई) दत्तक लाना धर्मशास्त्र से निषेध है।

मुण्डनः- माता अथवा पिता के मरने पर मुण्डन करना पुत्र के लिये आवश्यक है, यदि बड़ा लड़का घर में न हो अथवा किसी कारण से क्रिया कर्म दाह संस्कार आदि न कर सके तो कोई भी पुत्र कर सकता है।

क्रिया कर्म का अधिकारी पुत्र, दाह संस्कार पर घर में न होने पर बारवें दिन तक जिस दिन भी घर पहुँचे उस दिन से ही व्रतधारी रह कर क्रिया कर्म कर सकता है, परन्तु क्रिया कर्म आरम्भ करने से पहले मुण्डन करना आवश्यक है।

अशौचः- दो प्रकार का होता है, जन्म का अशौच जिसे सूतक कहते हैं और दूसरा मरने का अशौच, जिस को मृतक कहते हैं, ब्राह्मणों को दस दिन, क्षत्रियों को 12 दिन और शूद्र को 30 दिन का अशौच होता है, बिना विवाह के कन्या का, पिता के घर में मृत्यु हो तो तीन दिन का अशौच होता है, विवाहित लड़की को 10 दिन के अन्दर जिस दिन भी माता पिता के मृत्यु का सन्देह मिले तो उस दिन से लड़की को तीन दिन का अशौच होता है।

दो अशौचः- एक साथ दो अशौच होने पर पहले अशौच के समाप्त होने पर ही दूसरे अशौच की

भी शुद्धि होती है, उदाहरण के रूप में, किसी के पिता की मृत्यु होती है उस के दसवें दिन से पहले किसी दिन (पैतृव्य) चाचा की मृत्यु हो ऐसी दशा में जिस दिन पहला अशौच समाप्त होता उसी दिन दूसरा अशौच भी समाप्त होता है, यदि जन्म के अशौच पर मरने का अशौच पड़े तो मरने का अशौच समाप्त होने पर यदि दसवें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो ही शुद्धि होती है, यदि दसवें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो मरने का अशौच समाप्त होने पर ही शुद्धि होती है, ऐसी स्थिति में दूसरा अशौच समाप्त होने पर दो दिन के लिये अधिक अशौच रहता है, यदि 11 वें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो अशौच समाप्त होने के बाद अधिक तीन दिन तक अशौच रहता है। सूतक का अशौच हो या मृतक का अशौच 11वां दिन करना आवश्यक है, 12वां दिन अशौच समाप्त होने के पश्चात् भी किया जाता है, षड्मासिक पर भी किया जा सकता है।

छलुनः- दसवें दिन तक छलुन आवश्यक है, यदि लड़की दसवें दिन तक छलुन का कार्य न करे तो उस को ग्यारवें बारबें दिन के क्रियाकर्म में सम्मिलित होने का अधिकार नहीं है, छलुन के लिये शुभवार होनी चाहिये, यह बात याद रखें हिन्दू संस्कृति के अनुसार सूर्योदय से सूर्योदय तक वार होती है 12 बजे रात से वार बदलती है ऐसा न मानिये, जिस समय छलुन करना हो उस समय शुभवार होनी चाहिये, शुभवार है सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, परन्तु बृहस्पतिवार शुभवार होने पर भी छलुन के लिये निषेध है, पंचक भी छलुन के लिये निषेध है।

अस्थि संचयः- फूल प्रवाहित करना, मृत्यु के पश्चात् दस दिन के अन्दर ही गंगा में प्रवाहित करें यदि ऐसा न हो सके तो एक वर्ष के अन्दर किसी भी दिन प्रवाहित करें।

यदि बच्चा मरा हुआ उत्पन्न हो अथवा उत्पन्न होते ही मरे उस बच्चे को लट्ठे में लपेट कर पृथ्वी को अर्पण करें, घर से गोद में उठाकर गड्ढा खोदने तथा पृथ्वी में अर्पण करने के समय तक लगातार **"ॐ नमः शिवाय"** मन्त्र का बार-बार उच्चारण करें, दाँत निकलने तक जिस बच्चे का मृत्यु हो जाये उसका दाह संस्कार न करें अपितु उस को भी पृथ्वी अर्पण करें, दान्त निकलने के पश्चात् जो बच्चा मरे उस का दाह संस्कार करें, यज्ञोपवीत संस्कार के बिना कोई भी लड़का किसी भी आयु का हो उस की मृत्यु होने पर दाह संस्कार के पश्चात् दसवाँ दिन अवश्य करें, 11वां और बारवां दिन न करें, उस बालक के निमित आने वाले किसी शुभ वार पर बालकों को भी पूरी भोजनादि से तृप्त करें, उस मृतक बालक को जिन वस्तुओं पाठ्य पुस्तकों की ओर प्रवृत्ति हो किसी निर्धन-विद्यार्थी को ऐसी वस्तुयें पुस्तकें वस्त्रादि दानरूप में दीज़िये, या कोई आर्थिक सहायता कीजिये ताकि उसकी पढ़ाई आगे चल सके। **श्रद्धया-देयम्-अश्रद्धया-देयम्"** देना ही शान्ति का मार्ग है।

श्राद्धः- श्राद्ध की जो तिथि हो, जन्त्री में उस मास की वह तिथि देखें, यदि उस तिथि के साथ "दिवा" "दि" का चिन्ह हो तो श्राद्ध एक दिन पहले होता है, यदि प्रविष्ठ "प्र" की निशानी हो तो श्राद्ध अपने ही दिन होगा, दिवा-प्रविष्ठ के आधार से जन्त्री में, श्राद्ध और मध्याह्न दर्ज है वहीं से देखिये। श्राद्ध के दिन अधिक भोजन न खायें, दिन को न सोये, ब्रह्मचर्य का पालन करें, दूसरे घर में खाना न खाइये, शराब अथवा किसी मादक द्रव्य का प्रयोग न कीजिये।

मासिक श्राद्ध (मासवार) :- मासवार की जो तिथि हो उस तिथि का मध्याह्न देखना आवश्यक है मध्याह्न श्राद्ध किस दिन का कब होगा विजेयश्वर जन्थरी में दर्ज है यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विधि अनुसार संकल्प करें। (श्राद्ध संकल्प विधि जन्थरी में दर्ज है) तथा अपने गुरुदेव को भोजन दक्षिण आदि से तृप्त करें।

षठ् मासिक श्राद्ध :- (षडमोस) मृतक के श्राद्ध की जो तिथि हो, मध्याह्न के आधार से उस तिथि का श्राद्ध कब होगा उस दिन एक दिन पहले षठ्–मासिक–श्राद्ध (षडमोस) करें और निश्चित मध्याह्न के दिन मासवार करें। जब किसी के षडमोस (षठ्–मासिक–श्राद्ध) में किसी प्रकार का विघ्न पडे तो षडमोस वार्षिक श्राद्ध (वहरवर) तक किसी भी निश्चित मासवार तिथि पर किया जा सकता है।

वार्षिक श्राद्ध :- (वहरवृर) देखते समय इस बात का ख्याल रखें यदि आप हर श्राद्ध में मध्याह्न देखते हैं तो वार्षिक श्राद्ध की तिथि में भी मध्याह्न देखिये यदि आप मध्याह्न देखते नहीं हैं तो निश्चित श्राद्ध की तिथि को 'दिवा' 'प्रतिष्ठ' के आधार से देखिये, मध्यान्ह के आधार से अथवा दिवा प्रविष्ठ के आधार से जिस दिन निश्चित तिथि का श्राद्ध आयेगा उस दिन से एक दिन पहले मासवार होगी। जब किसी के वार्षिक श्राद्ध (वहरवर) में किसी प्रकार का विघ्न आ पडे अर्थात् वह निश्चित तिथि पर वार्षिक श्राद्ध कर न सके तो वह वार्षिक श्राद्ध पितृपक्ष में निश्चित तिथि पर कर सकता है अथवा अगले वर्ष में जब वार्षिक श्राद्ध होगा तो उसी दिन वहरवर भी कर सकता है।

जब किसी अविवाहित लड़की की मृत्यु हो तो क्या करें?

अविवाहित लड़की के मृत्यु पर तीन दिन का आशौच होता है उस की आत्मा को शान्ति दिलाने के लिये इन तीन दिनों तक आपके घर में भगवत्–गीता अथवा राम गीता की गूंज रहनी चाहिये, तीसरे दिन इस के निमित गरीब बच्चों में पुस्तकें अथवा किसी अनाथालय में दान के रूप में कुछ दे सकते हैं, उस का दसवां इत्यादि नही होता है।

श्राद्ध करने न करने के सम्बन्ध में **:** विवाह यज्ञोपवीत आदि संस्कार के पश्चात् छः मास तक श्राद्ध न करें, परन्तु इस बात को भूलिये मत, वह धर्माशास्त्र की आज्ञा माता पिता के श्राद्ध पर लागू नहीं है, बल्कि माता पिता का श्राद्ध अवश्य करना चाहिये, यदि किसी पितर का श्राद्ध करना हो परन्तु तिथि मास का ज्ञान न हो तो ऐसी स्थिति में मार्गकृष्णपक्ष अमावसी के दिन श्राद्ध करें, यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विध्यनुसार संकल्प करें, किसी योग्य पात्र को भोजन दक्षिणा आदि से तृप्त करें और स्वयं व्रतधारी रहिये, एक समय शुद्ध भोजन खाइये, श्राद्ध के दिन मांस का प्रयोग न करें, भगवान् व्यास का कहना है *''देवयज्ञे पितृश्राद्धे तथा मांगल्य कर्मणे, तस्यैव नरके वासो यो कुर्यात् जीवघातनम्''* जो गृहस्थी पितृश्राद्ध विवाहादि मंगल कर्म में जन्मोत्सव आदि में मांस का प्रयोग करता है, वह नरक में जाता है।

ज्येष्ठ महीना :– यदि कन्या और वर दोनों ही ज्येष्ठ अर्थात् प्रथम गर्भ के हूँ तो उन का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिये परन्तु दोनों में से यदि केवल एक ही ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह कर सकते हैं, यदि ज्येष्ठ मास में विवाह करना जरूरी हो तो ज्येष्ठ महीना में जब तक सूर्य कृतिका

नक्षत्र में रहेगा कृतिका नक्षत्र में सूर्य कब तक रहेगा? (विजयेश्वर पंचांग में देखिये) तब तक विवाह करने में कोई दोष नहीं है। यज्ञोपवीत संस्कार के लिये ज्येष्ठ महीना तथा ज्येष्ठ लड़का होना निषेध नही है।

पंचक :- धनिष्ठा नक्षत्र के उत्तरार्ध से रेवती नक्षत्र के अन्त तक पांच नक्षत्र (धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती) पंचक कहलाता है। पंचक में कौन–कौन काम करना निषेध है? दाह संस्कार, छलुन, दक्षिण की ओर जाना, मिट्टी, तेल, मिट्टी के बरतन, लकड़ी काटनी अथवा घर लानी, छत ल्यण्टर इत्यादि डालना तथा विवाह संस्कार में मस मुचरून निषेध है, शेष सभी कामों के लिये पंचक शुभ माना जाता है।

देव गौण :- देवगौण के लिये कोई मुहूर्त, वार, तिथि इत्यादि देखने की कोई जरूरत नहीं हैं, विवाह तथा यज्ञोपवीत का देवगौण सात दिन पहले भी हो सकता है। देवगौण करके विवाह अथवा यज्ञोपवीत संस्कार के दिन तक यदि जन्म का अशौच पडे तो अशौच का दोष नहीं होता है, यदि यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार का दिन निश्चित किया हो और जन्म अशौच पडे तो यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार का दिन बदल लेना चाहिये यदि ऐसा न हो सके तो संस्कार के समय "कूष्माण्ड" की ऋचाओं से अग्नि में घी की आहुतियां डालने से शुद्धि होती है परन्तु मृतक के अशौच पर धर्मशास्त्र की यह आज्ञा लागू नही है अर्थात् मृतक अशौच पडने पर यज्ञोपवीत तथा विवाह संस्कार न करें।

त्र्यहः :- जब किसी तिथि का क्षय होता है अर्थात् जब तिथि गुम होती है उस दिन हम जन्थरी में त्र्यहः लिखते हैं जैसे विक्रमी 2056 में चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी भौमवार 23 मार्च को हम ने त्र्यहः

लिखा है उस दिन षष्ठी तिथि प्रातः 6 बजे 50 मिनट (षदि 6–50) तक ही है फिर सप्तमी तिथि आरम्भ हो कर रात के 4 बजे 42 मिनट पर समाप्त होती है जैसे (सप्र. प्र 4–42) अर्थात् वह दूसरे दिन प्रातः सूर्य उदय से पहले ही समाप्त होती है उसी कारण इस प्रकार की तिथि को हम गुम होना मानते है यदि इस गुम तिथि (त्र्यहः पर किसी का जन्म दिन होगा तो उसे अपना जन्म दिन षष्ठी को ही मनाना चाहिये क्योंकि सप्तमी तिथि गुम है इसी प्रकार कभी–कभी शुक्ल पक्ष अष्टमी भी गुम होती है तो वह व्रत भी सप्तमी को ही रखना चाहिये इसी प्रकार यदि किसी का श्राद्ध इत्यादि हो वह भी पहली तिथि पर ही करना चाहिये।

त्रिस्पृक् :- जिस दिन अधिक तिथि होती है हम उस दिन त्रिस्पृक् अथवा (दिन अधिक) जन्थरी में लिखते हैं अर्थात् उस दिन एक ही तिथि दो दिन रहती है जैसे 2056 में वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 2 अप्रैल तथा 3 अप्रैल को है यदि इस प्रकार की तिथि पर आप का जन्म दिन अथवा कोई देवव्रत (अष्टमी इत्यादि फाके) आये तो यह दूसरी तिथि पर (3 अप्रैल) पर मनाना चाहिये, यदि श्राद्ध अथवा कोई भी पितृ कार्य ऐसी तिथि पर आये तो वह पहली तिथि (2 अप्रैल) के दिन ही मनाना चाहिये।

* *

भगवान् कृष्ण कहते हैं

जो व्यक्ति श्रद्धा से गीता संवाद (गीता प्रवचन) सिर्फ सुनेगा ही, वह मुक्त होकर, पुण्यात्मा जहां पहुंचते हैं उन शुभलोकों को वह भी पावेगा। अध्याय 18 श्लोक 71

नोट : यदि आप को धर्मशास्त्र, कर्मकाण्ड, ज्योतिष अथवा विजयेश्वर पञ्चाङ्ग के विषय में कुछ पूछना हो तो आप विजयेश्वर पञ्चाङ्ग कार्यालय अजीत कालोनी, गोल गुजराल से सम्पर्क करें। दूरभाष : 555607

देहली वालों के लिये शुभ सूचना :-
यदि आप को धर्मशास्त्र, कर्मकाण्ड, ज्योतिष अथवा विजयेश्वर पञ्चाङ्ग के विषय में कुछ पूछना हो तो आप दूरभाष नं० : 5767456 पर सम्पर्क कर सकते हैं क्योंकि सम्पादक 15 नवम्बर से 30 मार्च तक देहली में होते हैं।

श्राद्ध संकल्प विधिः

पितृऋण चुकाने के निमित्त श्राद्ध अवश्य करें, यदि आप श्राद्ध करने में असमर्थ है तो संकल्प करें, ऐसी धर्मशास्त्र की आज्ञा है। श्राद्ध संकल्प के लिये पहले सामग्री एकत्रित करें, एक थाली में चावल थोड़ा सा नमक फल दक्षिणा आदि रखें, थोड़ा सा तिल धूप दीप फूल अर्ध पवित्र तिलक, केसर या चन्दन का तिलक जिस पितर का श्राद्ध हो उस का फोटो तिलक फूल की मालादि से सजा कर सामने रखें, यदि फोटो न हो तो भगवान् विष्णु का, अथवा भगवान् कृष्ण का फोटो रखें। पद्मासन में शुद्ध आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठिये, संकल्प करने से पहले श्रीमद्भगवद्गीता का कम से कम एक अध्याय का पाठ करें, यदि ऐसा न हो सके, तो जन्त्री के पाठ प्रकरण से अष्टादशश्लोकी गीता का पाठ अवश्य करें, उस के पश्चात् दीप धूप करें जैसा कि "कर्मकाण्डदीपक" में दर्ज है, दीपो नमः धूपो नमः तक पढ़कर पढ़ें:-

ॐ तत्-सत्-ब्रह्म, अद्य-तावत्-तिथौ-अद्य (मास पक्षवार का नाम लेकर) जैसे वैशाख-मासस्य कृष्णपक्षस्य, (अथवा) शुक्लपक्षस्य तृतीस्यां तिथौ-भौम-वासरा-न्वितायां-विष्णु-प्रीत्यर्थम्-दीप-धूप संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु-दीपो नमः धूपोनमः।

बांयाँ यज्ञोपवीत रख कर तिल सहित जल से तर्पण करते हुये पढ़े:- **नमः पितृभ्यः:- प्रेतेभ्यः, नमो धर्माय विष्णवे नमो यमाय रुद्राय कान्तार पतये नमः।**

ॐ तत् सत्-ब्रह्म-अद्य-तावत्-तिथौ-अद्य (मास-पक्ष तिथि वार का नाम लेकर) पित्रे.... प्रपिताम-हाय। मात्रे पिता-मह्यै प्रपितामह्यै। माता महाय, प्रमाता-महाय, वृद्ध प्रमाता-महाय, प्रमातामह्यै वृद्ध-प्रमातामह्यै समस्तमाता-पित्भ्यो द्वादश-दैवतेभ्यः पितृभ्यः नित्यकर्म निमितं दीपः स्वधः, धूपः स्वधः, जिस पितर का श्राद्ध हो उसी का नाम गोत्रसहित लेकर संकल्प का पानी जो आपने हाथ में लिया होगा चावल आदि पर छिड़कते हुये पढ़े-ॐ तत्-सत्-ब्रह्म-अद्य-तावत्-तिथौ अद्य मास-पक्ष-तिथि-वार का नाम लेकर पढ़े :- सांवत्सरिके श्राद्धे (यदि काम्बर पछ (पितृपक्ष) का श्राद्ध हो) कर्न्याकगत आपरि-पाके श्राद्धे परलोके वैकुण्ठ पदवीप्राप्त्यर्थं आत्मनः पुण्य वृद्ध्यर्थं इदं-अन्नं दक्षिणा सहितं-फल-मूलवस्त्रादि-सहितं संकल्पयामि संकल्पयमि संकल्पयामि (दायाँ यज्ञोपवीत) रखकर फिर से तर्पण करते हुये पढ़े:-

नमो-ब्रह्मणे-नमो-अस्तु-अग्नये-नमः पृथिव्यै-नमः औषधीभ्यः नमो वाचस्पतये-नमो-विष्णवे-बृहते कणोमि। इति-एतासाम्-एव-देवतानां-सारिष्टिं-सायुज्यं सलोकतां सामीप्यम्-आप्नोति य एवं विद्वान्-स्वाध्यायम्-अधीते ॐ शान्तिः शान्ति· शान्तिः

जन्म दिन पूजा

पूजा आरम्भ करने से पहले यज्ञोपवीत धारण करें और थाल में नारीवण को रखकर नमस्कार करते हुये पढ़े।

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशि-वर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्याये सर्व-विघ्नोपशान्तये।।
अभिप्रेतार्थ-सिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरैर्-अपि। सर्व-विघ्नच्छिदे तस्मै गणधिपतये नमः। 1 ।

हृदय औरं मुख को जल छिड़कते हुए पढें।

तीर्थे स्नेयं तीर्थ-मेव समानानां भवति। मा नः शंस्योर्-अरुरुषो धूर्तिः प्राणङ्.मर्त्यस्य रक्षा-णो बह्मणस्पते ।।

अनामिका उंगली में पवित्र धारण करके अपने आप को तिलक, अर्घ, फूल लगाते हुये पढें।

परमात्मने पुरुषोत्तमाय पंचभूतात्मकाय विश्वात्मने मंत्रनाथाय आत्मने नारायणाय आधारशक्त्यै समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः।।

रत्नीदीप धूप को तिलक, अर्घ, पुष्प अपर्ण करके सूर्य भगवान् को थाली में तिलक तथा अर्घ, पुष्प अर्पण करते हुये पढें:-

नमो धर्म-निधानाय नमः स्वकृतसाक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः।।

खोसू से थाली में रखे हुये नारीवण के ऊपर अर्घ सहित जल की धारा डालते हुये पढें:-

यत्रास्ति-माता न पिता न बन्धु-र्भ्रातापि नो यत्र सुहृत्-ज्जनश्च न ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रि-स्तत्रात्मदीपं शरणं प्रपद्ये। आत्मने नारायणाय-आधारशक्त्यै धूपदीपसङ्.-कल्पात् सिद्धिर्-अस्तु धूपो नमः दीपो नमः।।

जलसहित खोसू में थोड़ा सा तिलक और तीन पुष्प डालते हुये पढें:-

सं वः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः। संसृष्टास्तन्वः सन्तु वः संसृष्टः प्राणो अस्तु वः, संयावः प्रियास्तन्वः, सं प्रिया, हृदयानि वः। आत्मा वो अस्तु, सं प्रियः सं प्रियस्तन्वो मम।

इसी जल की धारा को नारीवण पर डालते हुये पढें-

अश्विनोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। मित्रा-वरुणयोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। बृहस्पतेः प्राणः सं ते प्राणं ददातु तेन जीव, जन्मोत्सव-देताभ्यो जीवादानं परिकल्पयामि नमः।

चावल सहित दो दर्भ सीधे हाथ में लेकर तीन बार गायत्री मन्त्र पढें:-

ॐ भूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्-वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि, धियो योनः प्रचोदयात् '3' जन्मोत्सव-देवतानां-अर्चाम्-अहं करिष्ये उों कुरुष्व।।

इसी मंत्र से हाथ में पकडें हुये दो दर्भ निमाल में डालकर फिर से दो दर्भ आसन के रूप में नारीवण

के सामने डालते हुये पढें:- सप्त-जन्मोत्सव देवतानां आसनं नमः। चावल सहित दो दर्भ हाथ में पकड कर केवल चावल को कन्धों से फैकते हुये पढें:- सप्त-जन्मोत्सवदेताभ्यः युष्मान्-पूजयामि। ॐ-पूजय।। दो दर्भ इसी तरह पकड़ते हुये पढें:- सहस्नशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। सभूमिं विश्वतो वृत्वा-त्यतिष्ठत्-दशांगुलम्। जन्मोत्सवदेवता आवाहयिष्यामि। ॐ-आवाहय।।

पहले पकडे हुए दो दर्भ निर्माल में ढालक कर तीन बार फूल नारीवण पर डालते हुए पढें:-

भगवन्! पुण्डरीकाक्ष! भक्तानु-ग्रहकारक-अस्मत् दयानु-रोधेन सन्निधानं कुरु प्रभो।।3।।

दोनों कन्धों के ऊपर चावल फैंक कर प्राणायाम करके खोसू में जल डालते हुये पढें:-

पाद्यार्थम्-उदकं नमः । शन्नो देवीरभिष्टय-आपो भवन्तु पीतये। शंयोर्-अभिस्नवन्तु नः।

लाय, केसर, सर्वौषधि, दर्भ, जल, सब चीजें खोसू में डालकर नारीवण पर जल छोडते हुए पढें।

अश्व-त्थामने, बलये, व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय, मार्कण्डेयाय, परशुरामाय, सप्तचिरजीवेभ्यः पाद्यं नमः।।

पाद्य का बचा हुआ पानी निर्माल में डालकर फिर से खोसू में पानी डालते हुये पढें:-

शन्नो देवीर्-अभीष्टये-आपो भवन्तु पीतये। शंयोर्-अभिस्रवन्तु नः।

जल, दर्भ, घी, चावल, जौ, सर्वोपधि, दूध ये आठ चीजें खोसू में डालकर नारीवण पर डालते हुये पढें:-

अश्वत्थामन्, बले, व्यास, हनुमन्, कृपाचार्य, मार्काण्डेय, परशुराम, सप्त-चिर, जीव इदं वो ऽर्घ्यं नमः । शुद्ध जल डालते हुये पढें:- प्रजापति-जन्मोत्सवदेवताभ्यः आचमनीयं नमः। दूध वगैरह जल डालते हुये पढें:-

तद्विष्णोः परम पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततं तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णो-र्यत्परमं पदम्। प्रजापति जन्मोत्सवदेवताभ्यः स्नानं नमः।।

किसी कटोरी में फूलों का आसन बनाते हुये पढें:-

आसनाय नमः गरुडासनाय नमः पद्मा-सनाय नमः शतदल-पद्मा-सनाय नमः, सहस्त्रदल-पद्मासनाय नमः। किमासनं ते गरुढासनाय, किं भूषणं कौस्तुभ-भूषणाय, लक्ष्मीकलत्राय, किम्-अस्ति, देयं-वागीश किं ते वचनीयम्-अस्ति।।

नारीवण को आसन पर बिठाते हुये पढें:- उत्तिष्ठ भगवन् विष्णो उत्तिष्ठ कमलापते! उत्तिष्ठ त्रिजगन्नाथ! त्रैलोकी मंगलं कुरु।।

नारीवण को सात तिलक लगाते हुये पढें:-

अश्वत्थाम्ने, बलये, व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय मार्काण्डेयाय परशुरामाय सप्तचिर-जीवेभ्यः समालभनं गन्धो नमः।

इन्हीं सात नामों का उच्चारण करते हुये नारीवण पर अर्घ और पुष्प चढाते हुये पढें:-

अश्वत्थाम्ने, बलये (इत्यादि) नाम्ना अर्घो नमः पुष्पं नमः।। धूप रत्नीदीप, कपूर उठकर घुमायें। यह मंत्र पढें:-

तेजसो शुक्रमसि ज्योतिर्ऽसि धामासि, प्रियं देवानामंऽनादृष्टं देवयजनं देवताभ्यस्त्वा देवताभ्यो गृहणामि, यज्ञेभ्यस्त्वा यज्ञिभ्यो, गृहणामि, जन्मोत्सवदेवताभ्यः धूपं रत्नदीपं कर्पूरं च परिकल्पयामि नमः।

नमस्कार करते हुये पढें:-

जय नारायण, जय पुरुषोत्तम, जय वामन कंसारे। उद्धर मामृऽसुरेश-विनाशन्, पति-तोऽहं संसारे। घोरं हर मम नरकरिपो, केशव कल्मषभारम्। माम्-अनुकम्पय दीनम्-अनाथं कुरु भवसागरपारम्। भगवते वासुदेवाय लक्ष्मीसहिताय नारायणाय। सप्त-जन्मोत्सव-देवताभ्यः चामरं छत्रं परिकल्पयामि नमः।

फूल चढाते हुये पढें:-

ध्येयं सदा परिभवघ्नमृऽभीष्टदोहं तीर्थास्पदं शिव-विरिंच-नुतं शरण्यम्। भृत्यार्तिहं प्रणतपाल भवाब्धिपोतं वन्दे महापुरुष ते चरणार-बिन्दम्।।

नमस्कार करते हुये पढ़ें:-

उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा च अष्टांग-नमस्कारं करोमि नमः।

कटोरी में थौड़ा दूध, शहद, या क्षीर रख कर अर्पण करते हुये पढें:-

वासुदेवाय लक्ष्मीसहिताय नारायणाय प्रजापति-जन्मोत्सवदेवताभ्यः मात्रामधुपर्क ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः।

दक्षिणा डालते हुये पढें:- जन्मोत्सव-देवताभ्यः दक्षिणायै तिल-हिरण्य रजत निष्कर्ण ददानि।

फिर से दक्षिणा अर्पण करते हुये पढें:-

एता देवताः सदक्षिणान्नेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु।।

फूल चढाते हुये पढें:-

उों तद्विष्णोः परम पदं सदापश्यन्ति-सूरयः दिवीव चक्षुर्-आततम्। तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत्परमं पदम्।

अब नैवेद्य तहर या क्षीर थाली में लाकर एक पात्र में अलग चट्टू और पांच म्यचियाँ रखें, नैवेद्य के साथ ही मिसरी भी रखें। नैवेद्य की थाली को दोनों हाथों से पकड़कर सारा प्रोप्युन पढ़े।

आज्ञा मांगते हुये पढें:-

आज्ञ मे दीयतां नाथ नैवेद्यस्यास्य भक्षणे। शरीरयात्रा सिद्ध्यर्थं भगवन् क्षन्तुम्-अर्हसि।।

पुष्प चढ़ाते हुये पढे:-

आपन्नोस्मि शरण्योसि सर्वावस्थासु सर्वदा। भगवंस्त्वां प्रपन्नोस्मि रक्ष मां शरणा-गतम्।

पवित्र निकालकर, हाथ में नारीवण वांधकर, चट्ठू कहीं बाहर रखकर, निर्माल नदी में डालकर नैवेद्य के साथ शकर दायें हथेली में रखकर मुहं में डालते हुये पढें:-

माकार्ईण्डेय नमस्तुभ्यं सप्तकल्पान्त जीवन, आयुर्-अरोग्यं सिद्ध्‌र्यथं प्रसीद भगवन्मुने। मार्कण्डेय महाभाग सप्तकल्पान्त-जीवन, चिरऽजीवी यथा त्वं तु मुनीनां प्रवरद्विज, कुरुष्व मुनिशार्दूल, तथा मां चिरजीविनम्।।

मानसिक शान्ति देने वाला मन्त्र

ॐ नमः शम्भवाय च मयो भवाय च
नमः शंकराय च मयस्कराय च
नमः शिवाय च शिवतराय च।

We offer our salutations to Thee — the Giver of Happiness. We offer our Salutations to Thee — the Auspiciousness. We offer our Salutations to Thee — the Bestower of Bliss and still greater Bliss

प्रेप्युन

एक थाली में नैवेद्य तथा दूसरी में चट्ट और पांच म्यचियां या टकड़े रख कर गणेश जी का ध्यान करके शुद्ध पानी अपने आप पर छिडकते हुये पढ़ें:-

तीर्थे स्नेयं तीर्थम्-एव, समानानां भवति, मानः शंसो अररुषो धूर्तिः प्राणड्-मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते।

अपने आप को तिलक लगाते हुये पढ़ें:-

परमात्मने पुरुषोत्तमाय पंच-भूतात्मकाय विश्वात्मने मन्त्र नाथाय, आत्मने नारायणाय-आधार-शक्त्यै-समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः, पुष्पं नमः।

दीप को तिलक लगाते हुये तथा पुण्प चढाते हुये पढ़ें:-

स्वप्रकाशो महादीपः सर्वत-स्तिमि-रापहः प्रसीद मम गोविन्द दीपोयं परिकल्पितः।

धूप को तिलक लगाते हुये पढे:-

वनस्पति रसो दिव्यो गन्धाढ्यो गन्धवत्-तमः आधारः सर्वदेवानां धूपोयं परिकल्पितः।

सूर्य भगवान् का ध्यान करके पात्र में तिलक पुष्प डालते हुये पढ़ें:-

नमो धर्म-निधानाय, नमः स्वकृत-साक्षिणे, नमः प्रत्यक्ष-देवाय भास्कराय नमो नमः।

कवली से थाल में जल डालते हुये पढ़ें:-

यत्रास्ति माता न पिता न बन्धुः- भ्रातापि नो यत्र सुहृत जनश्च, न ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रिः तत्रात्म-दीपं शरणं प्रपद्ये आत्मने नारायणाय-आधार-शक्तये, दीप-धूप-संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु, दीपो नमः धूपो नमः।

प्रेप्युन (नैवद्यमन्त्र)

(नैवेद्य को दोनों हाथों से पकड़ते हुये पढें)

अमृतेश-मुद्रया-अमृतीकृत्य अमृतम्-अस्तु अमृतायतां नैवेद्यम्। सावित्राणि सावित्रस्य देवस्यत्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनो-र्बाहुभ्यां-पूष्णो हस्ताभ्याम्-आददे।। महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे द्वार्देवताभ्यः प्रजापतये ब्रह्मणे कलश-देवताभ्यः ब्रह्मविष्णु महेश्वर-देवताभ्यः चतुर्वेदेश्वराय सानुचराय ऋतु-पतये नारायणाय दुर्गायै त्रयम्बकाय वरूणाय यज्ञपुरुषाय अग्नि-ष्वात्तादिभ्यः पितृ...गणदेवताभ्भ्यः। भगवते वासुदेवाय सङ्.-कर्षणाय प्रद्युम्नाय अनिरुद्धाय सत्याय-पुरुषाय अच्युताय माधवाय गोविन्दाय-सहस्त्रनाम्ने विष्णवे लक्ष्मीसिहताय नारायणाय भवायदेवाय-शर्वाय-देवाय-रुद्राय-देवाय पशुपतये देवाय उग्राय-देवाय भीमायदेवाय महा-देवाय ईशानाय-देवाय ईश्वराय-देवाय उमासहिताय शिवाय पार्वती सहिताय परमेश्राय विनायकाय एकदन्ताय कृष्णपिंगलाय गजाननाय

लम्बोदराय भालचन्द्राय हेरम्बाय आखुरथाय विघ्नेशाय विघ्नभक्षाय वल्लभा-सहिताय श्रीमहागणेशाय। क्लीं कां कुमाराय षण्मुखाय मयूरवाहनाय सेनाधिपतये कुमाराय। भगवते ह्राँ हीं सः सूर्याय सप्ताश्वाय अनश्वाय एकाश्वाय नीलाश्वाय प्रत्यक्षदेवाय परमार्थ-साराय तेजोरूपाय प्रभासहिताय आदित्याय। भगवत्यै अमायै कामायै चार्वङ्. ग्यै टंकधारिण्यै तारायै पार्वत्यै यक्षिण्यै श्री शारिका-भगवत्यै श्री शारदा-भगवत्यै श्री महाराज्ञीभगवत्यै श्री ज्वाला भगवत्यै व्रीडाभगवत्यै वैखरीभगवत्यै वितस्ताभगवत्यै गंगाभगवत्यै यमुनाभगवत्यै कालिकाभगवत्यै सिद्धलक्ष्म्यै महालक्ष्म्यै महात्रिपुरसुन्दर्यै सहस्रननाम्न्यै देव्यै भवान्यै अभयंकरीदेव्यै क्षेमंकरीभगवत्यै सर्वशत्रुघातिण्यै इहराष्ट्राधिपतये इन्द्राय वज्रहस्ताय अग्नये शक्तिहस्ताय यमाय दण्डहस्ताय नैर्ऋतये खड्ग-हस्ताय वरुणाय पाशहस्ताय वायवे ध्वजहस्ताय कुवेराय-गदा-हस्ताय विष्णवे-चक्रहस्ताय. अनन्तदिग्भ्योऽष्टाभ्यः कुलनागदेवताभ्यः अग्न्या-दित्याभ्यां वरुण-चन्द्रमोभ्यां कुमार-भौमाभ्यां विष्णु-बुधाभ्यां इन्द्रा-बृहस्पतिभ्यां सरस्वती-शुक्राभ्यां, प्रजापति-शनैश्चराभ्यां गणपति-राहुभ्यां, रुद्रकेतुभ्यां ब्रह्मध्रुवाभ्यां, अनन्ता-गस्त्याभ्यां ब्रह्मणे कूर्माय ध्रुवाय अनन्ताय हरये लक्ष्म्यै कमलायै शिरव्यादिभ्यः

पंच-चत्वारिंशत्-वास्तोष्पति-याग-देवताभ्यः ब्राह्मादिभ्यो मातृभ्यः गौर्यादिभ्यो मातृभ्यः ललितादिभ्यो मातृभ्यः दुर्गा-क्षेत्र-गणेश्वर-देवताभ्यः राकादेवताभ्यः त्रिका-देवताभ्यः सिनीवाली-देवताभ्यः यामी-देवताभ्यः रौद्री-देवताभ्यः वारुणी-देवताभ्यः बार्हस्पत्य-देवताभ्यः ॐ भूर्देवताभ्यः ॐ भुवोदेवताभ्यः ॐ स्वर्देवताभ्यः ॐ भूर्भुवः-स्वर्देवताभ्यः अखण्ड-ब्रह्माण्ड-यागदेवताभ्यः धूर्भ्यः उपधूर्भ्यः महागायत्र्यै सावित्र्यै-सरस्वत्यै हेरकादिभ्यो वदुकादिभ्यः, उत्पन्नम्-अमृतं दिव्यं प्राक्-क्षीरो-दधि-मन्थनात्-अन्नम्-अमृतरूपेण नैवेद्यं प्रति-गृह्यताम्

(ईष्टदेवता का ध्यान करते हुये पढेः- उों तत्सत् - ब्रह्म - अद्य तावत् तिथौ अद्य -मासस्य-पक्षस्य-तिथौ- आत्मनो वाङ्.मनः कार्योपार्जित-पापनि-वारणार्थम, उों नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः। "चुटू" को स्पर्श करते हुये पढ़ेः- या काचित् - योगिनी- रौद्रा - सोम्या घोरतरा परा। खेचरी भूचरी रामा तुष्टा भवन्तु मे सदा। चुटू को अंगूठे से तिलक लगाकर अर्घफूल डालते हुये पढेः- आकाशमातृभ्योऽन्नं नमः, आकाशमातृभ्यः समालभनं गन्धो नमः, अर्घो नमः पुष्पं नमः। प्रेप्युन की थाली चुटू के साथ सात (7) म्यचियां अथवा सात छोटे प्रसाद के भाग रखे हुये होते हैं- पहली म्यची को स्पर्श करते हुये पढ़े- भगवते वासुदेवाय

अन्नं क्षीरं मोदकादीन् समर्पयामि नमः। (2) दूसरी को स्पर्श करते हुये पढ़े:- **भगवते भवाय देवाय अन्नं समर्पयामि नमः (3) भगवते विनायकाय अन्नंसमर्पयामि नमः (4) ह्राँ ह्रीं सूर्याय अन्नं समर्पयामि नमः (5) इष्टदेवी भगवत्यै अन्नं मोदकान्-मिष्ठानं-क्षीरं समर्पयामि नमः।**

अंतिम दो भागों या दो म्यचियों पर अर्घ पानी डालते हुये पढें- **यस्मिन्-निवसति क्षेत्रे क्षेत्रपालाः सकिंकराः। तस्मै नि-वेदयाम्यद्य बलिं पानीय संयुतम्, क्षां-क्षेत्राधिपतये अन्नं नमः रां राष्ट्राधिपतये अन्नं नमः-सर्वाभय-वरप्रदो मयि पुष्टिं पुष्टिपति-र्दधातु।** दोनों हाथ में फूल लेते हुये प्रणाम करते हुये पढ़ें- **आपन्नोस्मि शरण्योसि सर्वावस्थासु सर्वदा। भगवन्-त्वां-प्रपन्नोस्मि रक्ष मां शरणागतम्। उभाम्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा व्रचसा चोरसा मनसा च नमस्कारं करोमि नमः।**

